फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 26 फरवरी 2024
वर्ष -34, अंक -32, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक 16
करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज 15

## हादसा टला : बिना ड्राइवर के 78 किमी. तक दौड़ी मालगाड़ी

होशियारपुर, एजेंसी



- कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान चल पड़ी मालगाड़ी
- पंजाब में ऊंची बस्सी के पास बोरियां लगाकर रोकी गई

पंजाब में जम्मू-जालंधर रेल खंड पर ऊंची बस्सी (मुकेरिया) के पास बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही एक मालगाड़ी के रुक जाने से रविवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही क्रशर से भरी मालगाड़ी को आज ऊंची बस्सी के पास रोक दिया गया।

मानवरहित ट्रेन ने बिना पायलट के 78 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की थी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान मालगाड़ी ढलान वाली पटरी पर लुढ़कने लगी। पंजाब के ऊंची बस्सी के पास रेत की बोरियों की मदद से ट्रेन को सफलतापूर्वक रोका गया। घटना की गहन जांच अभी चल रही है और जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस में नहीं थी इच्छाशक्ति, हमने बदल दी देश की तस्वीर

द्वारका (गुजरात), एजेंसी



- देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- स्कूबा डाइविंग कर समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के दर्शन व पूजा-अर्चना भी की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग की और पानी में डूबी भगवान कृष्ण की प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करने के साथ ही वहां पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने जनसभा में कहा कि मैंने गहरे समंदर के भीतर जाकर प्राचीन द्वारका जी के दर्शन किए जो मेरे लिए एक दिव्य अनुभव था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि पिछली सरकार में जमकर घोटाले हुए। कहा कि आपने 2014 में मुझे दिल्ली की गद्दी पर बैठाया, जिसके बाद से देश विकास के पथ पर चल पड़ा। पहले की सरकार में इच्छाशक्ति नहीं थी, आज चारों दिशाओं में निर्माण कार्य चल रहा है।

मोदी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की कर्मभूमि द्वारका धाम को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने वो दिन भी देखे हैं, जब सौराष्ट्र के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करते थे। जब मैं कहता था कि जिन नदियों में साल भर पानी रहता है, उनका पानी सौराष्ट्र और कच्छ में लाया जाएगा, तो कांग्रेस मेरा मजाक उड़ाती थी, लेकिन आज सौनी योजना ने सौराष्ट्र का भाग्य बदल दिया है। 1300 किमी से अधिक लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जो इतनी चौड़ी है कि उसमें से एक कार गुजर सकती है, सैकड़ों गांवों में अब पानी पहुंच गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- स्कूबा डाइविंग के दौरान दिव्य अनुभव हुआ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्कूबा डाइविंग कर द्वारका नगरी में प्रार्थना करना बहुत ही दिव्य अनुभव था। सफेद डाइविंग हेलमेट और गेरुआ वस्त्र पहने मोदी समुद्र तल पर पालथी मारकर बैठे और हाथ जोड़कर भगवान की प्रार्थना की। इस दौरान नौसेना के गोताखोरों ने उनकी इसमें मदद की। इससे पहले मोदी हाथ में मोर पंख लिए वहां पहुंचे और उसे भगवान कृष्ण को अर्पित किया। पानी से बाहर आने के बाद मोदी ने कहा कि साहस से कहीं अधिक, यह आस्था था। स्कूबा डाइविंग बेट द्वारका द्वीप के पास द्वारका के तट पर कराई जाती है, जहां लोग पुरातत्वविदों द्वारा खोजी गई समुद्र में डूबी प्राचीन द्वारका के मौजूद अवशेषों को देख सकते हैं। मोदी ने बाद में यहां एक सभा को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

### ओखा-बेट द्वारका को जोड़ता है सुदर्शन सेतु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में ओखा और बेट द्वारका को जोड़ने वाले 978.93 करोड़ रुपये के अनुमानित खर्च से निर्मित देश के सबसे लंबे केबल-आधारित ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का रविवार को लोकार्पण किया। मोदी ने शिला पट्टिका का अनावरण कर 'विकसित भारत, विकसित गुजरात' के संकल्प को साकार करने वाले और देवभूमि द्वारका जिले सहित गुजरात की विशिष्ट पहचान बनने वाले इस सुदर्शन सेतु को आम लोगों के लिए खोला। भगवान द्वारकाधीश की पावन भूमि के सर्वांगीण विकास की गति को तेजी देने वाले सुदर्शन सेतु के थ्री-डी मॉडल को देखकर उन्होंने विस्तृत जानकारी हासिल की। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल उनके साथ मौजूद रहे।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## युवाओं के साथ खिलवाड़ राष्ट्रीय पाप, दोषी न घर के रहेंगे न घाट के

### पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री ने दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी बोले, ऐसी कठोर नजीर पेश करेंगे कि लोग याद रखेंगे
- मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 18 सौ चयनितों को दिया नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों को खुली चेतावनी दी है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो ना घर के रहेंगे ना घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी।

रविवार को लोकभवन में विभिन्न विभागों में करीब 18 सौ पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगी ने यहां कहा कि हमारा पहले दिन से ही संकल्प है कि नियुक्ति की प्रक्रिया अगर ईमानदारी से आगे नहीं बढ़ पा रही है तो ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और अपनी प्रतिभा को पलायन के लिए मजबूर करता है। अगर युवा के साथ अन्याय होता है तो यह राष्ट्रीय पाप है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, हम सभी तकनीक का उपयोग करते हैं, इसी तरह ऐसे तत्व भी तकनीक का उपयोग गलत कार्य के लिए करते हैं। कई बार सोचता हूं कि वो लोग तकनीक का इस्तेमाल करके अच्छे काम करते तो आगे बढ़ते और खुशहाल होते। मगर अब वे न घर के रहेंगे न घाट के और सरकार की कार्रवाई ऐसी होगी कि जो दूसरों के लिए नजीर बनेगी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र, मयंकेश्वर शरण सिंह, दिनेश खटीक, रामकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

### इन अभ्यर्थियों को योगी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

सिंचाई विभाग में अवर अभियंता पद पर लखनऊ के शुभम वर्मा, हरदोई की अनीता राजपूत को। आवास विकास परिषद् में अवर अभियंता पद पर अमर वर्मा और मैनपुरी की कामिनी कमल को। आयुष विभाग में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी पद पर डॉ. विजया लक्ष्मी, डॉ .रेनू यादव को। दंत चिकित्सक अनिमेष त्रिपाठी और डॉ .आशुतोष श्रीवास्तव को। समीक्षा अधिकारी सचिवालय प्रशासन में पंकज कुमार को। प्रशासनिक सुधार विभाग में निरीक्षक पद पर प्रशांत श्रीवास्तव को। पॉवर कॉर्पोरेशन में टेक्नीशियन इलेक्ट्रिकल पद पर नीलम गौतम और हर्षित सिंह चौहान को। गृह विभाग में सहायक अभियोजन अधिकारी ऋचा सोनकर और अनुज तिवारी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### इन विभागों में इतने पदों पर चयनित हुए अभ्यर्थी

उप्र. लोक सेवा आयोग, उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं विद्युत सेवा आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1782 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। इसमें पावर कॉरपोरेशन के विभिन्न पदों पर 852, दंत चिकित्सक के लिए 141, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के लिए 391, समीक्षा अधिकारी हिंदी/उर्दू (सचिवालय) के लिए 14, सहायक अभियोजन अधिकारी के 42, अवर अभियंता (आवास विभाग) के लिए 123, अवर अभियंता (सिंचाई) के लिए 210, निरीक्षक (राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय, प्रयागराज) के लिए 9 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

## कौशांबी में पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट, आठ लोगों की गई जान

संवाददाता, प्रयागराज/कौशांबी



विस्फोट के बाद लगी आग को बुझाने का प्रयास करते अग्निशमनकर्मी।

- जनपद के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे का मामला
- धमाके से कई मकानों में भी आईं दरारें, 12 मजदूर घायल

**अमृत विचार :** कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे में रविवार सुबह 11:30 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। जिसके चलते फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिसमें फैक्ट्री मालिक शराफत समेत आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से ज्यादा मजदूर झुलस गए। विस्फोट तेज होने के चलते आसपड़ोस के कई मकानों में भी दरारें आई हैं। सूचना मिलने पर एडीजी व एसपी समेत पुलिस के आला-अफसर मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की।

पुलिस के मुताबिक कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के वार्ड नंबर 23 में खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली ने अपने घर के पास पटाखा फैक्ट्री लगाई है। यह फैक्ट्री शराफत अली न्यू रंगोली फायर वर्क्स के नाम से है। फैक्ट्री में सुबह करीब 11:30 बजे जब 18-20 मजदूर पटाखा बनाने में व्यस्त थे। इसी बीच जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके से कई लोगों के चीथड़े उड़ गए। आसपास के खेतों में उनके शरीर के अंग बिखरे मिले। चार घंटे तक रुक-रुककर धमाका होता रहा। धमाके की वजह से फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर और एसपी कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। हादसे में फैक्ट्री मालिक शराफत अली और उसके एक बेटे सहित आठ लोगों की मौत हुई है। वहीं बबलू पटेल, दीना पटेल, अशोक पटेल समेत एक दर्जन से अधिक झुलसे लोगों का इलाज स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में चल रहा है। मृतकों की पहचान शिव नारायण (30) पुत्र भोलानाथ, कौशल अली और शराफत अली, शिव नारायण पटेल, शाहिद अली पुत्र शराफत अली, शिवकांत (25) पुत्र राम भवन निवासी अंबहा के रूप में की गई।

> पटाखा फैक्ट्री में भीषण हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है और लगभग एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।
> –भानु भास्कर, एडीजी जोन, प्रयागराज

## एक नजर

### सीएम करेंगे एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण



**कानपुर।** साढ़ में स्थापित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह द्वारा स्थापित किए गए एम्युनेशन कांप्लेक्स का सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय उद्घाटन करेंगे। वे 3.45 बजे साढ़ स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे और वहां से 4.50 बजे रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री और सेनाध्यक्ष यहां बनने वाले उत्पादों की जानकारी लेंगे। यह एशिया का सबसे बड़ा एन्युमेशन कॉम्प्लेक्स होगा। डिफेंस कॉरिडोर में शुरू होने वाली अडाणी समूह की यूनिट सेना में इस्तेमाल किए जाने वाले लघु शस्त्र से लेकर तोप-गोला तक बनाएगी।

### हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों को किया तलब

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में रियल एस्टेट डेवलपर हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को पूछताछ के लिए 26 फरवरी को तलब किया है।

### वन्यजीव तस्करों पर होगी समन्वित कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारत, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया ने आपराधिक खुफिया जानकारी साझा करके और वित्तीय संसाधनों के प्रवाह को रोक कर अपने-अपने क्षेत्रों में वन्यजीव तस्करी के सरगनाओं के खिलाफ कार्रवाई की योजना बनाई है। यहां सीबीआई और इंटरपोल द्वारा विदेशी प्रजातियों की तस्करी पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय बैठक में तस्करों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले चार महत्वपूर्ण मार्गों पर विचार-विमर्श किया।

## फ्लीट हादसे में दो लोगों की हुई मौत, घायलों से मिले मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की मदद
- अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के पास हुआ पुलिस वाहन से हुआ था हादसा

**अमृत विचार :** अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के समीप शनिवार देर शाम हुए हादसे में सीएम फ्लीट की एंटी डेमो गाड़ी के सामने कुत्ता आने से हुए हादसे में 15 लोग घायल हुए थे। देर रात इलाज के दौरान ट्रॉमा में प्रिया (14) और नीलम (35) ने दम तोड़ दिया। अन्य 13 घायलों का इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह केजीएमयू ट्रामा सेंटर पहुंचे, मृतकों के परिजनों से शोक संवेदना प्रकट की और घायलों के परिजनों का ढांढस बंधाया। योगी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों ने 50 लाख मुआवजा, नौकरी और आवास की मांग की है।

पुलिस के अनुसार मुख्यमंत्री की फ्लीट के बीच आए कुत्ते को बचाने के चलते एंटी डेमो गाड़ी पलट गई थी। हादसे में छह पुलिस कर्मियों समेत 15 लोग घायल हो गए थे। इसमें से प्रिया और नीलम की देर रात मौत हो गई। अर्जुनगंज के गयानंद पुरा निवासी संतोष की बेटी प्रिया निजी स्कूल में कक्षा-7 की छात्रा थी जबकि नीलम अर्जुनगंज की रहने वाली थी।



**हम साथ-साथ हैं :** आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव। हाल ही में लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों दलों में समझौता हुआ, जिसके बाद पहली बार अखिलेश यादव न्याययात्रा में शामिल होने आगरा पहुंचे।

## सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले 391 आरोपी दबोचे गये

- पुलिस और एसटीएफ ने प्रदेश के साथ हरियाणा दिल्ली और बिहार के आरोपियों को दबोचा

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस और एसटीएफ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 391 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। इसके साथ ही कई संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। मुख्यमंत्री ने पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामला सामने आने पर अभ्यर्थियों के हित में फैसला लेते हुए परीक्षा को रद कर दिया था। उन्होंने यूपी पुलिस और एसटीएफ को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये थे। सीएम योगी के निर्देश के बाद पुलिस और एसटीएफ एक्टिव हो गई और विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 391 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस और एसटीएफ ने कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में कूट रचित दस्तावेज , अंगुल छाप पेपर, पासबुक, चेकबुक, स्टाम्प, स्याही पैड, सिलिकॉन पट्टी समेत नकदी बरामद की है।

## रितेश भाजपा में, बसपा के कई सांसद विकल्प की तलाश में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे : मायावती



**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल से बड़ा झटका मिल सकता है। पार्टी के कई सांसद नए विकल्प तलाश रहे हैं। अंबेडकर नगर से बसपा सांसद रितेश पांडे ने पार्टी से इस्तीफा देने के ठीक दो घंटे बाद ही रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वहीं, बसपा के जौनपुर सांसद श्याम सिंह यादव के भी शीघ्र कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। इस बीच पार्टी प्रमुख मायावती ने एक्स पर प्रतिक्रिया दी कि, बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे हैं।

श्याम सिंह यादव रविवार को आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए, बजट सत्र के दौरान राहुल गांधी से मिले थे। दो सांसद पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं। अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली को बसपा से निकाल दिया था। वहीं, गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी सपा में चले गए हैं। बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर के रालोद में शामिल होने के भी कयास लगाए जा रहे हैं। लालगंज से सांसद संगीता आजाद के भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

## सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़, छत्तीसगढ़ में तीन नक्सली मारे गए

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में रविवार सुबह तीन नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलिसेला ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी, तभी कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के तहत भोमरा-हुरतराई गांवों के बीच एक पहाड़ी पर सुबह करीब आठ बजे मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को भोमरा, हुरतराई और मिच्छेबेड़ा गांवों में माओवादियों की कंपनी नंबर 5 के कैडर की मौजूदगी की जानकारी मिली थी।

## पुलिस ने सिंघू और टीकरी सीमा को अस्थायी तौर पर खोला

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

- सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और कड़ी निगरानी के निर्देश
- हरियाणा में विगत दो सप्ताह से निलंबित मोबाइल इंटरनेट सेवा बहाल की गई

किसानों के राष्ट्रीय राजधानी की ओर प्रस्तावित मार्च को रोकने के बाद दिल्ली पुलिस ने रविवार को सिंघू और टीकरी सीमाओं पर अवरोधकों के एक हिस्से को हटाकर यात्रियों के लिए एक मार्ग की व्यवस्था की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम यात्रियों के लिए पॉइंट-ए से पॉइंट-बी तक बैरियर का एक हिस्सा हटा रहे हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती से 24 घंटे कड़ी निगरानी सुनिश्चित होगी। बल की तैनाती यथावत रहेगी। फिलहाल वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी । दूसरी ओर किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा के सात जिलों में करीब दो सप्ताह पहले निलंबित की गई मोबाइल इंटरनेट सेवा को रविवार को बहाल कर दिया गया।

शहर की पुलिस ने रविवार को उन यात्रियों के लिए दो विशाल सीमेंट अवरोधक हटा दिए, जो सिंघू और टीकरी सीमाओं पर एक छोटे मार्ग का उपयोग करके दिल्ली की ओर आते हैं। अवरोधक के कारण लोगों को हर दिन एक किलोमीटर से अधिक की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। एक संकरा रास्ता है, जहां से केवल एक ही व्यक्ति जा सकता है। लेकिन अब पुलिस लोगों के लिए बैरियर हटा रही है। दिल्ली पुलिस ने शहर के टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमा बिंदुओं पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने अभ्यास भी किया। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि तीनों सीमाओं पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है।

हरियाणा में अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए 11 फरवरी को मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं, निलंबन की अवधि को बीच-बीच में बढ़ाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इन सात जिलों में मोबाइल सेवाओं के निलंबन की अवधि बढ़ाने के लिए कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी एक पूर्व आदेश के अनुसार, हरियाणा के डबवाली सहित सिरसा, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार और फतेहाबाद अधिकार क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रतिबंध लगाए गए थे। हरियाणा के लोगों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया।

### शंभू, खनौरी सीमा पर डटे हुए हैं किसान

दूसरी ओर दिल्ली चलो मार्च को सुरक्षा बलों द्वारा 13 फरवरी को रोके जाने के बाद से प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा से लगी पंजाब की खनौरी और शंभू सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शुक्रवार को कहा था कि प्रदर्शनकारी 29 फरवरी तक दोनों सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले रहेंगे। दिल्ली चलो मार्च को खनौरी में हुई झड़प में एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत हो जाने और लगभग 12 पुलिस कर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने रोक दिया था।




The Ano-Rectal Clinic

अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण

Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919



# 14 साल बाद हरवंशपुर में लहलहा रही काले सोने की फसल

**खेती-किसानी**

- **अब अफीम नहीं, छिलका लेगा नारकोटिक्स विभाग**
- **10 एयर खेत में देना होगा 70 किलो छिलका**

काशीनाथ दीक्षित, दरियाबाद, बाराबंकी





पोस्ता के पौधों में खिले फूल व लहलहाती फसल देखता किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अतिवृष्टि, बेमौसम की बारिश और आपदाओं का दंश झेल रही किसानी को लेकर जहां स्थानीय किसानों का बड़ा तबका भविष्य को लेकर चिंतित है, वहीं दूसरी ओर वातावरणीय बदलाव के बीच हरवंशपुर के किसान दोबारा अफीम की खेती कर अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

दरियाबाद विकास खंड के सेमौर मजरे हरवंशपुर निवासी किसान रामफेर के खेतों में 14 साल बाद पुनः अफीम (पोस्ता) की फसल लहलहा रही है। रामफेर के पुत्र गोपी चंद्र ने बताया की लाइसेंस हमारे पिता के नाम है। आज से 14 साल पहले 30 एयर का लाइसेंस था। लेकिन 2010 में फसल में घाव न लगाकर अपना लाइसेंस जमा कर दिया। अब पोस्ता के फल में चीरा नहीं लगाया जाएगा, विभाग अफीम नहीं लेगा। किसान को प्रतिवर्ष 70 किलो पोस्ता का छिलका देना होगा। अगर किसी वर्ष छिलका कम होता है तो आगे के वर्ष में पूरा करना होगा। किसान को 5 साल में तीन क्विंटल 50 किलो छिलका नारकोटिक्स विभाग को देना होगा। किसानों को पोस्तादाना मिलेगा। बीते वर्ष नवंबर में जब दोबारा पोस्ता की बुवाई का फरमान नारकोटिक्स विभाग बाराबंकी से आया तो गांव के रामफेर, राम सेवक, विनोद कुमार, विनय कुमार और लल्लन ने सलाह कर एक बार फिर से इच्छा जाहिर की है और खेत मे पोस्ता के बीज बो कर कड़ी मेहनत के साथ देखरेख में जुट गए। अब इन किसानों के खेतों में अफीम की फसल लहलहा रही है। इससे पहले क्षेत्र के हूसेपुर, मुरारपुर आदि गावों में अफीम की खेती की जा रही थी। किसानों ने बताया कि आम आदमी जितना इसे सहज समझ लेता है, उतना आसान नहीं है। बुवाई से लेकर तैयारी तक अफीम की फसल को छोटे बच्चे की तरह सहेजना होता है। आज फसल को छुट्टा जानवरों से बचाने के लिए दिन-रात रखवाली करनी पड़ती है। किसानों ने बताया कि नारकोटिक्स विभाग की तरफ से प्रति किसान 10 एयर का लाइसेंस मिला है। फसल में फूल आने लगे हैं। अगर मौसम ने साथ दिया तो फसल अच्छी होने का अनुमान है। इससे उन्हें लाभ भी होगा।

# पिता का नाम लेकर बुलाने के विरोध पर दबंगों ने किया घायल

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** पिता का नाम लेकर बेटे को बुलाने के विरोध पर 5 दोस्तों ने मिलकर बेटे को लाठी-डंडों और ईंट से हमला कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने एक ज्ञात समेत 5 के खिलाफ मारपीट व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

सतरिख थाना क्षेत्र के छेदानगर गांव में शनिवार शाम शादाब गांव के ही अपने चार दोस्तों के साथ मैच खेल रहा था। इसी दौरान गांव की गुड़िया रावत का बेटा दीपक सायकिल से घर जा रहा था। रास्ते में शादाब ने दीपक के साथ उसके पिता का नाम लेकर बुलाया जिसका उसने विरोध किया तो शादाब और उसके दोस्तों ने एक राय होकर दीपक पर लाठी-डंडों और ईंट से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जाति सूचक गालियां भी दी। घटना की जानकारी गांव वालों ने दीपक के परिजनों को दीगंभीर घयाल दीपक को घर ले गए। उसके बाद दीपक की मां गुड़िया रावत की तहरीर पर पुलिस ने सीएचसी सतरिख में चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद मारपीट और दलित उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि शादाब समेत 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

**एक नजर**

## प्रदेश सचिव का किया गया स्वागत

**रामसनेही घाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** रविवार को अयोध्या जाते समय भिटरिया हाईवे पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव चौधरी मो. फहद को फूलमाला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। मो. फहद ने कहा कि युवा वर्ग काफी उत्साहित है। साथ ही इंडिया के प्रत्याशी को विजयी बना कर दिल्ली भेजा जाएगा। इस दौरान सारिक मुस्तफा, डॉ. भष्मा प्रसाद मिश्रा, मनीष रावत, मुनीर अहमद, राजू मिया सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## सीएमएस हुए सम्मानित



डॉ. बृजेश कुमार को सम्मानित करतीं डॉ. शोभा फडके।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** संजय गांधी पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीट्यूट, लखनऊ में रेयर डिजीज एवं मेटाबॉलिक डिजीज मैनेजमेंट डायग्नोसिस के संबंध में आयोजित वैज्ञानिक संगोष्ठी में जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान एसजीपीजीआई के जेनेटिक्स डिपार्मेंट की विभागाध्यक्ष डॉ. शोभा फडके ने प्रदान किया।

## 80 ग्राम स्मैक बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देव पुलिस ने रविवार को मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 80 ग्राम स्मैक बरामद की है। मोहम्मद जफर पुत्र भग्गू निवासी भिटरिया चौराहा, थाना रामसनेही घाट को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 80 ग्राम स्मैक बरामद की गई जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 8 लाख रूपये आंकी गई।

## 20 ग्राम मारफीन मिली

**बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर पुलिस ने रविवार को एक तस्कर को गिरफ्तार कर दो लाख रुपये कीमत की 20 ग्राम मार्फीन बरामद की है। पुत्तीलाल पुत्र भद्दे निवासी ग्राम सेठमऊ थाना सतरिख को गिरफ्तार किया कर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई।

# जमुरिया नाले की सफाई हुई शुरू

## 25 मीटर की चौड़ाई में पड़ने वाले अवैध निर्माण होंगे ध्वस्त, किया जाएगा चौड़ा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



जमुरिया नाले पर जेसीबी से चल रही सफाई। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बहुप्रतीक्षित जमुरिया नाले को चौड़ा कर उसकी साफ-सफाई का कार्य रविवार से प्रारंभ हुआ। सफाई उस स्थान से शुरू की गई है जहां अतिक्रमण नहीं है। इसके बाद इस मार्ग पर 25 मीटर की चौड़ाई में पढ़ने वाले अवैध निर्माण ध्वस्त किए जाएंगे। साफ-सफाई और ध्वस्तीकरण का अभियान साथ-साथ चलेगा। अतिक्रमणकारियों को जिला प्रशासन पहले से ही नोटिस जारी कर चुका है।

जमुरिया नाले की साफ-सफाई इसलिए भी जरूरी थी क्योंकि बारिश के दौरान नाले में आई बाढ़ से आधे शहर में पानी भर गया था। इस वजह से लाखों लोग प्रभावित हुए थे। करोड़ों का नुकसान हुआ था। नाले पर अतिक्रमण हटाने के लिए एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय में महंत बीपी दास ने दायर की थी जिस पर न्यायालय ने अतिक्रमणकर्ताओं को चिन्हित कर नाले को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया था। अब इसके दायरे में करीब 247 घर ऐसे हैं जिनके ध्वस्तीकरण का आदेश हो चुका है। जिला प्रशासन ने साफ-सफाई और अतिक्रमण हटाने का अभियान एक साथ शुरू करने का निर्णय लिया है। अभियान शुरू होते ही उन परिवारों की धड़कनें बढ़ गई हैं जिनके घर नाले के किनारे बने हैं। इनमें आधा दर्जन विद्यालय भी हैं जिनमें से किसी का आंशिक तो किसी का पूरा हिस्सा ही अवैध रूप से अतिक्रमण कर बना है। व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी नाले की भूमि पर बनाए गए हैं। पहले चरण में जगनेहटा से लेकर लकपेड़ा बाग तक अतिक्रमण हटाया जाना है जिससे आम के साथ ही कई बड़ों पर भी गाज गिरनी तय है।

### चौथे दिन भी जारी रही लेडी डॉक्टर के बंगले की सफाई

लेडी डॉक्टर के बंगले की जमीन से अतिक्रमा हटाकर उसकी साफ-सफाई का कार्य चौथे दिन रविवार को भी जारी रहा। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी की देखरेख में तेजी से अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ मैदान की सफाई भी कराई जा रही है। ये कार्य होने के बाद 90 हजार वर्ग फीट से अधिक जमीन अतिक्रमण मुक्त होगी जिस पर मल्टी लेवल पार्किंग बनाने का प्रस्ताव है।

# नहीं हो सका महादेवा के चढ़ावे के विवाद का निस्तारण, रिसीवर ही देखेंगे व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



**अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा का फाल्गुनी मेला अनौपचारिक रूप से शुरू हो चुका है। हालांकि, औपचारिक रूप से इसकी शुरुआत 28 फरवरी से होगी। कांवरिया महादेवा पहुंचने लगे हैं लेकिन अभी तक महादेवा के चढ़ावे के विवाद का निस्तारण नहीं हो सका है।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने विवाद के निस्तारण का दायित्व उप जिलाधिकारी रामनगर को सौंपा था। उप जिलाधिकारी ने रविवार को दोनों पक्षों को बुलाया। दोनों पक्ष गए भी लेकिन वह खुद नदारत थे। इधर, चढ़ावे का विवाद तूल पकड़ने लगा है। रिसीवर ने शनिवार को इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक से भी मिलने का प्रयास किया था। पुलिस अधीक्षक उस समय कार्यालय में एक समारोह में व्यस्त थे जिसके चलते रिसीवर को बैरंग वापस लौटना पड़ा। लोधेश्वर महादेवा में फाल्गुनी मेले के दौरान करोड़ों का चढ़ावा आता है। रिसीवर का आरोप है कि ग्राम प्रधान का खेमा इस पर जबरिया कब्जा कर लेता है। इस मामले का निस्तारण होना बहुत जरूरी है। समय रहते यदि महादेवा में चढ़ावे के विवाद का स्थानांतरण नहीं किया गया तो स्थिति विस्फोटक हो सकती है। प्रशासनिक अधिकारी इसके निस्तारण के बजाए टाल-मटोल कर रहे हैं। मेला नजदीक है लेकिन संपूर्ण मेला क्षेत्र में अव्यवस्था फैली है। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद भी अभी तक कोई खास इंतजाम शुरू नहीं हो सके हैं। सूत्रों का कहना है कि जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस बार अवांछित मेले के दौरान आने वाले चढ़ावे में भागीदार न बन सकें, इसके लिए श्रद्धालुओं से भी सिर्फ दान पत्र में ही चढ़ावा देने से संबंधित बैनर मेला क्षेत्र में लगाए जाएंगे।

## छेड़खानी का मुकदमा दर्ज होने पर महिला को धमकाया

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा इलाके में एक महिला से छेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज कराने से नाराज अभियुक्तों ने महिला के पति को जान से मारने की धमकी देते हुए सुलह करने का दबाव बनाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। महिला के पति ने आरोप लगाया कि बबुरी गांव निवासी धर्मबीर व छोटू प्रसाद उसकी पत्नी से छेड़खानी करते थे। अगस्त में उसने थाना समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया था जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया था। मित्तई चौकी प्रभारी अखिलेश प्रजापति ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## तीन शातिर चोरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**राम सनेही घाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने तीन शातिर चोरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। तीनों गिरोह बनाकर ट्रक ड्राइवरों से लूट की घटना को अंजाम देते थे। कोतवाल ओपी तिवारी ने बताया कि अरविंद पुत्र जसकरन निवासी भडुेहरी थाना रामसनेहीघाट, लाल चंद्र रावत पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी इमिलहा थाना दरियाबाद, ललित पुत्र रामतीरथ निवासी भडुेहरी थाना रामसनेहीघाट योजना बनाकर हाईवे पर ट्रकों के ड्राइवरों को शिकार बनाकर लूट लेते थे। तीनो पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया। ललित पर कोतवाली रामसनेही घाट में 9, लाल चंद्र रावत पर 4 और अरविंद पर 11 केस दर्ज हैं।

# मायावती के प्रधानमंत्री बनने से लगेगा भ्रष्टाचार पर अंकुश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी




खजूरी गांव ढेखवा में बैठक को संबोधित करते बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल व मौजूद अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मायावती के प्रधानमंत्री बनने से देश में आपसी भाईचारा और सौहार्द कायम होगा। सुशासन के साथ ही भ्रष्टाचार पर अंकुश भी लगेगा। यह बातें रविवार को बहुजन समाज पार्टी द्वारा लोकसभा क्षेत्र अयोध्या के विधानसभा दरियाबाद सेक्टर खजूरी गांव ढेखवा में आयोजित बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष विक्रम गौतम ने किया।

इस दौरान जिला प्रभारी केके रावत, सदस्य जिला पंचायत व वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार गौतम, विधानसभा अध्यक्ष मुकेश कनौजिया, विधानसभा प्रभारी राधेश्याम रावत, सुरेश चंद्र गौतम, विधानसभा उपाध्यक्ष भोलानाथ निषाद, त्रिलोकीनाथ गौतम ने भी बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और रणनीति तैयार की। बैठक में राम गौतम, मुन्ना रामास्वामी, अरुण कुमार पाल, रामदेव गौतम, सुरेश कुमार गौतम, अयोध्या प्रसाद, महेश रावत, अरविंद कुमार एडवोकेट महेश कुमार, भागीरथ रावत, खुशबू गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सार-संक्षेप**

## धूमधाम से मनाया गया पूर्णिमा महोत्सव

**फतेहपुर, बाराबंकी :** कस्बा स्थित श्री शक्तिधाम महोदव तालाब मंदिर में पूर्णिमा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान श्री पूर्णिमा महोत्सव सेवा समिति के तत्वावधान मे भजन संध्या व भंडारे का भी आयोजन किया गया। माह की प्रत्येक पूर्णिमा के अवसर पर श्री शक्तिधाम महादेव तालाब मंदिर परिसर स्थित मंदिरों को लाइट व फूलों से सजाया जाता है। शनिवार देर शाम महामायी उजली मैय्या का अनुपम श्रृंगार किया गया। क्षेत्रीय भजन गायक तरूण राजन ने भजन संध्या की शुरूआत गणेश वंदना से की। भजन गायक आकाश गुप्ता ने क्या मैं नही मैय्या तेरे लायक हूं बेटा हूं तेरा तेरी ही छाया हूं प्रस्तुत किया। संजीव वर्मा ने चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है, दुर्गा है मेरी मां अम्बे हे मेरी मां जैसे भजनों को गाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। देर रात मां की महाआरती व कन्याभोज के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान राजेश पाठक, रामू तिवारी, हृदेष श्रीवास्तव, मुकेश अग्रवाल, रामनिवास वर्मा, शेखर शर्मा, अमरेंद्र पाठक, सुमित पाठक, आनंद सिंह, अन्नू निगम, प्रखर शर्मा, अमित सहित अन्य मौजूद रहे।



मां उजली देवी।

## महादेवा जा रहे शिव भक्तों का हुआ स्वागत



मौली में शिव भक्तों का स्वागत करते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** साइकिल से कानपुर स्थित बिठूर से जल लेकर महादेवा के लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करने जा रहे श्रद्धालुओं का रविवार को मसौली चौराहे पर स्वागत किया गया। ज्योरी निवासी पवन वर्मा, विद्यप्रसाद मसौली कटरा, राम प्रवेश, अशोक कुमार, संतोष यादव, प्रमोद कुमार कुडवा, अनुज बड़ागांव, अन्नू यादव, सुनील रावत, राम समुझ हौजपुर का स्वागत अशोक कुमार वर्मा, वैभव गुप्ता, रमेश मिश्रा, श्यामाचरण ने माला पहनाकर किया।

## अवसानेश्वर मंदिर में सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** 8 मार्च को पड़ने वाले महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर अवसानेश्वर मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने एसडीएम को पत्र देकर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। समिति की ओर से उपजिलाधिकारी को दिए गए पत्र में महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधा और सुरक्षा के इंतजाम करने, मंदिर परिसर में पुलिस, चिकित्सा, फायर ब्रिगेड, पेयजल, बैरिकेडिंग व स्नान घाट पर साफ-सफाई, नाव और गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई है।

**लाभार्थी संपर्क अभियान** | भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात कार्यक्रम का 110वां एपिसोड

# घर-घर स्टीकर चिपका समझाए मोदी की गारंटी के मायने

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



लाभार्थियों से संपर्क करते भाजपा के जिला प्रभारी अवनीश सिंह व अन्य।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने केंद्र की मोदी और राज्य की योगी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से घर-घर जाकर संपर्क साधने की कवायद शुरू कर दी है। मोदी- योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या करोड़ों में है जिन्हें फोकस कर भाजपा ने लाभार्थी संपर्क अभियान की शुरुआत की है। इसी के तहत पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता घर-घर जा रहे और स्टीकर चिपका कर मोदी की गारंटी के मायने समझा रहे हैं।

एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने रविवार को इस अभियान की शुरुआत मंजीठा से की। अभियान शुरू करने से पूर्व जिला प्रभारी ने मंजीठा के बूथ संख्या 279 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 110वां एपिसोड सुना। इसके बाद घर-घर जाकर 'लाभार्थियों की समृद्धि-मोदी की गारंटी' का स्टीकर चिपकाया। लाभार्थियों से 9638002024 पर मिस्ड कॉल करा पार्टी से जोड़ा। संपर्क के दौरान अवनीश पटेल ने लाभार्थियों से मोदी-योगी सरकार की योजनाओं की चर्चा की और प्रधानमंत्री मोदी की तीसरी ऐतिहासिक जीत के लिए उनका आशीर्वाद भी मांगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की योजनाओं की तरह ही प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पा रहे लाभार्थियों का बड़ा वर्ग है। कई परिवारों में एक से अधिक लाभार्थी हैं। लाभार्थी हमेशा प्रधानमंत्री मोदी के साथ डटकर खड़े रहे हैं। मोदी की गारंटी के मायने देश का प्रत्येक किसान, महिला, युवा और गरीब वर्ग बखूबी समझने लगा है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का तीसरा कार्यकाल देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। चुनाव में देश की जनता विपक्ष के भ्रामक प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देगी। इस दौरान अभियान प्रमुख प्रमोद तिवारी, मंडल अध्यक्ष अरुण वर्मा, ब्लॉक प्रमुख रवि रावत, शैलेंद्र कुमार, लालता प्रसाद कोरी, उमेश कुमार मिश्र, अलका मिश्रा, प्रदीप कुमार, अजय कुमार आदि रहे।

## कच्ची शराब के साथ चार गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** रामसनेही घाट, असंदरा व फतेहपुर पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 55 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। रामसनेहीघाट पुलिस ने रामू पुत्र अम्बिका प्रसाद निवासी जमवड़ा, महेश चंद्र पुत्र राजकरण निवासी ग्राम पूरे अल्पी मजरे भीखरपुर को 35 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। वसुंधरा पुलिस ने अम्बरलाल पुत्र मुगरे निवासी ग्राम खरिकाफूल को गिरफ्तार कर 10 लीटर शराब बरामद की। फतेहपुर पुलिस ने नान्हू राम पुत्र स्व. ब्रजलाल निवासी ग्राम भैसुरिया मुजाहिदपुर थाना फतेहपुर को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# जिले भर में फ्लैग मार्च, दंगा नियंत्रण का अभ्यास

## पुलिस बल को कराया गया गली-मोहल्लों और चौराहों की भौगोलिक स्थिति से परिचित, तय की गई रणनीति, दिखाई ताकत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पुलिस ने रविवार को पूरे जिले में फ्लैग मार्च कर दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया। इस दौरान पुलिस बल को सभी चौराहों, गलियों, मोहल्लों और संवेदनशील स्थानों से परिचित कराया गया। इस अभियान में पुलिस अधीक्षक से लेकर सभी अधिकारी और पुलिस बल के जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने अपनी ताकत भी दिखाई। गली-मोहल्लों को खंगाला। जवानों को ड्रोन के माध्यम से शहर की भौगोलिक स्थिति से भी परिचित कराया गया।

लोकसभा चुनाव और आने वाले त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस का यह फ्लैग मार्च काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि आगामी त्योहारों और लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में कानून व शांति व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने, समाज को सुरक्षित व भयमुक्त वातावरण प्रदान करने और किसी भी संभावित अप्रत्याशित परिस्थितियों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल के साथ कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत शहर क्षेत्र का भ्रमण किया गया। पुलिस जवानों को ड्रोन के माध्यम से शहर की भौगोलिक स्थिति से भी अवगत कराया गया। पुलिस बल को पूर्व में ही दंगा नियत्रंण का पूर्वाभ्यास भी कराया गया। सभी दंगा नियंत्रण उपकरणों की जांचकर समस्त थानों को वितरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोशल मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर सतत रूप से निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ-साथ शहर के मोहल्लों और चौराहों से फोर्स को परिचित कराया गया। ड्रोन से शहर की मैपिंग के साथ- साथ आकस्मिक स्थिति उत्पन्न होने पर कौन अधिकारी, किस स्थान पर पंहुचेगा, तय किया गया। साथ ही जन संवाद भी किया गया जिससे लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा सके।


शहर में फ्लैग मार्च करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### सोशल मीडिया पर न डाले भ्रामक पोस्ट

**रामनगर बाराबंकी,अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत रामनगर थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ने रविवार को पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल गश्त कर नगर वासियों को शांति व्यवस्था व सुरक्षा का एहसास कराया। आगामी त्योहार शबे बरात ,महाशिवरात्रि व लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत रामनगर कोतवाल ने दल–बल के साथ कस्बा सहित बुढवल चौराहे तक मार्च किया। कोतवाल ने गश्त के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए उनसे सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट न डालने की अपील की जिससे कानून व्यवस्था में व्यवधान न उत्पन्न हो। चौराहों पर अराजक तत्वों की पहचान कर जानकारी दें, किसी से छींटाकसी, अभद्र व्यवहार न करे। चौराहों, धार्मिक स्थानों पर यदि कोई लावारिस वस्तु व संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसकी सूचना पुलिस को दें। गश्त के दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक चंद्रहास मिश्रा, उपनिरीक्षक रमेश कुमार पांडे, आरक्षी शिव बहादुर, बृजेश यादव, सूरज कुमार, कपिल पटेल, कुलदीप कुमार सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


हैदरगढ़ में तैनात दंगा नियंत्रण वाहन, फायर ब्रिगेड व पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### 40 लोगों पर शांति भंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव और आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत रविवार को विभिन्न थानों की पुलिस में 40 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस का अपराधिकयों की धरपकड़ का अभियान भी जारी रहा। कई अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी की गई। पुलिस की कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप है।

## सार-संक्षेप

### एलसीडी स्क्रीन पर देखा पीएम का कार्यक्रम


चिकित्सा परियोजनाओं का लोकार्पण कार्यक्रम देखते सांसद उपेंद्र रावत व अन्य।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चिकित्सा क्षेत्र की कई परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम का एलसीडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया। जिला पुरुष चिकित्सालय में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखने के लिए सांसद उपेंद्र सिंह रावत , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बृजेश कुमार, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. राम खेलावन, अनिल जायसवाल व बडी संख्या में स्टॉफ नर्स और अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ, मरीजों के परिजन और भारी संख्या में जनमानस उपस्थित रहा।

### छुट्टा मवेशी डीसीएम में लाद ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे किसान

**मसकनवा, गोंडा, अमृत विचार :** छुट्टा जानवरों के आतंक से तंग आकर किसानों ने छुट्टा जानवरों को डीसीएम पर लादकर ब्लाक मुख्यालय छपिया पर लाकर घेराव कर दिया। जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मामला छपिया ब्लाक के नरायनपुर गांव का है। किसान राकेश तिवारी, शिव पूजन वर्मा, रजनीश तिवारी, मोनू तिवारी, अनिल तिवारी, संजय तिवारी, विनय वर्मा,सियाराम वर्मा, राम केवल यादव, मनुकार्णिका तिवारी आदि किसानों ने बताया कि गांव में छुट्टा जानवरों के अधिक हो जाने के कारण आए दिन फसलों को नष्ट कर देते थे साथ ही किसानों पर हमला करके घायल कर देते हैं। जिसकी शिकायत हम लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल और उच्चाधिकारियों को कई बार शिकायत किया। जिसमें ग्राम विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्रा ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद सैफ व किसानों से कहा कि चंदा लगाकर पशुओं को पकड़वा लें। उसको हम गौशाला में छुड़वा देंगे। लेकिन पकड़वाने के पश्चात ग्राम विकास अधिकारी ने फोन उठाना बंद कर दिया। इस बाबत किसानों ने पशुओं से भरे ट्रक को लेकर किसान ब्लाक मुख्यालय पहुंच गए। जिससे छुट्टी पर रहे ब्लाक कर्मचारियों में हडकंप मच गया। मौके पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी ने किसानों से समझा बुझाकर सभी छुट्टा जानवरों को गौशाला में छोड़ दिया गया है। खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश सिंह यादव ने बताया कि सभी छुट्टे जानवरों को गौशाला में छोड़ दिया गया है।


डीसीएम पर लदे मवेशी। अमृत विचार

### रास्ते के विवाद में हुई मारपीट में महिलाएं घायल

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** परसपुर थाना क्षेत्र के अलग– अलग गांव में हुए मारपीट मामले में पुलिस ने नामजद छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मारपीट में चार महिलाओं को चोटें आई हैं। ग्राम दुरौनी लच्छन तिवारी पुरवा के रहने वाली महिला मीना तिवारी ने थाने में दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि रास्ता विवाद को लेकर गांव के ही हीरा देवी, सोना देवी ने शनिवार की शाम को जान से मारने की धमकी देते हुए उससे अभद्रता व मारपीट किया। मारपीट में मन्नू देवी, ममता देवी को भी चोटे आयीं। इसी मामले में पीड़ित हीरा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि अजय कुमार, मीना तिवारी, ममता व मन्नू ने जमीनी विवाद को लेकर जानमाल की धमकी देते हुए अभद्रता व मारपीट किया।

## एक नजर

### दो जुआरी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बदोसराय पुलिस ने रविवार को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दिनेश कुमार पुत्र रामलखन निवासी ग्राम शेखपुरवा कस्बा व तौहीद पुत्र रफीक निवासी ग्राम शेखपुरवा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़ और जामा तलाशी से 1,390 रुपये बरामद किए गए।

### अपहत महिला बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा थाने की पुलिस ने रविवार को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से एक महिला को मुक्त करा लिया। इस मामले में आपरणकर्ता को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। पुलिस का कहना है कि महिला को सकुशल बरामद कर लिया गया है। अपहरणकर्ता की तलाश जारी है।

# कांग्रेस के खाते में सीट जाने के बाद तालमेल की चुनौती

**लोकसभा चुनाव**

▶▶ **कई खेमों में बंटी है समाजवादी पार्टी, आसान नहीं राह**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी




**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए बाराबंकी संसदीय सीट कांग्रेस पार्टी के लिए छोड़ दी है। इसे लेकर कांग्रेस खेमे में उत्साह का माहौल जरूर है लेकिन कई गुटों में बंटी समाजवादी पार्टी से तालमेल कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हालांकि, पार्टी के संभावित उम्मीदवार सपा नेताओं से तालमेल बैठाने के लिए उनके घरों पर पहुंचने लगे हैं।

कांग्रेस पार्टी ने अपना उम्मीदवार तो अभी तक घोषित नहीं किया है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया, इंडिया गठबंधन के बाराबंकी से उम्मीदवार हो सकते हैं। अभी इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि पार्टी डॉ. पीएल पुनिया को ही चुनाव मैदान में उतार दे। हालांकि, डॉ. पीएल पुनिया साफ कर चुके हैं कि वह अब चुनाव नहीं लड़ेंगे। उनके बेटे तनुज पुनिया ही पार्टी से एकमात्र दावेदार हैं, इसलिए उनका ही टिकट होना तय है। बाराबंकी समाजवादी पार्टी का गढ़ रहा है, बावजूद इसके डॉ. पीएल पुनिया ने एक बार यहां से जीत दर्ज की थी। इसके बाद उन्होंने अपने बेटे तनुज पुनिया को चुनाव मैदान में उतारा लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिल सकी। इस बार इंडिया गठबंधन की निगाहें एक बार फिर डॉ. पीएल पुनिया पर टिकी हैं। गठबंधन में कांग्रेस को सीट जाने के साथ ही वे अपने बेटे तनुज पुनिया के साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप और विधायक सुरेश यादव से मिल चुके हैं। बाराबंकी से इंडिया गठबंधन को कामयाबी तभी मिल सकती है जब समाजवादी पार्टी तन-मन-धन के साथ कांग्रेस उम्मीदवार को जीतने के लिए प्रयास करे। समाजवादी पार्टी ने बाराबंकी के सपा नेता राकेश वर्मा की बेटी श्रेया वर्मा को गोंडा से चुनाव मैदान में उतारा है। ऐसे में लाजमी है कि राकेश वर्मा दलबल के साथ अपनी बेटी को चुनाव जीतने के लिए गोंडा में डेरा डालेंगे। अभी तक समाजवादी पार्टी रामसागर रावत को चुनाव मैदान में उतारती रही है। रामसागर रावत इस समय बीमार चल रहे हैं। हालचाल लेने के बहाने भाजपा नेताओं की उनके घर आमद बढ़ गई है। ऐसे में कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती रामसागर रावत, गौरव रावत के साथ-साथ राकेश वर्मा खेमे को भी गठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार के लिए मैदान में उतरने की होगी। इस मामले में डॉ. पीएल पुनिया की कसरत कितनी रंग लाएगी, ये तो वक्त ही बताएगा।

### अमृत भारत में चयनित रेलवे स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी तेज

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** अमृत भारत योजना के तहत चयनित रेलवे स्टेशन हैदरगढ़ ds होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरशोर से जारी हैं। इस कार्यक्रम में सांसद उपेंद्र सिंह रावत, विधायक दिनेश रावत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक हिस्सा ले रहे हैं। रेलवे स्टेशन हैदरगढ़ के स्टेशन मास्टर जोगिंदर सिंह ने बताया कि यह रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत चयनित है। इस स्टेशन के विकास के लिए सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसका शिलान्यास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। बता दें कि 26 फरवरी को प्रधानमंत्री ने अमृत भारत योजना के तहत पूरे देश में 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास व 1500 ओवरब्रिज, अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन व राष्ट्र को समर्पण करने का कार्य टेली कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करेंगे।

**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी।**

पत्रांक: 1238/न0पं0रा0–रा0से0/नि0सू0/2023–24 दिनांक: 24 फरवरी, 2024

अल्पकालीन ई–निविदा–सूचना

नगर पंचायत रामनगर बाराबंकी के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में सक्षम श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत/पात्र निविदादाता से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर राज्य सेक्टर के सीवरेज एंव जल निकासी योजनान्तर्गत प्रशासकीय एंव वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निर्माण/विकास कार्य हेतु निविदा निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा को वेबसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि नगर पंचायत निविदा एवं धरोहर धनराशि निधि खाता सं0–39002392893 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा रामनगर–बाराबंकी, आई0एफ0एस0सी0 कोड– SBIN0010881 में अन्तरित करना होगा, एवं कार्य सम्पादन के समय शासनादेश संख्या–43/2023/385 मु0 मं0न0 स0यो0/नौ–2–2023 /1775683 नगर विकास अनुभाग–2, लखनऊ दिनांक 30 दिसम्बर, 2023 में उल्लिखित नियम व शर्तो का अनुपालन प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाना आवश्यक होगा।

| | |
|---|---|
| वेबसाईट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 26 फरवरी, 2024 |
| निविदा खरीदने की तिथि | 26 फरवरी, 2024<br>18 मार्च 2024,12:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 18 मार्च, 2024, 01:00 बजे |

प्रभारी लिपिक, नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी। — अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी। — अध्यक्ष, नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी।

# परीक्षा न इंटरव्यू, न काम लेकिन वेतन सीधे खाते में

**नगर पंचायत जैदपुर का खेल**

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** परीक्षा न इंटरव्यू, न काम, तनख्वाह सीधे खाते में। सुनने में भले ही अटपटा लगे लेकिन नगर पंचायत जैदपुर में ऐसा ही खेल हो रहा है। आउटसोर्सिंग कंपनी से लेकर अधिकारी, बाबू और अध्यक्ष तक सब इसमें संलिप्त हैं। यहां एक ऐसे व्यक्ति के खाते में तनख्वाह भेजी गई जो न तो सरकारी कर्मचारी है और न ही आउटसोर्सिंगकर्मी।

एक वीडियो सामने आया है जिसमें इरशाद नामक व्यक्ति आरोप लगा रहा है कि नगर पंचायत जैदपुर के चेयरमैन प्रतिनिधि और उसी कार्यालय में कार्यरत एक लिपिक ने उनसे आधार, पैन कार्ड व बैंक खाता संख्या ली।और उसके खाते में करीब 9 हजार रुपये आ गए। खाते में वेतन के रूप में आई इस रकम के आने के बाद दो व्यक्ति इरशाद के पास पंहुचे और धनराशि के बंदरबांट की बात की। इरशाद राजी नहीं हुआ और रुपये वापस करने की बात कही। इरशाद का आरोप है कि उसके खाते में जनवरी माह की तनख्वाह भेजी गई है और उसे नगर पंचायत जैदपुर का मेहतर बताकर भुगतान कराया गया जिसके बाद रुपये के बंदरबांट की बात की गई लेकिन उसने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। जैदपुर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा का कहना है कि इरशाद नाम का कोई भी व्यक्ति न तो नगर पंचायत में कार्यरत है और न ही आउटसोर्सिंग में। किन परिस्थितियों में उसके खाते में रकम भेजी गई, यह जांच का विषय है। मामले में संबंधित लिपिक प्रदीप का कहना है कि वह इरशाद को नहीं पहचानता है।

# आयुर्वेद चिकित्सा अफसरों को बांटे नियुक्ति पत्र

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** लोक सेवा आयोग द्वारा गत 20 जनवरी से 24 जनवरी के बीच सम्पन्न हुई क्षेत्रीय यूनानी एवं आयुर्वेद विभाग में चिकित्साधिकारी (आयुर्वेद) भर्ती परीक्षा में देवीपाटन मंडल के 13 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है जिसमें गोंडा से डॉक्टर संजय कुमार तिवारी, प्रतीक्षा पाण्डेय, डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार वर्मा, डॉक्टर विनय कुमार तिवारी, डॉक्टर दीपिका गुप्ता, डॉक्टर प्रगति पाण्डेय, डॉक्टर कीर्ति श्रीवास्तव व बहराइच से डॉक्टर श्रुति रस्तोगी, डॉक्टर शिल्पी सिंह चौहान व श्रावस्ती से डॉक्टर प्रभाकर पाण्डेय व बलरामपुर से डॉक्टर हरिकांत तिवारी, डॉक्टर पवन कुमार, डॉक्टर शिवानी चौधरी चयनित हुई हैं। मंडल मुख्यालय के एनआईसी गोंडा के सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, डीएम नेहा शर्मा ने नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।


नियुक्ति पत्र के साथ आयुर्वेदिक अधिकारी साथ में कमिश्नर व डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **प्रदीप कुमार राय पुत्र स्व0 सन्त कुमार राय, निवासी–2/753, सेक्टर एच कुर्सी रोड, जानकीपुरम्, लखनऊ –226021,** श्रुति राज गुप्ता पत्नी अमित राज गुप्ता जोकि मेरी पुत्री व दामाद है जो ग्राम–तिवारीपुर, तहसील बक्शी का तालाब जिला–लखनऊ के है से सभी रिश्ते समाप्त कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य एवं लेन–देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0148340 का अंकपत्र यात्रा के दौरान कहीं खो गया है। – **प्रियंका पुत्री अखिलेश निवासिनी– ग्राम कुरसैना तहसील जसवंतनगर, जिला– इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम AQEEL AHMAD AZEEZ था अब मैने बदलकर अपना नाम AQEEL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AQEEL AHMAD S/O: ABDUL AZIZ R/O: VILL SAMMANPUR MACHLI GAON, AMBEDKAR NAGAR

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SALMA KHATOON था अब मैने बदलकर अपना नाम SALMA BEGAM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। SALMA BEGAM W/O: MOHAMMAD WASEEM R/O: GHASIYARAN TOLA NANPARA, BAHRAICH

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मनोज कुमार मिश्रा पुत्र श्री कैलाश नाथ मिश्रा, निवासी– ग्राम शेखुई कलां, पोस्ट–ज्योनार, जिला– बलरामपुर,** मेरी वर्ष 2015–16 एम0बी0ए0 जिसका रोल नं0–एम–2152310686 सेमेस्टर लेबल प्रथम एवं चतुर्थ जिनका मूल अंक पत्र की मूल प्रति वास्वत में कहीं खो गयी है ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम उत्तम गुप्ता के स्थान पर अब उत्तम शुक्ला लिखा एवं पढ़ा जाए। – **उत्तम शुक्ला,स्व0 श्री लक्ष्मी नारायण शुक्ला, मोहल्ला आर्य नगर, नगर पंचायत कोइरीपुर, जनपद सुल्तानपुर,** मो0– 842 9289 467

**आयोजन** — विनयांजलि सभा कर संत विद्यासागर को दी श्रद्धांजलि, विधायक सहित कई वक्ताओं ने रखे अपने विचार

# संत विद्यासागर के त्याग का वर्णन नहीं किया जा सकता : साकेंद्र

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जैन समाज के सर्वोच्च संत विद्यासागर की विनयांजलि सभा का आयोजन रविवार शाम नगर के जैन धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के अलावा विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने पूज्य संत को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधायक साकेंद्र वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे।

इस दौरान विधायक साकेंद्र वर्मा ने कहा कि संत विद्यासागर जी ने देश को इंडिया नही, भारत कहने का आह्वान किया था। उनके त्याग का वर्णन नहीं किया जा सकता। हम उनके जीवन दर्शन में से किसी एक रास्ते को जीवन में अपना सके तो यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संचालन जैन समाज के अध्यक्ष सचिन जैन ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने संतश्री चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन कर दीप प्रज्ज्वलित किए। ब्लॉक प्रमुख अनिल वर्मा, विस्तारक रामकृपाल मिश्र, प्रांशु जैन, यशवंत जैन, चिंतक इंद्र कुमार जैन, टीनू जैन, कुमकुम जैन, दीपचंद्र जैन, विजय जैन, पंकज जैन, रुही जैन, लल्ला जैन, बार उपाध्यक्ष राजीव नयन तिवारी आदि ने भी विचार व्यक्त किए और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान शीलरत्न मिहिर, बालगोविंद नाग, हेमंत दास, सभासद संतोष मिश्र, पूर्व प्रमुख दिनेश वर्मा, विश्वनाथ गुप्ता,डॉ. रामकुमार गिरी, मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।


विनयांजलि सभा को संबोधित करते विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा। अमृत विचार


सभा में उपस्थित जैन धर्मावलंबी। अमृत विचार



एम्स के उद्घाटन में मौजूद लोग।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करते स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल।

# मेडिकल की जमीन पर बनवाया गेस्ट हाउस : स्मृति

## केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी पर किए प्रहार, बोलीं अमेठी में कमल खिल चुका अब रायबरेली में भी खिलेगा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने एम्स उद्घाटन पर गांधी परिवार को आड़े हाथों लेते हुए कई प्रहार किए। उन्होंने कहा कि कामगारों के कारण एम्स रायबरेली में है। नामदार और कामगार में फर्क क्या होता है। यह एम्स रायबरेली उत्तम उदाहरण है। एम्स रायबरेली की घोषणा से लेकर शिलान्यास तक लगभग आठ साल की यात्रा करनी पड़ी। इस एम्स रायबरेली को प्रधानमंत्री मोदी के पुण्य हाथों द्वारा 16 दिसंबर 2018 राष्ट्र को समर्पित किया गया।

उन्होंने एम्स प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप के प्रयासों की वजह से हर वर्ष एम्स रायबरेली में एक लाख 30 हजार टेस्ट होते हैं। गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैं उस क्षेत्र से हूं, जहां पर पहले कभी नामदार हुआ करते थे। अमेठी साक्षी है, जहां पर वर्षों वर्ष एक नामदार ने जनता का वोट लिया लेकिन सेवाएं नहीं दी। 30 साल पहले अमेठी में नामदारों ने मेडिकल कालेज बनाने की बात कहकर जमीन ली। नामदारों ने उस जमीन पर अपने लिए गेस्ट हाउस बना लिया, लेकिन मेडिकल कालेज नहीं बना।

जो 30 साल में नहीं हो सका। मेरे कार्यकाल में तीन माह में पेपर वर्क करते आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कारण मेडिकल कालेज खोल दिया गया। अमेठी क्षेत्र से डायलिसिस सेंटर खुल गया। पहले लोग लखनऊ तक दौड़ते थे। सीटी स्कैन मशीन की सुविधा लखनऊ या दिल्ली में थी, जो आज अमेठी में है। आज 200 बेड अस्पताल, ट्रामा सेंटर, ब्लड बैंक सबकुछ मिला।

केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जब कांग्रेस सरकार थी तो 380 मेडिकल कालेज बने थे। वहीं महज 10 साल में 706 बना दिए गए। 10 साल में बने जनऔषधि केंद्र 10 हजार से ज्यादा है। इसका लाभ गरीबों को मिल रहा है। उनका अब तक 30 हजार करोड़ रुपया सरकार बचा चुकी है। 25 करोड़ नागरिकों को गरीबी से उभार कर विकास के पथ पर लाने का कार्य आदरणीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है।

उन्होंने कहा कि मंच कामगारों का है। भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते इस बार रायबरेली में भी वह होगा जो 19 में अमेठी में हुआ। उन्होंने कहा कि विनम्रता भाव से कह रही हूं, जनता चाहती है कि विकास हो। अमेठी में चार लाख परिवारों को नल से जल मिला। स्मृति ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अमेठी में कमल खिल चुका है अबकी बार रायबरेली में भी कमल खिलेगा।



### एम्स पर एक नजर

- परियोजना के अनुमोदन की तिथि-फरवरी 2009
- परियोजना की स्वीकृत लागत- 823 करोड़ रुपया
- कार्यकारी एजेंसी-मैसर्स एचएससीसी(इंडिया) लिमिटेड
- मैसर्स एचएससीसी(इंडिया) लिमिटेड-100 प्रतिशत
- वित्तीय प्रगति-94 प्रतिशत

### अब इन सुविधाओं का मिलेगा लाभ

डायग्नोस्टिक ब्लॉक के तहत रेडियोलॉजी सेवाएं जिसमें एक्स-रे, अल्ट्रासोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एमआरआई स्कैन सहित, इंटरवेंशन रेडियोलॉजी, पैथोलॉजिकल सेवाओं में फ्रोजन सेक्शन अध्ययन, साइटोलॉजी, हेमेटोलॉजी, बायोमार्कर सहित हिस्टोपैथोलॉजी अध्ययन, जैव रसायन, एबीजी, इलेक्ट्रोलाइट्स, सभी नियमित और आपातकालीन जांच सेवाएं, सूक्ष्म जैविक जाँच संस्कृति संवेदनशीलता, आरटी-पीसीआर, वायरल मार्कर, सभी नियमित और आपातकालीन जांच शामिल है। इसी तरह अब ओटी ब्लॉक की कुल संख्या 12 प्रमुख, जिनमें दो आपातकालीन और दो प्रसूति ओटी शामिल हैं।

### सुविधाएं, जो पहले से हैं संचालित

- ओपीडी -13 अगस्त 2018
- एचएलएल -अमृत फार्मेसी अक्टूबर 2019 से
- एम्बुलेंस सेवाएं - फरवरी 2020 से दो एम्बुलेंस।



हरी झंडी दिखाने के इंतजार में खड़े वाहन। अमृत विचार

## मोदी काल गरीब कल्याण कारी योजना का स्वर्ण युग: एसपी सिंह

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री एसपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक नया भारत बन रहा है। हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य की गारंटी मिल रही है। विकास की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं को उतारने की क्षमता है। हर युवा के हाथ को आजीविका से जोड़ने के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर मिल रही है। अब तक 33 करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। उत्तर प्रदेश पिछले चार महीने में काफी बेहतर कर रहा है। मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था का स्वर्ण युग है। उन्होंने कहा कि आज मेरी बेटी आगरा से लखनऊ आती है पैरा मेडिकल कालेज तो मैं एक बार भी नहीं पूछता हूं। अब बेटियां योगी राज में सुरक्षित हैं। इससे पहले उन्होंने जिले की जनता को बधाई देते हुए कहा कि आपकी दशकों पूर्व मांग पूरी हो रही है। इससे पहले प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने उद्गार व्यक्त किया। इस मौके पर सूबे के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, दयाशंकर मिश्र, प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला, सदर विधायक अदिति सिंह, सलोन विधायक अशोक कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सीएम को सुनने लाठी के सहारे तीन किलोमीटर चलकर पहुंची वृद्धा

**अमृत विचार :** रविवार को एम्स के वर्चुअल लोकार्पण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रायबरेली पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से रायबरेली एम्स का लोकार्पण किया गया। इसमें कई केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री भी मौजूद रहे। इसी में मुख्यमंत्री की जनसभा का भी कार्यक्रम किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए 65 वर्षीय रामकुमारी एम्स आई। बताया कि एम्स के मेन गेट से पंडाल की दूरी लगभग तीन किलोमीटर की थी लेकिन उन्होंने हार नही माना और एक डंडे के सहारे वो जनसभा में पहुंचकर मुख्यमंत्री को सुना और फिर उतना ही चलकर वापस आई। राही ब्लॉक के बरवारीपुर से फूलदुलारी बोली कि हम सब साधन से मुख्यमंत्री जी को देखने और सुनने आये है। लालगंज के ऐहार से आये बुजुर्ग रामकुमार व रामदेव त्रिपाठी ने बताया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बदलाव बहुत जरूरी है।



**1947 से 2017 तक प्रदेश में थे 12 मेडिकल कालेज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों पर सधी जुबान से प्रहार करते हुए कहा कि यूपी के 75 जनपदों में केवल 12 सरकारी मेडिकल कालेज बने थे। आज प्रदेश में 45 जनपदों में पहले से ही मेडिकल कालेज है। शासन और निजी क्षेत्र में दोनों को मिलाकर 65 मेडिकल संचालित है। 14 मेडिकल कालेज निर्माणधीन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर काम कर रही है। जिस तेजी से प्रदेश में मेडिकल कालेज बनाने का काम हो रहा है, उससे वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कालेज का सपना भी साकार हो सकता है।

## भाजपा की किलेबंदी, दिग्गजों ने एम्स से खूब भरी हुंकार

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** मौका एम्स उद्घाटन का। यह वही एम्स है, जिसकी शिलान्यास कभी संप्रग सरकार में सांसद सोनिया गांधी ने अपनी बेटी प्रियंका वाड्रा गांधी के साथ की थी। उस दौरान चारों ओर सिर्फ कांग्रेस का झंडा लहरा था। हर कोई गांधी परिवार से अगाध प्रेम को दर्शा रहा था। चारों तरफ भीड़ उमड़ी हुई थी। समय का चक्र ऐसा घूमा कि उसी एम्स में रविवार को भाजपा की जबरदस्त किलेबंदी देखने को मिली। हर तरफ भगवा लहरा रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि गढ़ अब सुरक्षित नहीं है। जी हां, एम्स उद्घाटन पर आयोजित कार्यक्रम में कुछ ऐसा ही देखने को मिला। हजारों की संख्या में दूरदराज से पहुंचे लोग एम्स की सुविधाओं को देख चकाचौंध नजर आए। वहीं जब दिग्गजों ने बोलना शुरू किया और वहां पर मौजूद जनसमुदाय का साथ मिला तो भाजपाई खुशी से फूले नहीं समा रहे थे।

एम्स का पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके बाद दिग्गजों ने सभा को संबोधित करते हुए जमकर हुंकार भरा। इसके बाद भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल हो या फिर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी सभी के निशाने पर सिर्फ गांधी परिवार रहा। हाल ही में राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा और प्रियंका वाड्रा के चुनाव लड़ने के चर्चे शुरू हुए तो जिले के कांग्रेस संगठन में मानों जान आ गई हो। हर किसी को उम्मीद है कि सीट से गांधी परिवार का ही कोई सदस्य लड़ेगा। वहीं भाजपा किसी भी हालत में कांग्रेस के दूसरे गढ़ में सेंध लगाना चाह रही है। रविवार को एम्स के उद्घाटन स्थल पर कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला।

### सोशल मीडिया पर छाया सोनिया के शिलान्यास का वीडियो

कांग्रेस अपने गढ़ में कहीं से भी कमजोर नहीं होने देना चाह रही है। एम्स के उद्घाटन से पहले ही कांग्रेस के पदाधिकारी सक्रिय हो गए। सोशल मीडिया में पूर्व में सांसद सोनिया गांधी द्वारा शिलान्यास के दौरान पूजा अर्चन करने का वीडियो पोस्ट कर दिया गया। इसमें उनके साथ प्रियंका गांधी भी है। इससे यह संदेश देने की कोशिश में कांग्रेसी लगे हुए हैं कि भाजपा सिर्फ मौके का फायदा उठा रही है। एम्स समेत तमाम प्रोजेक्ट सांसद सोनिया गांधी की ही देन है।

## दस सालों में देश में दिखा क्रांतिकारी परिवर्तन : मुख्यमंत्री

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** एम्स रायबरेली के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एम्स की दशकों पूर्व जो मांग हुई थी। अब उसका विधिवत कार्यक्रम आज सामने आया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष से प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

एक नया भारत बन रहा है, जिस भारत में हर नागरिक को सुरक्षा की गारंटी भी है। जहां पर विकास की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की क्षमता भी है। अब हर युवा के हाथ को आजीविका के साथ जोड़ने और आम नागरिक की आस्था को सम्मान देने का सरकार के पास जज्बा है। यह नया भारत जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत तमाम प्रकार की बीमारियों से बचाव सुझाता है तो वही यह नया भारत बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा के नाम से हर जनपद पर स्वस्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का काम कर रहा है। सौभाग्य है कि एम्स रायबरेली के साथ यूपी देश का उन राज्यों में अग्रणी होने जा रहा है, जिनमें दो-दो एम्स है। अब रायबरेली एम्स पूर्ण रूप से प्रदेश की जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध करवाएगा। मुख्यमंत्री ने इशारों में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि देश में 70 सालो में जितना काम हुआ उतना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षो में हमारी सरकार ने किया है। 2017 से जब डबल इंजन की सरकार आई तो उस समय स्वास्थ्य एक चुनौती थी। प्रदेश में तरह तरह की बीमारियां देखी जाती थी। मेडिकल के क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाए बहुत खराब थी।



प्रधानमंत्री के वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान एम्स में मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी।

### नामदार और कामदार में अंतर है रायबरेली एम्स

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार :** एम्स को लेकर रायबरेली ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में हर्ष की लहर है। जिले की जनता अब जान चुकी है कि विकास का पहिया नामदार नहीं बल्कि कामदार के आने से चलता है। ये बातें भाजपा के पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने कही। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। कहा कि वर्तमान सरकार बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। अमेठी के बाद इस बार रायबरेली में भी कमल खिलना तय है। पिछले दस सालों में जो काम हुए वह 70 सालों में नहीं हो सके। रायबरेली क्षेत्र का प्रत्येक परिवार आज मोदी जी को आशीर्वाद दे रहा है। उन्होंने कहा कि एक परिवार ने वर्षों तक अपने फायदे के लिए रायबरेली को केवल इस्तेमाल किया। उद्घाटन और शिलान्यास में वर्षों लगा दिए। सिर्फ अपना हित देखते रहे।



सरकार की उपलब्धियों को बताते भाजपा के पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह।

### सार-संक्षेप

#### ई रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** ई रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार दो लोग सड़क पर गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गये, जिन्हें सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामला क्षेत्र के तिवारीपुर तिराहे के पास का है, जहां रविवार की दोपहर लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर ई रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार कपिलेश कुमार (26) निवासी बिशुनदासपुर थाना गदागंज व सागर (15) निवासी गोसाईं का पुरवा मजरे अकोढ़िया घायल हो गये। राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दो लोग सीएचसी आये थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

#### श्रीमद्भागवत कथा में भंडारा का आयोजन, छका प्रसाद



भंडारे का प्रसाद छकते लोग। अमृत विचार

**डलमऊ, रायबरेली।** धार्मिक नगरी डलमऊ के संकट मोचन में 17 फरवरी से चल रहे भागवत कथा एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतिम दिन शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ा मठ के स्वामी दिव्यानंद गिरि के आयोजन में चले भागवत कथा में बाराबंकी से आए स्वामी कृष्णानंद सरोज ने श्री कृष्ण लीला का विस्तार से वर्णन किया, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। तीन दिन चले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में राधा कृष्ण की मूर्ति प्रतिस्थापित की गई। शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ा मठ के महंत स्वामी बद्रीनाथ गिरि की 40वीं पुण्यतिथि भी मनाई गई। स्वामी बद्रीनाथ गिरि 1983 तक वहां के महंत रहे स्वामी दिव्यानंद गिरि ने बताया कि सात दिवसीय चले भागवत कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

#### शायरी से एकता और भाईचारे को मिलती मजबूती



गुलाब रोड स्थित लान में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कवि, शायर व अन्य।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** केएन लान गुलाब रोड में शायर मुनव्वर राना की याद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें साहित्यकारों ने अपनी-अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। श्री कृष्णा नंद श्रीवास्तव ने कहा मुल्क मे अमन चैन भाईचारा से हर धर्म के लोग मिलकर रहे जिससे देश तरक्की करे। हसन रायबरेलवी ने कहा शायरी ऐसी होती है, जिससे एकता और भाई चारे को मजबूती मिलती है। नफरत को दूर करती है। शिशिर श्रीवास्तव, इसरार अहमद ने कहा हम लोगों ने हमेशा अमन का संदेश देने का काम किया है। हर बुरे वक्त पर बढ़-चढ़कर सेवा भावना से काम किया है। कार्यक्रम का संचालन गुलाम हैदर सिद्दीकी ने किया इस मुशायरे में रमाकांत, राम सनेही, जय चकवर्ती, खलील फरीदी, सादाब, राजेंद्र बहादुर सिंह, राज, रोशन, अजीज हसन, सुदामा, गुलाम हैदर सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

#### 46वीं वाहिनी आईटीबीपी ने मनाया सेवानिवृत्त दिवस

**डलमऊ, रायबरेली।** आईटीबीपी कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशन में सेवानिवृत्त दिवस मनाया गया। इसमें वाहिनी के आसपास के क्षेत्राधिकार में निवासी करने वाले भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के सेवानिवृत्त पदाधिकारियों, दिवंगत और शहीद पदाधिकारियों के आश्रितों को सम्मानित किया गया। इसमें निरीक्षक हरिनारायण यादव, उप निरीक्षक रामसुख, हेड कांस्टेबल रमाकांत त्रिवेदी व शहीद आशीष की पत्नी हेड कांस्टेबल जूली सिंह आदि मौजूद रहे। कमांडेंट पवन कुमार, उप कमांडेंट कृष्णकांत शर्मा, नारायण सिंह, दयाला राम आदि ने बुके देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही सभी को आईटीबीपी द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की। इस दौरान तम्बोला कार्यक्रम का आयोजन और सेवानिवृत्त दिवस पर बड़ा खाना भी किया गया। निरीक्षक नरेंद्र, उपनिरीक्षक रामचंद्र सेरावत, हेड कांस्टेबल रवि कुमार आदि ने आभार प्रकट किया।



आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पूर्व पदाधिकारियों से मिलते आईटीबीपी कमांडेंट पवन कुमार।

#### शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**सरेनी, रायबरेली।** बेनी माधव पब्लिक स्कूल में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्य आरके सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने कर्तव्यों के निर्वहन में कोताही न करें। सभी छात्र छात्राओं को अपने बच्चों की तरह शिक्षित करें। उन्होंने कहा कि अभिभावक भी अपनी जिम्मेदारी समझे। बच्चों को सुबह शाम पढ़ने के लिए प्रेरित करें क्योंकि माता-पिता बच्चों की पहली पाठशाला होते हैं। संचालन जेपी पाण्डेय ने किया। इस मौके पर प्रबंधक राजू तिवारी, विजय बहादुर, संतोष कुमार, प्रवीण कुमार, अतुल मिश्रा, अवधेश कुमार, मयंक पाण्डेय, नूर बानो, सरिता, रोशनी, वंदना आदि मौजूद रहे।

## एम्स से मिलेगा कई राज्यों को लाभ विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं

धर्मेंद्र प्रधान, रायबरेली

**अमृत विचार।** एम्स का लाभ रायबरेली समेत आसपास जिले के लोगों को ही नहीं बल्कि कई राज्यों को मिलेगा। वजह, यहां पर मौजूद विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का होना है। वर्तमान रायबरेली के अलावा अमेठी, सुल्तानपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, उन्नाव, प्रयागराज समेत कई जिले लोग यहां पर इलाज कराने के लिए आ रहे हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को फरवरी, 2009 में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत 823 करोड़ रूपये की स्वीकृत लागत पर मंजूरी दी गई थी। मंत्रालय ने जुलाई, 2013 में परियोजना के लिए मेसर्स एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड को परियोजना प्रबंधन सलाहकार नियुक्त किया। एम्स, रायबरेली 610 बिस्तरों वाला एक अस्पताल है, जिसमें आपातकालीन और ट्रामा के लिए 30 बिस्तर, आईसीयू विशेषता और सुपर स्पेशलिटी बिस्तर, एक 100 एमबीबीएस सीटों वाला मेडिकल कॉलेज छात्रावास और आवासीय क्वार्टरों के साथ शामिल है। एम्स रायबरेली उत्तर प्रदेश के पूर्वी और मध्य क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जो बिहार, उत्तराखण्ड और मध्य प्रदेश राज्यों की सीमा से लगा हुआ है। रायबरेली, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ और कानपुर शहरों के बीच स्थित होने के साथ-साथ अयोध्या और चित्रकूट के आसपास स्थित होने के कारण इन जिले के लोगों को भी लाभ मिलेगा। इतना ही नहीं यह संस्थान तीन एक्सप्रेस-वे (राष्ट्रीय राजमार्ग) के संगम पर स्थित है और उत्तर प्रदेश के लिए प्रमुख ट्रॉमा और आपातकालीन खानपान अस्पताल के रूप में कार्य करता है।

**आयोजन** शानू इलेवन ने सैनिक ढाबा को 73 रनों से पराजित कर कप पर जमाया कब्जा

## उच्च शिखर की ओर ले जाती अच्छी खेल प्रतियोगिता : राज दीक्षित

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** शिवगढ़ नगर पंचायत में आयोजित बीएसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में शानू इलेवन शिवगढ़ ने सैनिक ढाबा भवानीगढ़ को पराजित कप अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाजसेवी राज दीक्षित हरियाणा वाले द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।

सैनिक ढाबा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। वहीं शानू इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सैनिक ढाबा टीम 80 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार से शानू इलेवन ने 73 रनों से मैच जीत कर कप अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द मैच शानू इलेवन टीम के अमित शुक्ला को दिया गया। वहीं मैन ऑफ़ द सीरीज 12 विकेट लेने वाले सैनिक ढाबा टीम के रमन को दिया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है। हार होने पर ना ही दुखी होना चाहिए और ना ही जीत होने पर अति प्रसन्नता। एक अच्छी खेल प्रतियोगिता हमेशा उच्च शिखर की ओर ले जाती है। प्रतियोगिता का आयोजन साहिल, सकील, बबलू द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश त्रिवेदी, अंजनी अग्निहोत्री, लवकुश मिश्रा आदि मौजूद रहे।



क्रिकेट टूर्नामेंट में खुशी का इजहार करते विजेता टीम के खिलाड़ी।

## मेहेर बाबा के भंडारे में उमड़े लोग

**बछरावां, रायबरेली।** मेहेर बाबा भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें दूरदराज से लोगों ने पहुंच कर प्रसाद छका। महाराजगंज रोड पर स्थित मेहेर पैथोलॉजी संचालक पीयूष सिंह की अगुवाई में बाबा के 130 वे अवतरण दिवस पर लैब के निकट भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के पूर्व बाबा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। भजन आरती में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुंदरकांड समिति के प्रमुख सतीश सिंह, डॉ आकाश, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, व्यापार मंडल महामंत्री अंकित शुक्ल सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

# अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

**घर पर था तिलक का कार्यक्रम गम में तब्दील हुईं खुशियां**

जगतपुर ,रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ा कटरा निवासी एक महिला बेटे व पड़ोसी के साथ बाइक से पड़रिया बाजार सामान खरीदने जा रहे थे, तभी अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवारों को रौंद दिया। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। वहीं महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

रविवार को बड़ा कटरा गांव निवासी रानी देवी के परिवार में तिलकोत्सव का कार्यक्रम था। जिसको लेकर वह अपने बेटे समरजीत तथा पड़ोसी मोहनलाल को बाइक से लेकर पड़रिया बाजार सामान खरीदने जा रही थी। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने बाइक को रौंद दिया। जिसमें समरजीत व मोहनलाल तथा रानी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी लाया गया। जहां पर देखते ही डॉक्टरों ने समरजीत व मोहनलाल को मृत घोषित कर दिया।

वही हादसे में घायल रानी का उपचार किया जा रहा है।एसओ बबिता पटेल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। तथा एक महिला घायल है। जिसका उपचार किया जा रहा है। दोनों मृतकों के शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने डंपर को हिरासत में नहीं लिया है। जबकि ग्रामीणों ने डंपर को रोक रखा है।

**महज कुछ पल में बदल गया मंजर**

रविवार को ही रानी देवी के परिवार में तिलकोत्सव कार्यक्रम था और उसे सिल सिले में वह कुछ खरीददारी करने बाजार जा रही थी। लेकिन समय को कुछ और ही मंजूर था। सड़क हादसे की खबर नें सभी को झकझोर कर रख दिया। खुशियों का माहौल गम में हुआ तब्दील हो गया। इस घटना से आसपास के लोगों ने भी काफी अफसोस जताया है

# अनिमेष का डेंटल सर्जन पद पर चयन, सीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

खीरों,रायबरेली,

**अमृत विचार।** खीरों कस्बा निवासी व पूर्व शासकीय अधिवक्ता राजेन्द्र त्रिपाठी के पुत्र डा. अनिमेष त्रिपाठी का लोक सेवा आयोग की परीक्षा में डेंटल सर्जन पद के लिए चयन होने के बाद रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया । मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र मिलते ही उनके परिजनों के साथ क्षेत्रीय लोगो मे खुशी की लहर दौड़ गयी।

डॉ अनिमेष त्रिपाठी का प्रदेश के विभिन्न सरकारी अस्पतालों के लिए कुल 174 डेंटल सर्जन के पदों के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में चयन होने के बाद उन्नाव जनपद के ऊँचगांव सीएचसी में नियुक्ति हुई थी। जिसके बाद रविवार को लोक भवन में डॉ अनिमेश त्रिपाठी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। डॉ अनिमेष त्रिपाठी के चयन के बाद मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी। डॉ अनिमेष त्रिपाठी ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज से बीडीएस की पढ़ाई किया था। उनकी इस सफलता पर क्षेत्र के सभी संभ्रांत एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी

## सार-संक्षेप

### एनटीपीसी के 500 मेगावाट की यूनिट में उत्पादन शुरू

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना की सबसे बड़ी 500 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या छह में विद्युत उत्पादन शुरू हो गया है। करीब डेढ़ माह बाद यह यूनिट वार्षिक मरम्मत के बाद चालू की गई है। देर रात तक इस यूनिट के पूरे भार पर आने की संभावना है। एनटीपीसी ऊंचाहार परियोजना में यूनिट संख्या छह सबसे बड़ी 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट है। अन्य पांच यूनिटों में प्रत्येक यूनिट 210 मेगावाट क्षमता की है। डेढ़ माह पहले 500 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या छह को वार्षिक मरम्मत के लिए बंद किया गया था। इस दौरान यूनिट के ब्वायलर, टरबाइन समेत अन्य भागों में मरम्मत का काम हुआ है। इसी के साथ ब्वायलर के लाइसेंस का नवीनीकरण भी कराया गया है। डेढ़ माह तक चले लंबे मरम्मत कार्य के बाद रविवार की सुबह इस यूनिट को चालू कर दिया गया है। प्रारंभिक दौर में यूनिट को ऑयल गन पर चलाया गया। पूरे भार पर यूनिट चलने के बाद इसे कोयले पर चलाया जायेगा। परियोजना सूत्रों ने बताया कि यदि कोई तकनीकी व्यवधान नहीं आया तो रविवार की देर रात यूनिट पूरे भार पर आ जायेगी।

### दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर, कई घायल

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** शनिवार रात चांदा थाना क्षेत्र के छतौना कला में निमंत्रण में गए आदित्य मिश्र व मुकेश निषाद का किसी बात को लेकर आपस में वाद-विवाद हो गया । रविवार सुबह मामला तूल पकड़ लिया। जब दोनों पक्षों के लोगों की छतौना कला बाजार में आपस में फिर कहा सुनी हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग काफी संख्या में आपस में हमलावर हो गये। एक पक्ष से ईट-गुम्मे भी चले। इससे दूसरे पक्ष के लोग बुरी तरह घायल हो गए। आदित्य मिश्रा पक्ष के कई लोग गम्भीर हालत में जख्मी हो गये। इसमें सौरभ मिश्रा, ओम शंकर व पिंटू मिश्र गम्भीर रूप से घायल हैं। वही दूसरे पक्ष के जड़ावती अंजना व दिनेश को चोटें आई हैं। मामले में दोनों पक्षो की तरफ कोतवाली में लिखित तहरीर पड़ी है। निरीक्षक कोतवाली चांदा जय प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### घर में घुसे चोरों ने पार की नकदी और जेवर

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि मुख्य दरवाजे को तोड़ चोर घर में दाखिल हो गए। घर में रखी अलमारी व तिजोरी तोड़ नगदी व जेवरात उड़ा ले गए। अखंडनगर थाना क्षेत्र के पसना गांव निवासी संतोष कुमार तिवारी ने थाने पर शिकायती पत्र दिया है। उन्होने बताया कि शनिवार की रात गिरोहबंद चोरो ने उनके मुख्य दरवाजे से घर में दाखिल हो गए। घर के अंदर रखे हुए अलामारी, संदूक, तिजोरी तोड़ उसमें रखे हुए नगदी करीब आठ लाख के सोने चांदी के जेवर उठा ले गए। रविवार की सुबह चार बजे नीद से जगे परिजनों को चोरी की जानकारी हुई। तो इसकी सूचना डायल 112 को दी। वही चोरों ने दो बॉक्स तोड़कर घर के बाहर फेक दिया था जो मिला है।

### सीएमओ के निरीक्षण में स्वास्थ्य कर्मी मिले नदारद

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार।** सीएचसी कूरेभार के निरीक्षण में दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी नदारद मिले। रविवार को सीएमओ डॉ. ओम प्रकाश चौधरी के निरीक्षण में अस्पताल की यह असलियत सामने आई। सीएमओ गैरहाजिर कर्मियों से जवाब तलब किया है। रविवार की दोपहर सीएचसी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ अस्पताल का नजारा देख दंग रह गए। पहले उपस्थित पंजिका को देखा। उसमें डॉ. बीके गौतम, फार्मासिस्ट अरुण उपाध्याय, डॉ. रवि चक्रवाल, चौकीदार दुर्गेश मौजूद रहे। वहीं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेष सिंह समेत अधिकतर स्वास्थ्य कर्मी नदारद मिले। डॉ. प्रियेश दीक्षित, डॉ अंजू चौहान, नंदलाल, अमरावती, मिथलेश दूबे, कृपा चौबे, बृजेश गुप्ता, आलोक सिंह, अनुपमा वर्मा, अर्पिता उपाध्याय, श्रीमती संतोष मिश्रा, अशोक मौर्या, दिनेश कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, मेला ड्यूटी, रीता वर्मा, तीर्थ राज, मनोज गुप्ता, निधी कौशल, आराधना शुक्ला, अजय मौर्य, रितेश कुमार, कुलदीप कुमार शर्मा, कृष्ण मोहन तिवारी, नीलम, पूजा रानी, रंजीत, अतुल सिंह, डॉ. प्रियंका शुक्ला, डॉ मनीष राय मेला ड्यूटी पर बताया गया। डॉ. चौधरी ने बताया कि निरीक्षण में अनुपस्थिति कर्मियों से जवाब तलब किया गया है।

### नाली के विवाद में दंपति को पीटा, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** रविवार की सुबह नाली के विवाद में पति पत्नी की पिटाई कर दी। कोतवाली देहात के महानपुर निवासी सूरज कुमार ने रविवार को थाने में तहरीर दी है। सूरज न बताया कि नाली विवाद के चलते उनके पड़ोसी राम सेवक परिवार वालों के साथ उसकी पिटाई करने लगे। बीच बचाव में आई उनकी पत्नी को भी पीटने लगे। आरोप है जान बचाकर जब उनकी पत्नी सुमन घर में भागी तो उक्त लोग घर में घुसकर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। गुहार पर ग्रामीणों को आता देख उक्त लोग चले गए। एसएचओ ने बताया कि सूरज की तहरीर पर राम सेवक व उनके परिजनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भांई गांव में नहर की पटरी के पास एक वृद्ध का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका हुआ पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भाई गांव निवासी बुद्धू कनौजिया उर्फ राजू (65) का नहर की पटरी किनारे चिलविल के पेड़ में फंदे से लटका हुआ शव दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने सूचना धम्मौर पुलिस को दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। मामला पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

# सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

**डलमऊ गंगा तट पर लोगों ने की साफ-सफाई**

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** पूर्णिमा स्नान में श्रद्धालुओं ने उत्साह और उमंग के साथ स्नान किया। धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वहीं उसके बाद अपने-अपने घरों को लौट गए। इस दौरान उनके द्वारा फैलाई गई गंदगी की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। रविवार को गंगा तटों की सफाई का बीड़ा स्वामी देवेंद्रानंद गिरि महाराज ने उठाते हुए स्वच्छता अभियान चलाया।

इस दौरान मठ के सदस्यों के साथ आसपास के लोगों ने भी हिस्सा लिया। गंगा तट के विभिन्न घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करने के बाद एकत्रित कूड़े को निस्तारित किया। संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद महाराज ने बताया कि गंगा नदी के स्थान घाटों को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से निरंतर सप्ताहिक साफ सफाई अभियान चलाया जाता हे। उन्होंने बताया कि आस्था के बीच छोड़ गए गंदगी माघ पूर्णिमा के अवसर पर जिले व अन्य जिलों के भी श्रद्धालु भक्त गंगा स्नान करने आते हैं, परंतु कूड़ादान होने के बावजूद जागरूकता नहीं होने के कारण लोग गंदगी फैलाकर चले जाते हैं। श्रद्धालुओं द्वारा अगरबत्ती के पैकेट, माचिस, फूलमाला, आधुनिक प्रकार की शादी विवाह में प्रयुक्त हुई सामग्री आदि गंगा के किनारे पड़े रहते हैं।

इस दौरान पक्के घाटों की सफाई तो नगर पंचायत की कर्मचारी करते हैं, लेकिन कच्चे घाटों पर कोई कर्मचारी दिखाई नहीं देता। छोटा मठ घाट बिजली के खंबे पर लाइट न होने के कारण लोगों को अंधेरे में स्नान करना पड़ता है। इस मौके पर राम चैतन्य, स्वामी गीतानंद, स्वामी दिव्यानंद, संदीप कुमार मिश्रा, सुशील शास्त्री, भंवर जी तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बिना सफाई के तोड़ा सेफ्टी टैंक, बदबू से आमजन बेहाल

सेमरी, रायबरेली.

**अमृत विचार।** खीरों विकास क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सेमरी चौराहा में उन्नाव से लालगंज मुख्य मार्ग का निर्माण कराने वाली कार्यदायी संस्था पीएनसी द्वारा एन एच 31 का निमार्ण कार्य किया जा रहा है। जिससे मार्ग में आने वाले मकान व दुकानों को तोड़ा जा रहा है। साथ ही मकान के अंदर बने सेफ्टीटैंक को रविवार के दिन बिना सफाई कराए ही कार्यदाई संस्था द्वारा तोड़ दिया गया है।

सेफ्टी टैंक के तोड़े जाने के कारण आसपास फैले गंदे पानी की दुर्गन्ध से दुकानदारों व पास के रहने वाले लोगो का जीना दुश्वार हो गया है।

सेमरी चौराहे के रहने वाले चंद्रिका, सूरज, प्रेम बाजपेई ,दीपू, सचिन, आशुतोष, सुनील, शिखर, सुशील ,सुदामा आदि दुकानदारों का कहना है कि कार्यदाई संस्था पीएनसी द्वारा गैर जिम्मेदारी तरीके से सेफ्टीटैंक को बिना सफाई के तोड़ने से निकल रही बदबू से दुकानदारी करना व रहना काफी परेशानी भरा हो गया है। इससे निकलने वाली दुर्गंध से संक्रामक बीमारी फैलने का डर लोगो को सताने लगा है।

# फंदे से विवाहिता का लटकता मिला शव

**नसीराबाद, रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर कमरे मे एक विवाहिता का शव मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार की सुबह करीब 6 बजे थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले गांव पूरे पिछवरिया धरई चौराहा निवासी रंजीता पत्नी सोनू का घर के अंदर कमरे में शव लटकता मिला। वही घटना से मृतका की बेटी श्रेया बेटा अमरेंद्र का रो रोकर बुरा हाल है। बताते है कि विवाहिता का पति दूसरे जिले में मजदूरी करता है। थाना प्रभारी रामलखन पटेल ने बताया कि विवाहिता का शव कमरे में पंखे के कुंडे से लटकता मिला है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का लग रहा है।

# बंसत उत्सवः कवियों ने मोहा मन, खूब बजीं तालियां

**बसंत उत्सव मेला में विराट कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन**

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** बसंत उत्सव मेला में रविवार को विकास क्षेत्र की पस्तौर ग्राम सभा में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर कंजेश्वर धाम में स्वामी विचित्रानंद जी महाराज के नेतृत्व में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन का कुशल संचालन कवि नीरज पांडे के द्वारा किया गया।

कवि सम्मेलन मे डॉक्टर देवी बक्स सिंह, श्यामल मजूमदार, प्रमोद पंकज, हरिहर दत्त पांडे, सुनीत बाजपेई, मधुप श्रीवास्तव "नरकंकाल", गीता गंगवार, रामश्रय सिंधु, जमुना पांडे अबोध, सुखदेव प्रसाद, भूखन भैया, अमलेश कुमार, श्याम किशोर, उत्तम सोनी सागर, निर्मल श्रीवास्तव, सौरभ शुक्ला, उत्कर्ष उत्तम, विनोद दीक्षित, चंद्रहास सिंह, शैलेंद्र गुलशन सहित देश एवं प्रदेश के अन्य कवि एवं कवियत्रियों ने अपना कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यक्रम के व्यवस्थापक राजेंद्र वर्मा द्वारा पूरी की गई। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक स्वामी विचित्रानंद जी महाराज ने बताया कि पूर्व में हमने कार्यक्रम को लेकर जो निवेदन क्षेत्र वासियों से किया था वह साकार हुआ है। उन्होंने सभी का आभार प्रकट किया।

# 211 रोगियों की आंखों की हुई जांच

**सरेनी, रायबरेली ।** नीबी गांव में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 211 मरीजों की आंखों की जांच की गयी। 109 रोगियों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। संयोजक सुन्दर सिंह सिकरवार ने बताया है कि मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों की आंखों का आपरेशन दो शिफ्टों में क्रमशः 14 व 15 मई को किया जायेगा। मरीजों को बस द्वारा इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र आलम बाग लखनऊ ले जाया जायेगा। मरीजों को सारी सुविधाएं निःशुल्क दी जायेगी। नीबी में नेत्र रोगियों की आंखों की जांच कुशल नेत्र विशेषज्ञ डा. इस्लामुद्दीन व उनकी सात सदस्यीय टीम ने की। कैम्प व्यवस्थापक सतीश शर्मा, संरक्षक सूर्यबली सिंह व समाजसेवी नरेन्द्र सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# लेखपाल की करतूतः मनरेगा के तालाब की मिट्टी एक्सप्रेस वे में बेचा

**मनरेगा के तहत तालाब खोदाई को मिली थी वित्तीय स्वीकृति जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी**

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** ग्रामीण मजदूरों की जीविका के लिए मनरेगा योजना में रोहनिया विकास खंड के गांव सराय अख्तियार में बड़ा खेल सामने आया है। मनरेगा के तहत सरोवर के खोदाई का काम रात में पोकलैंड से किया गया और सारी मिट्टी गंगा एक्सप्रेस वे के ठेकेदार के हाथ बेंच दी गई। यह काम प्रधान और लेखपाल मिलकर किया है। प्रकरण में चर्चा में आने लगा तो बीडीओ ने जांच के आदेश दे दिए।

सराय अख्तियार गांव में कर्बला नाम से बड़ा तालाब है। इसकी खोदाई के लिए मनरेगा के तहत कार्य योजना बनी थी। जिसमें स्टीमेट तैयार करके उसकी वित्तीय स्वीकृति ली गई। उसके बाद इस तालाब में काम नहीं शुरू हो पाया था कि ग्राम प्रधान और लेखपाल ने मिलकर इसकी सौदेबाजी कर डाली। गांव के थोड़ी दूर पर गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण चल रहा है, जिसमें इस समय मिट्टी की भराई का काम चल रहा है।

गांव के दोनों जिम्मेदारों ने एक्सप्रेस वे के ठेकेदार से मिलकर रात में इस तालाब की पोकलैंड से खोदाई करके डंपर द्वारा सारी मिट्टी एक्सप्रेस वे में भेजवा दी। मनरेगा के कार्य की इस खुली डकैती का ग्रामीणों ने वीडियो बना लिया। उसके बाद जब वीडियो वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया।

मामला जब खंड विकास अधिकारी की जानकारी में आया तो उन्होंने इसकी प्रारंभिक जांच कराई, उसके बाद मामला एसडीएम तक पहुंचा। अब ग्राम प्रधान का कहना है कि तालाब की खोदाई श्रमिकों द्वारा की गई है, जबकि वायरल वीडियो को वह झूठा बता रहा है। उधर, खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह का कहना है कि मामले की उन्हें कोई जानकारी हुई थी। इसमें जांच कराई गई और पूरा प्रकरण उच्चाधिकारियों को लिखित रूप में भेजा गया है। इसमें लेखपाल की मनमानी सामने आई है। इसकी विस्तृत जांच कराई जायेगी।

# नहर के तट की हुई साफ-सफाई

जगतपुर, रायबरेली



शारदा नहर की पटरियों पर साफ-सफाई करते साध संगत।

**अमृत विचार।** संत निरंकारी सत्संग मिशन के साध संगतो ने अमृत स्वच्छ जल व स्वच्छ मन के तहत शारदा सहायक तट के किनारे साफ सफाई की गई, जिसमें सभी साध संगतो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शनिवार को जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन के साध संगतो द्वारा अमृत स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज की आदेश के अनुसार शारदा सहायक नहर पर साफ सफाई का अभियान शुरू कर दिया गया है।

इस अभियान में प्राथमिक लक्ष्य जनता को उन तरीकों के बारे में शिक्षित करना है, जिससे जल निकायों को संरक्षित किया जा सके ताकि आने वाली पीढ़ियां इस स्वस्थ भविष्य का आनंद ले सके। संत निरंकारी मिशन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए सफाई अभियान का सम्मान करने के लिए प्रोजेक्ट अमृत लॉन्च किया है।

परियोजना का प्राथमिक लक्ष्य स्थानीय आबादी के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से जल निकाय संरक्षण स्वच्छता और संवर्धन है, जिससे तलाबों, नदियों, झीलों, कुएं, झरनों आदि को स्वच्छ बनाना है। समाज के हर क्षेत्र में इस पर्यावरण को संरक्षण प्रयास की प्रशंसा और सम्मान किया जाना है। संत निरंकारी मिशन के ज्ञान प्रचारक बसंत लाल ने आए हुए सभी साथ संतो का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राम प्रसाद, राम लखन, राम सुमेर, बाबूलाल, रतिपाल, महेश दत्त, बैजनाथ, प्रीतम, कमल, विवेक, कर्मावती, वंदना, बबीता, रजनी, पूनम, रेखा, कमला, लक्ष्मी सहित आदि साथ संगत मौजूद रहे।

# वर्चुअल लोकार्पण में हजारों लोग हुए शामिल

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एम्स में हुई रैली में सरेनी विधानसभा क्षेत्र के लालगंज, गेगासों, डलमऊ, सरेनी, बेनीमाधवगंज मंडलों से हजारों लोग रैली में शामिल हुए। स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नमक को अदा करने के लिए रायबरेली की जनता को जनपद में भी भाजपा को जिताना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व ही भारत को विकसित राष्ट्र बना सकता है। सरेनी विधानसभा का कार्य देख रहे भाजपा नेता सुशील शुक्ला ने कहा कि एम्स जैसे आधुनिक संसाधनों से युक्त संस्थाओं का लोकार्पण कर भारत की जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं दिए जाने की दिशा में प्रधानमंत्री ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है।

सरेनी विधानसभा से जाने वाले लोगों में मुख्य रूप से भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, भाजपा नेता अनूप पांडे, मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे, मनोज अवस्थी, दिवाकर मिश्रा, गोविंद सविता, महेंद्र पटेल, सुबोध बाजपेई ,राजेंद्र विश्वकर्मा, राजकुमार त्रिवेदी, चंद्र प्रकाश पांडे, शिव प्रकाश पांडे, मनोज सिंह फ्रेंचाइजी, संतोष सिंह, मदन मिश्रा, नागेंद्र सिंह, रिंकू बाजपेई, राजेश निर्मल, अजीत कृष्ण सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, कुंवर बहादुर सिंह ,बबलू सिंह, नेपाल सिंह, बीके सिंह आदि रहे।

# प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**ऐहार में बैडमिंटन**

लालगंज, रायबरेली



बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

**अमृत विचार।** श्री संकट मोचन कमेटी ऐहार की ओर से दशम जनपद स्तरीय दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुकाबला दो वर्गों में खेला गया। जूनियर अंडर-15 एवं ओपन गर्ल्स।पहला सेमीफाइनल मैच अंकित रायबरेली और आर्यन तिवारी ऐहार के मध्य खेला गया, जिसमें अंकित रायबरेली ने विजय प्राप्त की। दूसरे सेमीफाइनल में संकल्प तिवारी ऐहार और अक्षत वाजपेई ऐहार के मध्य खेला गया, जिसमें अक्षत वाजपेई ने विजय हासिल कर फाइनल में अपना स्थान बनाया।

ओपनस गर्ल्स सिंगल मुकाबले पहला सेमीफाइनल मुकाबला मांडवी शुक्ला ऐहार और अवनी रायबरेली के मध्य खेला गया, जिसमें मांडवी शुक्ला ने विजय प्राप्त कर फाइनल में अपना स्थान बनाया। दूसरे सेमीफाइल में नंदिनी रायबरेली और शुभी ऐहार के मध्य मुकाबला खेला गया, जिसमें नंदिनी ने फाइनल में अपना स्थान बनाया। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन श्री फाउंडेशन के चेयरमैन के प्रतिनिधि आकर्षक द्विवेदी ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास सम्भव है। इस कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र मोहन त्रिपाठी ने किया एवं अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन अखिलेश कुमार पाण्डेय, जितेंद्र मिश्रा, अनुज अवस्थी, दिनेश चंद्र मिश्रा, कीर्ति मनोहर शुक्ला, सधोले प्रसाद शुक्ला, धीरेंद्र कुमार मिश्रा, मृदुलेश तिवारी, विकास तिवारी,रजत तिवारी, आयुष पाण्डेय, वैभव शुक्ला, विनायक त्रिपाठी ने किया। स्कोर की भूमिका में उद्देश्य शुक्ला और प्रखर शुक्ला की भूमिका रही।

**आयोजन** — बैसवारा इंटर कॉलेज खेल मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शाखा संगम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# संघ की शाखाओं में व्यक्ति बनता है संस्कारवान : विजय प्रकाश

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** कस्बे के बैसवारा इंटर कालेज खेल मैदान में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लालगंज नगर की ओर से शाखा संगम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे स्वयंसेवकों ने राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख,शासकीय अधिवक्ता हाई कोर्ट लखनऊ विजय प्रकाश ने कहा कि संघ की शाखा व्यक्ति में व्यक्तित्व, राष्ट्रभक्ति व संस्कार निर्माण की पाठशाला है, जहां राष्ट्र भक्तों का जन्म होता है। संघ की शाखा द्वारा सर्वोच्च नेतृत्व करने की क्षमता रखने की शिक्षा मिलती है। आज के समय में देश ही नहीं अपितु पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का नेतृत्व कर रहे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, दीनदयाल उपाध्याय, नानाजी देशमुख, बाला साहब देवरस, अशोक सिंघल आदि इसी पाठशाला से निकलकर देश व समाज का नेतृत्व करते हुए इतिहास में ख्याति प्राप्त की है।

मुख्य वक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में राष्ट्र के कार्य करने के लिए अच्छे कार्यकर्ता का निर्माण किया जाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को नियमित शाखा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जिला इकाई लालगंज नगर में लगने वाली 10 शाखाओं का शाखा संगम आयोजित किया गया। जिसमें सभी शाखाओं के कार्यकर्ता और स्वयंसेवक शामिल हुए। खेलकूद, सामोहिक सूर्य नमस्कार, बौद्धिक और प्रार्थना के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान स्वयंसेवकों ने राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया।

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह उधम जायसवाल, जिला संघ चालक रामचरण, जिला प्रचारक बृजेश, नगर प्रचारक ओम नारायण, जिला कार्यवाह अनंत, रवि शंकर बाजपेई, सतीश त्रिवेदी,राजेश सोनी, शीतला प्रसाद, शिव प्रकाश, इंद्रेश सिंह, विमल गुप्ता, मयंक सिंह, दिव्यांशु तिवारी, दीपक अवस्थी, नवीन, राणा प्रताप, सचिन गुप्ता, समर्थ, देवांश, कुशाग्र, गौरव, हनुमान सिंह, गणेश चंद्र, समेत भारी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# नपं कर्मियों ने की साफ-सफाई



नगर पंचायत की ओर से कराई जा रही साफ-सफाई।

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** नसीराबाद में मुस्लिम समुदाय के पर्व शब-ए-बारात के लिए नगर पंचायत द्वारा मस्जिदों, इबादतगाहों व कब्रिस्तान आने जाने वाले मार्ग की साफ सफाई की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष मो. अली के निर्देश पर मो. नासिर व मो. जावेद के नेतृत्व में नगर पंचायत कर्मियों ने सभी रास्तों और स्थानों की विधिवत साफ-सफाई की।

नसीराबाद के मौलाना सिद्दीक अहमद कासमी के अनुसार इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया है कि जब उर्दू महीने के शाबान की 15 वीं रात यानी शब-ए-बारात आए तो रात में जाग कर इबादत करनी चाहिए। नगर अध्यक्ष मो. अली ने बताया कि जो लोग इबादत में रात गुजारते हैं, अल्लाह उनके गुनाहों को बख्श देते हैं। नगर पंचायत में शब-ए-बारात को लेकर मस्जिदों, इबादतगाहों और उसके आसपास की विधिवत साफ सफाई कराई गई।

# कंपनी मालिक ने महिलाकर्मी की हत्या कर शव फेंका

## आरोपी की निशानदेही पर लखनऊ की गाजीपुर थाना पुलिस ने बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र से बरामद किया शव

बेनीगंज, हरदोई



नदी से महिला का शव बरामद कराती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लखनऊ की राइट कांसेप्ट कंपनी के मालिक ने फील्ड आफीसर की गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी और शव को गोमती नदी में फेंक दिया। गाजीपुर की पुलिस ने कंपनी के मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसके बाद उसकी निशानदेही पर शव बरामद कर लिया।

कोतवाली शहर के सुभाष नगर निवासी नीरज सिंह की पत्नी गीता सिंह (35) लखनऊ में राइट कांसेप्ट कंपनी में फील्ड आफीसर के पद पर कार्यरत थीं। निजी कंपनियों के वर्करों का वेरीफिकेशन करने वाली इस कंपनी का मालिक अभिनय वर्मा निवासी खगेश्वर पुरवा है। गीता के पति नीरज ने बताया कि उसकी पत्नी बुधवार को लखनऊ गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद नीरज ने शुक्रवार को गाजीपुर थाने में पत्नी गीता सिंह की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लखनऊ कमिश्नरेट के डिप्टी कमिश्नर (उत्तरी) अजीत आर शंकर ने मामले की जांच एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल को सौंपी। इसके खुलासे के लिए एसओजी व सर्विलांस टीम को लगाया गया। पुलिस टीम ने कंपनी के मालिक अभिनय वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें अभिनय वर्मा टूट गया और बताया कि उसने बुधवार को ही गीता की गला घोंट कर हत्या कर दी थी और शव को बेनीगंज कोतवाली के बरगदिया पुल से गोमती नदी में फेंक दिया था। रविवार को एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल की टीम ने अभिनय वर्मा की निशानदेही पर शव बरामद कर उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### आरोपी के तीन दोस्तों ने शव फेंकने में की मदद

गीता सिंह की हत्या करने के बाद कंपनी मालिक अभिनय वर्मा ने शव फेंकने के लिए अपने दोस्तों अर्जुन, शिवम और कमल किशोर की मदद ली थी। बकौल अभिनय उसने अपने तीनों दोस्तों के साथ शव को ठिकाने लगाने की साजिश रची थी। पुलिस का कहना है कि सारे मामले की छानबीन की जा रही है, साथ ही फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### पैसे मांगने पर हुई बहस, मारपीट और फिर हत्या

राइट कांसेप्ट कंपनी के मालिक अभिनय वर्मा ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उससे पैसे मांगने आई थी। उसी बात पर उससे बहस हो गई, बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच हाथापाई की की नौबत आ गई। गीता के साथ हुए झगड़े को अपनी शान में गुस्ताख़ी समझने वाले कंपनी के मालिक ने उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी। हत्या के बाद वह घबरा गया और मदद के लिए दोस्तों को बुला लिया।

## एक नजर

### विहिप व बजरंग दल की कार्ययोजना बैठक संपन्न

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** प्रखण्ड भरखनी स्तर पर सुशीला देवी भूरी सिंह सरस्वती शिशु मंदिर भरखनी में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) व बजरंग दल की बैठक का आयोजन किया गया। जिला सह मंत्री रवि ने दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया। प्रखंड मंत्री हरिस्वरूप ने बैठक की। आचार्य पद्धति से कार्यक्रम की शुरुआत की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सह मंत्री रवि ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर लगभग 250 गांव में संपर्क किया जाएगा। इसके लिए कई कार्यकर्ताओं की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। जिला बलो उपासना प्रमुख प्रशान्त सिंह ने प्रखण्ड स्तर पर नवीन दायित्तो की घोषणा की, जिसमें आमतारा निवासी आकाश कुमार को प्रखण्ड उपाध्यक्ष विहिप, विपिन को बजरंग दल का सह संयोजक, अर्पित को ग्राम पंचायत आमतारा का संयोजक, गौरव को सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के दौरान विशाल, रामबाबू शुक्ला तथा समस्त प्रखण्ड कार्यकारिणी उपस्थित रही।

### वस्त्र पाकर जरूरतमंदों के खिल उठे चेहरे

**हरदोई, अमृत विचार।** नारायण सेवा समूह द्वारा 70 जरूरतमंद महिलाओं पुरुषों को विभिन्न क्षेत्रों से चयनित करके उनको वस्त्र वितरित किए गए। डॉ जय राम गुप्ता सुमेर सिंह व प्रियम मिश्रा ने बताया कि विभिन्न गांवों से चयनित जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से वस्त्र वितरित किये गए आगे भी हर माह इसी तरह से नारायण सेवा समूह अपने साथियों की मदद से भंडारे और वस्त्र वितरण के कार्यक्रम करते रहेंगे। इस दौरान जय शंकर मिश्रा, पतिराज गुप्ता, मनमोहन सिंह, नितिन मिश्रा, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, अरुण सिंह, संदीप अग्रवाल, प्रभुदयाल गुप्ता, रामस्नेही द्विवेदी, संजय मिश्रा, रमेश गुप्ता, तारकनाथ शर्मा, एमए प्रसाद व गोपी कृष्ण आदि लोग मौजूद रहे।

### चाकू से हमला कर रुपये मांगने का आरोप

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम परसोला निवासी पीड़ित ने एक युवक पर चाकू से हमला कर रुपए मांगने का आरोप लगाया। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई। बिलग्राम के मुख्य चौराहे पर चाय की दुकान पर खड़े परसोला निवासी मनोज कुमार सिंह पुत्र बलराम सिंह का कहना कि मोहल्ला सुलहड़ा निवासी सचिन ने उससे 50 हजार की मांग की। जब उसने रुपये देने से इंकार कर दिया, तब आरोपी ने गाली गलौज किया। फल की दुकान से चाकू उठाकर हमला कर दिया। पीड़ित का कहना है कि उसने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे नई रेलवे स्टेशन सुठेना अंडरपास का शिलान्यास

हरदोई

**अमृत विचार।** भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सोमवार को बालामऊ जंक्शन की नई रेलवे स्टेशन व सुठेना बाईपास के अंडर पास का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वर्चुअल शिलान्यास किया जायेगा। इस क्षण के जनप्रतिनिधि, रेल प्रशासन, नगर अध्यक्ष, सभासद गण, व्यापारी बन्धु, ग्राम प्रधान गण, क्षेत्र पंचायत गण, क्षेत्र के प्रबुद्धजन साक्षी बनेंगे। कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कछौना क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। रेल प्रशासन न आम जनमानस से अपील की ज्यादा से ज्यादा लोग प्रतिभाग कर इस पल के साक्षी बने।

मिली जानकारी के अनुसार बालामऊ जंक्शन स्टेशन का कायाकल्प 25 करोड़ की धनीराशि से कार्य किया जाएगा, कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। यातायात सुगमता के लिए सुठेना बाईपास का अंदर पास भी स्वीकृत हो गया है। नई रेलवे स्टेशन बालामऊ जंक्शन दक्षिण दिशा में स्थापित हो गई है। आधुनिक सुविधाओं से स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। बुनियादी सुविधाएं रेल टिकट घर, पेयजल, वाईफाई सुविधा, एक डिजिटल पुस्तकालय, सुलभ शौचालय, दिव्यांगजनों का सुलभ शौचालय, बैठने की अच्छी क्वालिटी की बेंचे, प्रतीक्षालय, रैंप, एक दूसरे प्लेटफार्म को जाने की सुविधा, अच्छी विद्युत व्यवस्था आदि आधुनिक विश्वस्तरीय सुविधाएं मुहैया होगी। इससे रेल यातायात सुगम होगा व दुर्घटनाओं में कमी होगी, समय की बचत होगी व क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। यह आदर्श स्टेशन अब मॉडल स्टेशन बनेगा, लोगों में काफी उत्साह है। आम जनमानस व व्यापारी बन्धु, दैनिक रेल यात्री इस अवसर पर बालामऊ जंक्शन पर कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव व ओवर ब्रिज की मांग हेतु ज्ञापन जनप्रतिनिधियों को देने की योजना बना रहे हैं।

### होली की भूमि पर कब्जा हटवाने को किया प्रदर्शन

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के नेवादा महमूद गांव में होली की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने के विरोध में ग्रामीणों ने कोतवाली में लामबंद होकर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। रविवार को गोसवा गांव के मजरा नेवादा महमूद गांव के एक दर्जन लोग लामबंद होकर मल्लावां कोतवाली आए जहां उन्होंने तहरीर देकर बताया कि गांव के बब्लू पुत्र शौकत ने होली लगने वाली भूमि पर कब्जा कर जोत लिया है। जब होली लगाने गांव के पंडित मुरारी गए तो होली लगाने से एतराज करने लगा । ग्रामीण मिथिलेश, लालता, प्रकाश, अरुण, गोपाल, अनिल, धनीराम, माया देवी, सुरेंद्र, वीरू सहित अन्य लोगों ने बताया वर्षों से उसी स्थान पर होली लगाई जा रही थी। अब गांव के बब्लू आपत्ति कर रहे हैं।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम एमपी सिंह साथ में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी। अमृत विचार

## शिकायतों के निस्तारण के साथ रैकिंग में सुधार के विशेष प्रयास करें : डीएम

हरदोई

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय पोर्टल पर ससमय सूचनाओं की फीडिंग सुनिश्चित करायें और रैकिंग में सुधार के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि लगातार खराब श्रेणी मे रहने वाले विभागों की जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही की जायेगी, इसलिए आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का प्रति दिन संज्ञान लें और शिकायतों का निस्तारण ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कृषक दुर्घटना सहायता योजना मे कोई भी मामला लंबित न रखा जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सही चरित्र और आध्यात्मिक व्यक्ति होता है निर्भीक

हरदोई

**अमृत विचार।** सच्चरित्र एवं आध्यात्मिक होने से ही व्यक्ति निर्भीक हो सकता है। 'संवेदना' संस्था का त्रैमासिक अधिवेशन रविवार को सीएसएन पीजी कालेज के सभागार में संपन्न हुआ।

अधिवेशन में 'मन का भटकाव : कारण एवं समाधान विषय पर एक विचार-गोष्ठी के साथ ही 'कवि-गोष्ठी' का आयोजन भी सम्पन्न हुआ। उपरोक्त मनोवैज्ञानिक विषय का प्रवर्तन करते हुए संस्थाध्यक्ष डा. ईश्वर चन्द्र वर्मा ने विवेकहीन आस्था, अन्ध-विश्वास, भय-तत्त्व तथा असत् विचारों के आच्छादन को मन के भटकाव का मूल कारण मानते हुए इन्द्रिय, मनस् और आत्मा के स्तर पर सतत जाग्रत रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

डा.ब्रह्मस्वरूप पाण्डेय ने कहा कि वासनाओं से ग्रस्त अन्ध-विश्वासी लोग कुटिल बुद्धि, ढोंगी व तथाकथित सन्तों के समक्ष नतमस्तक और समर्पित हो, अपने सोचने की क्षमता रखो देते हैं और अपना सभम, विवेक, सुख-शान्ति, धन-सम्पत्ति, पारिवारिक सौहार्द सबकुछ खो बैठते हैं और यहीं मन का भटकाव है। डा.नरेश चन्द्र शुक्ल ने कहा कि हम जितना भय-ग्रस्त रहेंगे, उतना ही अवसाद व तनावग्रस्त होंगे।

## सांसद ने सुना मन की बात कार्यक्रम

हरदोई



मन की बात कार्यक्रम में लाइव टेलीकास्ट देखते भाजपा सांसद व अन्य।

**अमृत विचार।** लोकसभा की साण्डी विधानसभा के बम्हनाखेड़ा मण्डल के सेक्टर कार्यालय बन्नापुर में रविवार को बूथ संख्या-343 व 344 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम का टीवी पर लाइव टेलीकास्ट देखा गया। इस बीच सांसद जयप्रकाश ने आम जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार सभी देशवासियों के लिए अनुकरणीय हैं। मन की बात कार्यक्रम के बाद सांसद जयप्रकाश ने वहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की लोकप्रिय योजनाओं को बताए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा की केंद्र की सरकार और प्रदेश की सरकार गरीबों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन सभी योजनाओं का लाभ गरीब जनता को मिल रहा है। मन की बात कार्यक्रम में अर्जुन सिंह चंदेल मण्डल अध्यक्ष, अनुराग ठाकुर अनुज सिंह बूथ अध्यक्ष, प्रदीप पाठक, जयदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, रामबहादुर, रामशंकर राठौर, धीरू सिंह डही, अमित वर्मा, राघवेंद्र मिश्रा व सतीश वर्मा आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शाखा संगम का किया गया आयोजन

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** नगर संघचालक संतोष शुक्ला के आवास पर हनुमान शाखा पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां लोगों को भारत माता के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए जागरूक किया गया। रविवार को मल्लावा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मल्लावां नगर का तीनशाखाओं का एकत्रीकरण करके एक शाखा संगम का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। लगभग 80 स्वयं सेवक ने भाग लिया। मुख्य वक्ताजय रत्न विभाग धर्म जागरण प्रमुख ,नगर संघ चालक संतोष शुक्ला, जिला मार्ग प्रमुख अनुज राजपूत व शोभित प्रजापति सहित अन्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप




रामलीला ग्राउंड में रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### रामलीला में अंगद-रावण संवाद का हुआ मंचन

**हरदोई, अमृत विचार।** रामलीला ग्राउंड में चल रही हनुमान सीता की खोज लेकर आये। राम जी सेना को सजा कर पहुंचे। समुद्र के पास वहां रावण ने अपने भाई विभीषण को लात मार कर भगा दिया। विभीषण राम की शरण में आ गया। राम ने विभीषण को लंका का राजा बना दिया। प्रभु समुद्र के पास जाकर मार्ग पूछने लगे, समुद्र ने सुंदर मार्ग बताया कि नल नील के द्वारा सेतु बनाया जाए। ऐसा सेतु का निर्माण हुआ। यह राम ने शंकर की स्थापना की और सेना लेकर पहुंच गए। समुद्र के उस पार और अंगद को भेजा। रावण को समझाने के लिए अंगद और रावण का संवाद हुआ। अंगद ने अपना पैर जमाया पर कोई हिला न सका और युद्ध की चुनौती दे दी। रासलीला में सुदामा चरित दिखाया गया। सुदामा बड़े हुए विवाह हुआ और गरीबी ने घेर लिया घर में एक अन्न का दाना तक नहीं रहा तो भगवान श्रीकृष्ण से मिलने गए तो श्रीकृष्ण ने गले लगाया और दो लोक की संपत्ति दी। आयोजक राम प्रकाश शुक्ला, कृष्ण अवतार दीक्षित, प्रेम शंकर द्विवेदी, अमलेंद्र नाथ मिश्र, राजेन्द्र त्रिवेदी, सतीश चंद्र, राकेश गुप्ता, संजय शुक्ला, रजनीश श्रीवास्तव व राजन यादव रहे।

### गांव के बाहर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के जोधनपुरवा गांव के पास बंद पड़े ईट भट्ठे पर नीम के पेड़ में फांसी लगाकर अधेड़ ने जान दे दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार श्यामा कुमार निवासी नयागांव भैसरी थाना टड़ियावां का रहने वाला था। अविवाहित होने के कारण वह अपने बहनोई फूलचंद्र निवासी जोधनपुरवा कोतवाली हरपालपुर के यहां लगभग 25 वर्ष से रह रहा था। जिसने रविवार की शाम को गांव के बाहर मुन्ना सिंह के बंद पड़े ईट भट्ठे पर खड़े नीम के पेड़ में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।मृतक की बहन सदाप्यारी के अनुसार वह मानसिक रूप से विच्छिप्त था और शराब के नशे का आदी था।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के कारण पता नहीं चल सका है।प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### गोदभराई के बाद किया शादी से इंकार, दी गई तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहाई निवासी वर पक्ष पर पुत्री की गोदभराई के बाद विवाह से इंकार करने पर लड़की के पिता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। लखीमपुर जनपद के चौकी औरंगाबाद के ग्राम ढकिया रूप निवासी सदानंद पुत्र श्यामलाल ने बताया उसने अपनी पुत्री रेनू का विवाह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहाई निवासी सच्चिदानंद के पुत्र रामानंद के साथ तय किया था। वर को देखते समय विवाह तय करने के लिए उसने 5,100 नगद और लगभग पांच हजार रुपए खर्च किए। उसके बाद रामानंद अपनी मां नाम नामालुम के साथ अन्य रिश्तेदारों को लेकर पुत्री की गोद भरने आए। शनिवार को वह वर पक्ष के घर तारीख निकलवाने की बात करने आया। तो उन लोगों ने विवाह से इंकार कर दिया। कारण पूछने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र दिया गया है पुलिस जांच कर रही है।

### चार साल बाद रेलवे ने घटाया किराया, यात्रियों को राहत

**हरदोई, अमृत विचार।** रेल प्रशासन लगातार अपनी यात्री सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दे रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत लगातार स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही लगातार वंदे भारत जैसी तेज गति की ट्रेनों का संचालन भी कर रहा है। हालांकि कोरोना संक्रमण ने रेल को काफी नुकसान पहुंचा था। कोरोना संक्रमण के चलते यात्री ट्रेनों के पहिए पूरी तरीके से थम गए थे जिसका खामियाजा आज तक रेल यात्री उठा रहे थे। रेल प्रशासन द्वारा पैसेंजर ट्रेनों के संचालक को बंद कर दिया था। इसी के साथ ही कम दूरी के रेलवे स्टेशनों के किराए में भी वृद्धि कर दी थी। रेल प्रशासन अभी तक रेल यात्रियों से कम दूरी वाले रेलवे स्टेशनों के लिए भी 30 न्यूनतम किराया वसूल रहा था लेकिन एक बार फिर रेल प्रशासन ने अपने यात्रियों को बड़ी राहत देने के निर्देश जारी कर दिए हैं। बता दें कि कोरोना संक्रमण में पैसेंजर ट्रेनों के बंद हो जाने के बाद से कम दूरी वाले रेलवे स्टेशन के किराए में वृद्धि हुई थी।कम दूरी वाले रेलवे स्टेशनों के लिए रेल प्रशासन ने 30 रुपये न्यूनतम किराया निर्धारित कर दिया था जो की कोरोना संक्रमण से पूर्व 10 रुपये था। रेल प्रशासन ने एक बार फिर अपने यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए अपने फैसले को वापस लिया है। रेल प्रशासन ने कोरोना संक्रमण से पूर्व कम दूरी वाले रेलवे स्टेशनों को लेकर किराए में की गई वृद्धि को वापस ले लिया है। यानी कि अब एक बार फिर कम दूरी वाले रेलवे स्टेशनों का किराया न्यूनतम 10 रुपये कर दिया गया है।




### योजना के लाभार्थियों को दिये प्रणाम पत्र

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद द्वारा सिकंदरपुर कल्लू के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू ने कहा कि केन्द्र और राज्य शासन द्वारा समाज के सभी वर्गो के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को कई बार कार्यालयों में जाना पड़ता था, लेकिन अब विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी स्वयं नागरिकों के पास पहुंच रहे हैं और नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक अनस खान, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दीपक कुमार सहित सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

### पीआरडी जवान की बिगड़ी तबियत, मौत

**हरदोई।** बोर्ड परीक्षा में नाइट ड्यूटी कर रहे पीआरडी जवान की अचानक तबियत बिगड़ गई। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। टड़ियावां थाने के आदमपुर निवासी शिवपाल सिंह पीआरडी जवान के पद पर तैनात था। उसके पुत्र आकाश ने बताया कि उसके पिता की बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी लगी हुई थी। शिवपाल सिंह शहर के एक इण्टर कालेज में नाइट ड्यूटी कर रहा था। आकाश ने बताया कि रविवार की सुबह अचानक उसके पिता की तबियत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जा रहे थे, उसी बीच उसकी वहां पहुंचने से पहले ही मौत हो गई।

## पति-पत्नी के विवाद में गोद से गिरा बच्चा, हालत गंभीर

हरदोई

**अमृत विचार।** पति-पत्नी के बीच हुई लड़ाई में दो माह का बच्चा ज़मीन पर गिरकर बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। हालाकि महिला ने पति पर आरोप लगाया है कि उसने बच्चे को गोद से छीनकर ज़मीन पर पटक दिया। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है, वहीं बच्चे की हालत नाजुक बताई गई है।

कोतवाली देहात के नयागांव निवासी चन्द्रेश कुमार राठौर की पुत्री अलका राठौर की शादी कोतवाली शहर के चीलपुरवा (अशोक नगर) निवासी अंकित कुमार के साथ करीब एक साल पहले की थी। अलका ने बताया उसका पति अंकित आपसी मनमुटाव के चलते कई महीनों से उससे अलग रह रहा था। रविवार को मोहल्ले में दूसरे मकान में रह रही उसकी सास कृष्णा देवी और ननद सविता उसके घर पहुंची। ननद झगड़ने लगी और फोन कर अपने भाई (अंकित) को बुला लिया। दोनों के बीच लड़ाई होने लगी, उसी में अलका की गोद से उसका दो माह का बच्चा ज़मीन पर गिर पड़ा। लेकिन अलका ने पति पर बच्चे को गोद से छीन कर उसे ज़मीन पर पटकने और फिर उसे उसके ऊपर गिराने का आरोप लगाया है।

**बैठक** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने निजी अस्पताल संचालकों व आईएमए पदाधिकारियों के साथ की बैठक

## टीबी उन्मूलन में निजी चिकित्सकों का सहयोग अहम

हरदोई



निजी अस्पताल संचालकों को संबोधित करते क्षय रोग अधिकारी।

**अमृत विचार।** भारत सरकार देश को टीबी मुक्त करने के लिए कदम बढ़ा रही है। 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। टीबी पर काबू पाने के लिए क्षय रोग विभाग ने कमर कस ली है।

बीते शनिवार की रात शहर के होटल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आईएमए पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में बड़े निजी हॉस्पिटल से आये दो वरिष्ठ चिकित्सको ने टीबी मरीजों के इलाज के बारे में स्थानीय चिकित्सको को जानकारी दी। बैठक में निजी अस्पताल संचालकों को उनके यहां उपचार करा रहे टीबी रोगियों की सूचना अनिवार्य रूप से देने के लिए कहा गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. शरद वैश्य ने कहा कि प्राइवेट चिकित्सकों को अपने यहां उपचाराधीन टीबी रोगियों की सूचना हर माह स्वास्थ्य विभाग को देना अनिवार्य है। यदि किसी अस्पताल में टीबी रोगी का उपचार नहीं चल रहा है तो भी वे सूचना देंगे, भले ही शून्य दें। आप लोगों के सहयोग से ही टीबी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। श्री वैश्य ने आगे कहा कि वर्ष 2025 तक क्षय रोग को पूरी तरह समाप्त करना है। इसमे अब निजी चिकित्सकों की भी सहायता ली जा रही है। इसके लिए निजी चिकित्सकों की भी कुछ जिम्मेदारियां तय की जा रही है। पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अमरजीत सिंह अजमानी ने कहा कि क्षय रोग के उन्मूलन में निजी चिकित्सकों का सहयोग अहम है। बताया कि उनके यहां आने वाले क्षय रोगियों का बकायदा रजिस्टर मेंटेन करना होगा और ऐसे रोगियों के बारे में सूचना पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को देना होगी। बैठक में डॉ अजय अस्थाना, डॉ संदीप कटियार, डॉ अरुण मौर्या, डॉ नीरज वर्मा, डॉ पीसी गुप्ता, डॉ अजय सिंह, डॉ अखिलेश पटेल, डॉ विनोद शुक्ला, डॉ जयप्रकाश, डॉ आरसी अग्रवाल, डॉ कीर्ति कटियार, महेंद्र यादव, उपदेश कुमार, ब्रजेश मित्रा, महेश श्रीबास्तव, अनुग्रह भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

### मवेशी चोरों पर कार्रवाई न करने का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** कांशीराम कालोनी स्थित एक व्यक्ति का मवेशी वहीं के लोगों ने चुरा लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर भी दी, लेकिन पुलिस चोरों को बचाने में लगी हुई है। थाना देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कांशीराम कालोनी निवासी अजय ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि मोहल्ले के अशोक व सरोज ने उसका मवेशी चोरी कर लिया। सुअर को ले जाते मोहल्ले के दिनेश शेखर आदि ने देखा। चोरों के खिलाफ कार्यवाही करने तथा कीमती मवेशी वापस दिलाने की मांग करते हुए उसने देहात कोतवाली में फरियाद लगाई, जिस पर पुलिस आरोपियों को पकड़ ले गई। फिर बाद में छोड़ दिया।

## एक नजर

### स्टेयरिंग रॉड टूटने से आलू से भरा ट्रक पलटा

**मल्लावां, हरदोई।** कटरा -बिल्हौर राजमार्ग पर स्टेयरिंग रॉड टूटने के चलते आलू से लदा ट्रक पलट गया। घटना में ट्रक चालक मामूली रूप से घायल हो गया। ट्रक पलटने से सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। रविवार की सुबह करीब पांच बजे सदा तालाब मोड़ के पास छतरपुर से आलू लाद कर बरेली जा रहे ट्रक अचानक स्टेरिंग का राड टूटने के चलते सड़क पर पलट गया। जिसमें लदे आलू के बोर सड़क पर फैल गए। इस हादसे में ट्रक चालक अख्तर रजा 48 वर्ष निवासी करीदपुर जनपद बरेली के पैर में चोट आने से घायल हो गया। घटना की जानकारी पर पुलिस ने घायल का इलाज कराया। इधर दोपहर तक आलू दूसरी गाड़ी में लोड होने तक सड़क निकलने वाले वाहनों को जाम की झाम से गुजरना पड़ा।

### दबंगों ने मां-बेटी को पीट कर किया घायल, दी गई तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल में दबंगों ने मां बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। अल्लाहपुर निवासी उषा पत्नी शेर सिंह ने बताया मोहल्ले का शुभम अपनी पत्नी भगता के साथ मिलकर आए दिन गाली गलौज करता है। रविवार को उन दोनों ने उसकी पुत्री को मारा पीटा उसने जब मना किया तो उन दोनों ने उसे भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

### कार्यकारिणी की गई भंग

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संडीला की कार्यकारिणी को भंग किया गया है। जिला संगठन मंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संडीला की कार्यकारिणी को निरस्त किया जा रहा है। ज़ब तक नवीन कार्यकारिणी का गठन नहीं होता, तब तक नगर संडीला कार्यकारिणी कार्य से विरत रहेंगे, जल्द ही संडीला नगर की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

# बहन की शादी के दिन भाई की दुर्घटना में मौत

## बाइक से पानी लेने के लिए बाजार जाते समय सीमेंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने मारी टक्कर

मल्लावां, हरदोई




**अमृत विचार।** बहन की शादी वाले दिन ही सीमेंट ले जा रहे उसके भाई को कुचल दिया,जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे में उसका मौसेरा भाई ज़ख्मी हो गया। जिसे कन्नौज के ज़िला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बहन की विदाई से पहले हादसे में भाई की मौत के बाद खुशियों के जगह चीख पुकार का शोर मच गया। शादी की सारी खुशियां मातम में बदल गई।

शनिवार को मल्लावां कोतवाली के बिराइचमऊ गांव निवासी सगीर की पुत्री शाहीन का निकाह था। सगीर का 16 वर्षीय पुत्र फैसल अपने मौसेरे भाई 14 वर्षीय ज़ैद पुत्र पप्पू निवासी मटियामऊ के साथ बारात के कामकाज निपटा रहा था। उसी बीच पानी की ज़रूरत पड़ गई। फैसल और ज़ैद दोनों बाइक से पानी लेने मटियामऊ चौराहा जा रहे थे। उसी बीच माधौगंज-मटियामऊ रोड पर सीमेंट लेकर ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी, नतीजन फैसल उछल कर ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आकर बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। ज़ैद को भी काफी चोटें आई। इसका पता होते ही फैसल के घर वाले उसे आनन-फानन लखनऊ ट्रामा सेंटर ले कर जा रहे थे, उसी बीच उसकी रास्ते में मौत हो गई। वहीं ज़ैद को कन्नौज के ज़िला अस्पताल में भर्ती कराया। फैसल तीन बहनों में सबसे छोटा था। बहन की शादी वाले दिन उसके भाई की हुई इस मौत के बाद घर की खुशियां मातम में बदल गई। शव के पोस्टमार्टम के बाद पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### खेत से लौट रहे किसान की हादसे में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** खेत पर खड़ी फसल की गोवंशो से रखवाली करने के बाद घर वापस लौट रहें किसान को गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और हादसे की जांच शुरू कर दी है। बेहटा गोकुल थाने के सैदपुर निवासी राजपाल (55) खेती-किसानी करता था। उसके परिवार में पत्नी अनोखी के अलावा पुत्र आनन्द, अमित और दो पुत्रियां हैं जिनकी शादी हो चुकी है। पुत्र आनन्द ने बताया शनिवार की रात उसके पिता राजपाल रोज़ की तरह खेत पर खड़ी फसल को गोवंशो से रखवाली करने के बाद पैदल घर वापस लौट रहे थे। उसी बीच रास्ते में टोंडरपुर ब्लाक के पास उसे तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मारते हुए उसे रौंद दिया, हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी ले कर वहां से फरार हो गया। इसका पता होते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। वहीं पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में ले कर उसका पोस्टमार्टम कराया है। हादसा होने से राजपाल के घर वालों का रो-रो कर काफी बुरा हाल है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### नशे में बाइक से गिरकर युवक हुआ घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद -शिरोमणि नगर मार्ग पर सब्जी लेकर घर जा रहा एक बाइक सवार शिरोमन नगर में शराब के नशे में बाइक से असंतुलित होकर गिर पड़ा। जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र का दाताराम (45) निवासी ग्राम हुमांयुपुर शिरोमन नगर बाजार में सब्जी लेने के लिए आया था। वापस जाते समय शराब के नशे में होने की वजह से असंतुलित होकर उसकी बाइक गिर गई जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# मामा के घर आ रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** बाइक से मामा के घर आ रहे उसके भांजे की शनिवार की रात बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर मल्लावां कोतवाली की सुल्तानपुर पुलिया के पास हुए हादसे में मौत हो गई। इसका पता होते ही घर वालों में कोहराम मच गया।

उन्नाव ज़िले के गोल्हुआपुर कोतवाली बांगरमऊ निवासी राजेश का 24 वर्षीय पुत्र राहुल शनिवार की रात को बाइक से मामा देशराज निवासी कंथरी कोतवाली मल्लावां आ रहा था। उसी बीच रास्ते में हाई-वे पर सुल्तानपुर पुलिया के पास तेज़ रफ्तार गाड़ी ने राहुल की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। पुलिस उसे एम्बुलेंस-108 से सीएचसी ले कर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने राहुल के पास से मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को हादसे की खबर दी। हादसे में बेटे की मौत की खबर सुनते ही राहुल की मां जगदेई, पिता राजेश, बड़ी बहन रेनू , छोटी बहन अंजलि और भाई रवि का काफी बुरा हाल है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। पिता राजेश ने बताया कि राहुल काफी मेहनती था। कमाई के लिए वह कई बार परदेश भी गया। बकौल राजेश रेनू की शादी होने वाली थी। उसकी बड़ी तमन्ना थी कि बहन की शानदार शादी करेगा और उसी के लिए वह जी-तोड़ मेहनत कर रहा था, लेकिन सारे अरमानों को इस हादसे ने चकना-चूर कर दिया।

# चोरी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली कछौना पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से आभूषण व 4100 रुपये नगदी सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़ी कमालपुर निवासी प्रभु दयाल के बंद घर से नौ दिन पूर्व ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी हो गए थे। जिसका सूचना पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दी थी। इसके अलावा गांव के ही तीन भाइयों रामजीवन, सोबरन व सूरज के घर में भी चोरी की घटना हुई थी। इन चोरियों की जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने आरोपी भारत (22) निवासी ग्राम गढ़ी कमालपुर, अहू (32) निवासी ग्राम गढ़ी कमालपुर और मोहित सिंह (23) निवासी ग्राम गढ़ी कमालपुर कोतवाली कछौना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी किया हुआ सामान और पैसा भी बरामद किया है।

अभियुक्तों ने बताया कि वह एक माह पूर्व रात्रि में थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़ी कमालपुर में प्रभुदयाल, रामजीवन, सोबरन व सूरज के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसके अलावा आठ दिन पहले रात्रि में थाना बेनीगंज क्षेत्र के ग्राम झरोइया निवासी कैलाश के घर से दीवार कूदकर चोरी की थी।

# एक ही रात तीन घरों से लाखों की चोरी

मल्लावां, हरदोई

**दुस्साहस**

**गांव में एक साथ तीन घरों में चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत**

**अमृत विचार।** तेंदुआ गांव में अज्ञात चोरों ने बीती रात रिटायर्ड इंजीनियर, अध्यापक सहित आइसक्रीम फैक्ट्री मालिक के घरों को निशाना बनाकर लाखों के आभूषण और तीन लाख की नगदी पार कर ले गए। घटना से पूरे गांव में चोरी की आमद से दहशत का माहौल बना हुआ है।

रिटायर्ड इंजीनियर रामऔतार सात दिन पूर्व अपने पुत्र मयंक के घर हरिद्वार थे। घर पर ताला पड़ा था। शनिवार की रात चोर दरवाज़े का ताला तोड़कर घर में घुस गए और अलमारी का लॉकर तोड़कर लाखों के आभूषण सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना आस पड़ोस के लोगों ने दी।

दूसरी घटना रिटायर्ड अध्यापक रामचंद्र प्रसाद के घर छत से दाखिल होकर कमरे की अलमारी और बक्से में रखें सोने चांदी के आभूषण सहित 50 हजार से अधिक की नकदी चोरी कर ले गए। रात 2 बजे के बाद जब उनकी पत्नी निर्मला देवी सो कर उठी तो देखा सारा सामान बिखरा पड़ा है।

तीसरी घटना आइसक्रीम व्यापारी नितेश पुत्र श्री कृष्ण के घर छत से घुसकर चोरों ने चोरी की अंजाम दिया। चोरों ने कमरें में अलमारी और बक्से से सोने के जेवरात सहित दो लाख से अधिक नकद रुपए पार कर ले गए। ऐसे में चोरों ने उनके चाचा राज बहादुर को कमरे में बंद कर दिया। रात ज़ब सोकर उठे तो शोर मचाया। तब घर के लोग उठे तो देखा घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है और अलमारी और बक्से के ताले टूटे पड़े हैं। एक साथ गांव में तीन घरों में चोरी की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। एक ही रात तीन घरों में चोरी से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ितों ने चोरी की तहरीर कोतवाली में देकर चोरों के पकड़ने की मांग की है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र सिंह ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

### बंद घर के ताले तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कोठी में चोरों ने एक घर को निशाना बना कर चोरी की एवं दूसरे घर में चोरी करने पर असफल रहे। गंगा बालक निवासी नहर कोठी रोड संडीला ने बताया कि वह शनिवार की सुबह अपनी पत्नी माया के साथ साले के लड़के धनई की शादी में पड़री बेहदर गए थे। रविवार की दोपहर में वापस आये तो देखा दरवाज़े टूटे पड़े और कमरों के ताले भी टूटे मिले। उन्होंने ने बताया कि बक्से से 30 हजार रूपये नकदी व एक जोड़ी झुमकी व एक जोड़ी झाला अज्ञात चोर उठा ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है और छानबीन मे जुटी है। वहीं रात्रि में नहर कोठी रोड स्थित दिनेश कुमार के मकान में भी चोरी का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे।

### महिला ने पति पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई ।** कस्बे के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी युवती ने अपने पति पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। कस्बे के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी बबिता पत्नी प्रियांशु पुत्री रामचंद्र ने बताया उसका विवाह एक वर्ष पूर्व देहात कोतवाली के ग्राम कौढ़ा निवासी प्रियांशु पुत्र रामप्रसाद के साथ हुआ था शादी के चार माह बाद से ही वह उसे मारने पीटने लगा। अभी 20 दिन पूर्व वह ससुराल से मायके आई थी। रविवार दोपहर में उसका पति अपने तीन साथियों के साथ उसके घर आया और उसके भाई के बारे में पूछने लगा। भाई के काम पर जाने की बात सुनकर गाली गलौज करने लगा।



### पुलिस ने फ्लैग मार्च कर अराजक तत्वों को दिया सख्त संदेश

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** रविवार को अतरौली चौराहा व कस्बे में थाना प्रभारी ने पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च करते हुए कहा हुडदंगियो से निपटने के लिए पुलिस तैयार है। आगामी होली के त्योहार व लोक सभा चुनाव को लेकर अतरौली पुलिस हुडदंगियों में पुलिस का खौफ कायम रखने के लिए अतरौली थाना इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ में सिर पर हेलमेट, हाथ में डंडा, सीने पर बुलेट प्रूफ जैकेट पहनकर अतरौली चौराहा, कस्बे में फ्लैग मार्च किया। दुकानदारों से वार्ता करते हुए कहा कि यदि कोई भी दुकान पर उपद्रव करता है तो पुलिस को तत्काल में सूचित करें। पुलिस उपद्रवियों से निपटने के लिए तैयार है। फ्लैग मार्च में एसएसआई शिव नारायन, एस आई रमेश सेंगर , जितेंद्र सिंह , अनुराधा मिश्रा, ममता , अर्चिता सहित पुलिस कर्मी रहे।




### पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण योजना का प्रदर्शन

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव व त्योहारों के चलते सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से दंगा नियंत्रण योजना का प्रदर्शन नगर के सिनेमा चौराहे पर किया गया। आने वाले लोकसभा व त्योहारों पर सुरक्षा बनाए रखने को लेकर पुलिस द्वारा दंगा नियंत्रण योजना का प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी व अपर पुलिस अधीक्षक व प्रभारी निरीक्षक एलआईयू के अलावा भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस ने दंगाईयों से निपटने की तैयारियों का प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को होने नहीं दिया जाएगा। पुलिस पूरी तरह से आम जनता की सुरक्षा के लिए तैयार है। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखी जाएगी। उक्त आयोजन के तहत नगर की बिलग्राम चुंगी, लखनऊ चुंगी, जिंदपीर चौराहा सहित प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया तथा उनकी गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। दंगा नियंत्रण योजना प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधीक्षक को बिलग्राम चुंगी पर ट्रैक्टर ट्राली पर सवारियां बैठी मिली, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल सवारियों को ट्रैक्टर ट्रालियों से उतरवा कर वाहन को सीज करवा दिया।

## सार-संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न व मारपीट समेत सात पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बिंधौरी निवासनी सोनी देवी पुत्री सालिकराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी लगभग चार वर्ष पहले हिंदू रीति रिवाज के अनुसार प्रतीक वर्मा पुत्र राम बहादुर के साथ हुई थी। प्रतीक वर्मा अपने मामा अनिल गौतम के साथ प्रभा नगर हरदोई में रहते हैं। अपने मामा अनिल के साथ कारोबार करते हैं। शादी के बाद से ही विपक्षी का पूरा परिवार प्रतीक वर्मा, भाई प्रदीप, मामा अनिल गौतम, पिता राम बहादुर व मामी नीतू गौतम व जेठानी आरती व नन्द आरती दहेज में एक मोटरसाइकिल व एक लाख रुपए नगद व एक सोने की चेन की मांग करने लगे उसके पिता गरीब व्यक्ति हैं। उसके पिता उसकी ससुराल वालों की दहेज की मांग को पूरा नहीं कर सके, इसलिए विपक्षी उसको आए दिन मारपीट व शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना व घरेलू हिंसा से प्रताड़ित करने लगे तथा उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने अपने पिता के साथ महिला थाना हरदोई में प्रार्थना पत्र दिया। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि महिला सोनी देवी की तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीड़न समेत मारपीट की धाराओं में सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है जांच की जा रही है जल्दी आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### दहेज उत्पीड़न में छह ससुरालीजनों पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने आधा दर्जन ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के बिरनी गांव निवासिनी महिला संध्या पत्नी अर्जुन पुत्री रविंद्र ने पुलिस की दी तहरीर में कहा कि ससुराल में पति अर्जुन, जेठ सुधीर, अवधेश, सास के द्वारा शुरुआत से ही कम दहेज लाने को लेकर तरह-तरह की बातें करके उसको प्रताड़ित करने लगे। वह गाली गलौज जान से मारने की धमकी भी देने लगे। पीड़िता ने जेठ व जेठानी सास व ससुर समेत छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न व जेठ पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीड़न समेत छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### पति और सास पर पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप

हरदोई, अमृत विचार। युवती का शव फांसी पर लटक रहा था,वहीं पास में ज़मीन पर पड़ा उसका दुधमुंहा बच्चा भूख से बिलबिला रहा था। इस मामले में पति और सास पर पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है,उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी। बताया गया है कि शनिवार की शाम को सुरसा थाने के दानमंडी निवासी राजकिशोर की 28 वर्षीय पत्नी नीतू का शव फांसी पर लटकता देखा गया। जबकि उसका एक वर्षीय दुधमुंहा बच्चा भूख से बिलबिला रहा था। इसका पता होते ही नीतू के पिता उसकी ससुराल पहुंचे और अपने दामाद और उसकी मां पर बेटी को पीट-पीट कर उसकी हत्या कर शव फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि नीतू का पति और उसकी सास आए दिन ताने सुनाती और मारपीट किया करती थी। शनिवार की सुबह नीतू ने उससे मायके विदा करा ले जाने की बात कही थी। लेकिन दोपहर को ही घटना हो गई ।इस बारे में एसएचओ सुरसा इंद्रेश कुमार यादव ने दानमंडी पहुंचकर वहां बारीकी से जांच की और कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है,उसकी रिपोर्ट व तहरीर आने पर आगे की कार्यवाई की जाएगी।



बैठक में प्रेस क्लब के अध्यक्ष का स्वागत करते साथी। अमृत विचार

### प्रभात बने प्रेस क्लब के अध्यक्ष व हिमांशु महामंत्री

**सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार।** सण्डीला प्रेस क्लब की कार्यकारिणी के गठन के लिए एक बैठक का आयोजन नगर पालिका मीटिंग हॉल में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. केजी गुप्ता शामिल हुए। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अनुराग अस्थाना ने किया। संचालन मुईज़ साग़री ने किया। बैठक में पत्रकारिता के क्षेत्र को विस्तृत बनाने तथा पत्रकारों को संगठित होकर कार्य करने के क्षेत्र में आपसी सहयोग को लेकर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि व क्लब के संरक्षक डॉ. केजी गुप्ता ने कहा कि प्रेस क्लब के गठन का उद्देश्य पत्रकारिता क्षेत्र में कार्य कर रहे सक्रिय पत्रकार भाइयों के हितों की रक्षा करना तथा आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार अनुराग अस्थाना ने कहा कि नैतिक पत्रकार सत्य और निष्पक्षता के संरक्षक होते हैं। अध्यक्ष प्रभात अस्थाना ने कहा कि प्रेस क्लब पत्रकारों के हितों की संरक्षा के लिए संकल्पित है। सक्रिय रुप से पत्रकारिता जगत में कार्य कर रहे प्रेस क्लब के प्रत्येक सदस्य द्वारा निष्पक्षता के साथ खबरों के प्रकाशन में यदि कोई बाधा उत्पन्न होती है तो उसको दूर करने का भरसक प्रयास किया जाएगा। नवगठित कार्यकारिणी को चैयरमैन मो. रईस अन्सारी, पूर्व चैयरमैन शैलेश अग्निहोत्री ने शुभकामनाएं दी।

# ओलंपियाड में विजयी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** शहर के चौक स्थित कैरियर पब्लिक स्कूल में ओलंपियाड में विजयी चार छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व विधायक आसिफ खान बब्बू ने विजयी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये और एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों ने स्वागत गीत के साथ की।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आसिफ खान बब्बू ने कहा प्रतियोगिताओं से बच्चों का मानसिक विकास होता है। बच्चों को हमेशा प्रतियोगिता की तैयारी करना चाहिए। पूर्व विधायक ने कहा प्राइमरी स्कूलों का सिस्टम बेहतरीन न होने की वजह से गली-गली खुले इंग्लिश मीडियम स्कूलों की ओर अभिभावकों का रुझान हो रहा है। कार्यक्रम में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में अबिका और जमन ने चंद्रयान 3,अब्दुल अहद ने ज्वालामुखी,वैष्णवी,प्रतिष्ठा और पूर्वी ने जल प्रदूषण,सानिया रिमझिम और मोनंजा ने सौर मंडल, गुरुमिलानौर महक प्रीत ने हाईड्रोलिक,दानिश और फजल ने फायर वजर गेम,सुशिंद्र ने वाटर प्यूरीफायर, हंजला और अमान ने विंड पावर का सजीव चित्रण कर खूब वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर कर्मवीर सिंह कक्षा 5,सिद्ध प्रताप सिंह कक्षा 6, मोहम्मद अयान खां कक्षा 7 और आयुषी बाजपेई कक्षा 8 को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उमेश चौधरी अध्यक्ष रामलीला मेला समिति चौक,स्कूल की सीनियर वर्ग की प्रधानाचार्य परवीन खां, उप प्रधानाचार्य शिवानी त्रिवेदी,जूनियर वर्ग की प्रधानाचार्य प्रियंका गुप्ता, उप प्रधानाचार्य दीप्ति त्रिवेदी, अध्यापक सलमान सिद्दीकी,आदेश शुक्ला,अवधेश पांडेय, फजील अहमद,महताब सलोनी,नाजिया मीनू सहित प्रीतेश दीक्षित,मंजूर हसन,इमरान अली,सरेज गुप्ता,मुकेश अवस्थी सहित बच्चों के परिजन उपस्थित रहे।



छात्र को पुरस्कृत करते पूर्व विधायक आसिफ खान बब्बू।

# प्रिंसिपल ने मुंगेर में बने पिस्टल से मारी थी खुद को गोली

हरदोई।

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा के दौरान जय सुभाष महाबली इण्टर कालेज के प्रिंसिपल ने खुद को गोली मार ली थी। पुलिस ने जिस पिस्टल से गोली चलाई थी, उसे बरामद कर जब छानबीन की तो पता चला कि पिस्टल बिहार के मुंगेर का बना हुआ है और वह नाजायज़ था। इसका पता होने पर पुलिस ने प्रिंसिपल के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए जांच तेज़ कर दी है।

बताते चलें कि बीते गुरुवार को बोर्ड परीक्षा के पहले दिन कछौना कोतवाली के दलेल नगर में जय सुभाष महाबली इण्टर कालेज के अंदर अचानक गोली चलने से वहां हड़कंप मच गया। बाद में पता चला कि कालेज के प्रिंसिपल मनीष सिंह गोली लगने से ज़ख्मी हो गए थे। उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। कालेज जांच करने पहुंची पुलिस ने वहां से पिस्टल और करीब आधा दर्जन कारतूस बरामद किए है। पिस्टल बिहार के मुंगेर की बनी हुई और नाजायज़ है। उधर ट्रामा सेंटर में भर्ती प्रिंसीपल मनीष सिंह की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई गई है। उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच और तेज़ कर दी गई है।

# सेवानिवृत्त तीन होमगार्ड जवानों को दी गई विदाई

**गोंडा कार्यालय:** रविवार को उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स अवैतनिक अधिकारी व कर्मचारी एसोसिएशन के जनपदीय इकाई के अगुवाई में होमगाड्र्स जवान के सेवानिवृत्ति पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन गांधी पार्क में किया गया।

सेवानिवृत हुए जवान लालचंद पाण्डेय, आनंद तिवारी व सदानंद गिरि कम्पनी नगर प्रथम को अंग वस्त्र, मिष्ठान, साल धार्मिक ग्रंथ, छाता, टॉर्च व नगद धनराशि प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष नरेंद्र अंकम ओझा ने सेवानिवृत्त हुए जवानों को शेष जीवन में हमेशा स्वस्थ सुखी खुशहाल रहने की कामना करते हुए कहा कि होमगार्ड जवान का जीवन सेवाकाल के दौरान विभागीय कार्यों के लिए समर्पित रहता है। संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश पांडे ने किया। कार्यक्रम को कंपनी अध्यक्ष नगर प्रथम अरुण श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जय प्रकाश गोस्वामी, राजेंद्र दूबे, पीसी जगप्रसाद यादव, प्रमोद मिश्रा, सूर्यमणि मिश्रा, पीसी देवनारायण शुक्ला, गुलाब मिश्रा, ओंकार पांडे, गिरीश तिवारी, ननबच्चा उपाध्याय, मधुर श्याम, बाबूराम मिश्रा, घनश्याम दुबे, सत्येंद्र सिंह रहे।

**उपलब्धि** डियो जागो 90 .4 एफएम पर पर्यावरण व सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाया

# क्लाइमेट चेंज के लिए मिला प्रथम पुरस्कार

हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद का सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो जागो" 90.4 एफएम अपने स्थापनाकाल से ही जनपद के रचनात्मक सरोकारों से जुड़ते हुए जागरूकता अभियान चलाकर पर्यावरण परिवर्तन की ओर शासन प्रशासन एवं जनसमुदाय का ध्यानाकर्षण कराता रहा है। इसी क्रम में बढ़ते प्रदूषण व अतिक्रमण के कारण अपने जलस्रोतों के सूखने से पिछले 30 वर्षों से विलुप्त हुई हरदोई की तहसील सवायजपुर में 19 गांवों से निकली सात किलोमीटर लम्बी नीलम नदी के पुनर्जीवन की मुहिम को आगे बढ़ाया। रेडियो जागो 90.4 एफएम ने अपने संवाद कार्यक्रमों और प्रसारण में प्रमुखता दी। जिस पर प्रभावित गांवों के लोगों के सामुदायिक सरकारों,जन चेतना और जिम्मदारों का संज्ञान रेडियो जागो ने अपने प्रसारण कार्यक्रमों के माध्यम से किया। अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था यूनिसेफ जो महिला, बाल विकास और स्वास्थ्य सहित पर्यावरण संवर्धन के लिए काम कर रही है। वह ऐसे प्रेरक जागरूकता अभियानों को समाज में उनका प्रचार प्रसार किया। लोगों का सरोकार बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष रेडियो फॉर चाइल्ड नाम से एक पुरस्कार समारोह आयोजित करती है, जिसमें राष्ट्रीय एम्बेसडर घोषित करती है। यूनिसेफ जनजागरण / प्रचार साधनों में रेडियो को अधिक जनसुलभ मानता है और इसके लिए रेडियो 4 चाइल्ड पुरस्कार प्रदान करता है।

इस वर्ष का क्लाइमेट चेंज ब्रांड एंबेसेडर पर्यावरण परिवर्तन से जुड़ी हरदोई जनपद के रेडियो जागो 90.4 एफएम सहित देश भर से सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की ओर से विभिन्न विषयों व कार्यक्रमों पर अपनी-अपनी वर्ष 2024 की प्रस्तुति यूनिसेफ को भेजी गई थी। जिसमें यूनिसेफ की ओर से क्लाइमेट चेंज के लिए राष्ट्रीय स्तर पर "रेडियो जागो 90.4 एफएम हरदोई को प्रथम पुरस्कार राष्ट्रीय क्लाइमेट चेंज ब्रांड एंबेसडर के लिए चयनित किया गया है। अभिनेता आयुष्मान खुराना यूनिसेफ की ओर से 27 फरवरी को मुम्बई में आयोजित हो रहे समारोह में रेडियो जागो 90.4 एफएम हरदोई को जागरूकता कार्यक्रम प्रसारित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित करेंगे।

# ड्रोन दीदी से फोन पर बात कर पीएम ने महिलाओं को किया प्रेरित

**सीतापुर, अमृत विचार।** पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 110 संस्करण में पीएम मोदी ने लखपति दीदी योजना से लाभांवित ड्रोन दीदी का जिक्र कर महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान फोन से बात कर एक मध्यम गांव से जुड़ी महिला सुनीता देवी से बातकर देश में महिलाओं द्वारा तस्वीर बदलने का नजीर पेश की है। पीएम मोदी से बातकर सुनीता बेहद खुश नजर आईं।

मन की बात कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी से बातचीत के बाद सुनीता देवी ने बताया कि वह मछरेहटा विकासखंड के ग्राम गोडा से जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र सिकटिया में

**▸▸ मन की बात कार्यक्रम के बाद ड्रोन दीदी को मिल रहीं बधाइयां**

पहली बार उन्होंने ड्रोन को देखा जिसके बाद उनके अंदर महिला समूह से हटकर ड्रोन उड़ाने की जिज्ञासा हुई। ग्रेजुएशन पास सुनीता देवी ने योजना की जानकारी कर ऑनलाइन आवेदन किया। इंटरव्यू के बाद हुए चयन में प्रयागराज पहुंच कर ट्रेनिंग के बाद सुनीता देवी को पीएम लखपति दीदी योजना के तहत ड्रोन मिला। ड्रोन मिलने के बाद वह गांव-गांव घूमकर ड्रोन से खेतों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव पर किसानों को जागरूक करने के काम में लग गई। ड्रोन स्प्रे चलाने के बाद ड्रोन को लेकर सुनीता महिलाओं के लिए एक नजीर बनकर सामने आई


ड्रोन की मदद से फसलों पर कीटनाशक का छिड़काव करने के लिए तैयार ड्रोन दीदी। अमृत विचार

हैं। मन की बात कार्यक्रम के दौरान देशवासियों को सुनीता से बात कर महिलाओं को सजग बनने की ओर अग्रसर करने का उदाहरण दिया है।

सुनीता ने वर्ष 2018 में कृषि विज्ञान केंद्र कटिया सीतापुर में ग्रामीण महिला तकनीकी पार्क अंतर्गत 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

### ड्रोन दीदी का परिवार

सुनीता ने बताया कि उसकी पारिवारिक स्थिति बेहद कमजोर है। उसके दो बच्चे हैं। जो कि कक्षा छह एवं चार में पढ़ते हैं। पति संतोष वर्मा बेरोजगार हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने एवं परिवार के भरण पोषण के लिए ढाई बीघा किराए की जमीन लेकर पति- पत्नी मिलकर खेती करते है।

### वैज्ञानिक के प्रयास से संवरा जीवन

पीएम नरेन्द्र मोदी से बातचीत के बाद कृषि विज्ञान केंद्र कटिया सीतापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. दयाशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि सुनीता वर्मा की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण मन में पीड़ा होती थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में जब भारत सरकार द्वारा ड्रोन दीदी योजना शुरू की गई है। तो क्षेत्रीय प्रबंधक शिव शुक्ला से बात कर सुनीता वर्मा के नाम का प्रस्ताव भेजा गया। इफको के अधिकारियों के सामने कई बार साक्षात्कार होने के बाद ड्रोन दीदी सुनीता देवी का फाइनल चयन हुआ।

### अब तक 35 एकड़ फसल की स्प्रे

मन की बात कार्यक्रम के बाद सुर्खियों में आई सुनीता देवी ने बताया कि वह अब तक करीब 35 एकड़ से अधिक फसलों को ड्रोन की मदद से स्प्रे कर कीटों से बचा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि उन्नतशील किसान से लेकर छोटे-छोटे किसान भी अब उनको फोन कर खेतों में कीटनाशक का स्प्रे करवाने के लिए बुलवाते हैं। सुनीता घंटों के काम को ड्रोन की मदद से कुछ ही मिनटों में करके खत्म कर देती है। इस ड्रोन की मदद से मजदूर को खेतों के अंदर जाने की जरूरत नहीं पड़ती है। सुनीता देवी अब ड्रोन दीदी के नाम से जानी जाती हैं।

## एक नजर

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली इलाके के जंधौरा गांव में घरेलू कलह के चलते एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधेड़ का शव गांव स्थित एक बाग में एक पेड़ से लटकता मिला। लोगों ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर जांच पड़ताल शुरू की। रविवार सुबह जंधौरा गांव स्थित एक बाग में पेड़ से लटकता हुआ शव ग्रामीणों ने देखा। शव की पहचान अजय 42 पुत्र शिवनाथ निवासी जंधौरा कोतवाली सिधौली के रूप में हुई। सूचना पुलिस को दी गयी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज और जांच पड़ताल शुरू की। परिवार वालों ने किसी भी आरोपों से इंकार किया है।

### तमंचा व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली देहात पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान कोतवाली देहात थाना के गांव रामपुर टिकवापारा निवासी अभियुक्त शत्रोहन को एक अदद अवैध तमंचा मय एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली देहात इंस्पेक्टर विमल गौतम ने बताया गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी कई अभियोग पंजीकृत हैं।संबंधित धाराओं मे अभियुक्त को जेल भेजने की कार्रवाई की गयी है।

### शब-ए-रात में इबादत से माफ हो जाते हैं गुनाह

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** शब-ए-रात के त्योहार पर हाफिज शराफत ने कहा कि शब-ए-रात माने निजात पाने की रात है। इस रात में बेशुमार गुनहगारों की मगफिरत की जाती है। इस शब को शब-ए-बरात कहा जाता है। उन्होंने कहा कि इस रात साल भर में होने वाले तमाम दुनिया के काम उरूजो जवाल, मौत और जिन्दगी फराखी व तंगी और सारे फेहरिस्त तैयार कर के फरिश्तों के सुपुर्द कर दी जाती है। हाफिज शराफत ने कहा कि इस रात में दिन डूबने के बाद से अल्लाह तआला अपनी बेपनाह रहमत दुनिया वालों पर नाजिल फरमाता है और बेशुमार लोगों को अपने फजले खास से बक्श देता है। ऐसे में कब्रिस्तानों में जाकर अपने परिवार के बुजुर्गों की मगफिरत (क्षमा याचना) के लिए दुआ करनी चाहिए।

# बेटे का शव देख फूट-फूटकर रोया शिक्षक परिवार

## शारदा सहायक नहर में छठे दिन मिला छात्र का शव, पुलिस गोताखोरों की मदद से कर रही थी तलाश

**▸▸ पुलिस ने दोनों आरोपियों पर बढ़ाईं हत्या की धाराएं, पीएम के लिए भेजा शव**

महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** दवा लेने के लिए घर से निकला छात्र का शव छठे दिन रविवार की सुबह बाराबंकी जनपद के बड्डूपुर थाना क्षेत्र के भगौली में शारदा सहायक नहर पर बने रेगुलेटर के पास से बरामद हुआ। दोनों जनपदों की पुलिस की मौजूदगी में पिता से पहचान कराने के बाद से लापता किशोर का शव बाराबंकी पीएम के लिये भेजा गया। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

महमूदाबाद कस्बे के मोतीपुर चौराहे पर राजितराम वर्मा के मकान में किराए पर रहे रामपुरकलां के लखवापुर निवासी शिक्षक सुनील कुमार पुत्र भारत प्रसाद सिधौली ब्लाक के जुगराजपुर में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। उनका 15 वर्षीय बेटा सुधाकर यादव बीते 20 फरवरी मंगलवार


शव मिलने के बाद नहर के पास मौजूद पुलिस व लोग।


बेटे के शव को देखकर बिलख-बिलखकर रोते परिजन। अमृत विचार

की शाम दवा लेने की बात कह कर घर से निकला था। जिसके बाद से वह लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद 21 फरवरी को लापता बेटे का अपहरण किए जाने की आशंका जताते हुए पिता ने उसके एक सहपाठी को नामजद करते हुए कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शिकायती पत्र में बताए गए सुधाकर के साथियों को बुलाकर पूछताछ की। जिसमें उसके साथी ने पुलिस को सुधाकर का अपहरण कर हत्या किए जाने और शव को नहर में फेंके जाने की बात स्वीकार भी की थी। पुलिस ने घटना में शामिल सुधाकर के दोनों किशोर मित्रों को अपहरण के मामले में पहले ही बाल सुधार गृह हरदोई भेजने के साथ नहर में सुधाकर के शव की तलाश स्थानीय गोताखोरों व एसडीआरएफ टीम की मदद से लगातार कर रही थी।

रविवार की सुबह करीब छह बजे एक शव सुधाकर के परिजनों व स्थानीय लोगों को दिखाई दिया। सूचना पाकर महमूदाबाद कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह व बड्डूपुर की प्रभारी निरीक्षक ज्योति वर्मा मय फोर्स मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकलवाकर पीएम के लिये बाराबंकी भेज दिया। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी दिनेश शुक्ल ने बताया कि लापता किशोर का शव नहर से बरामद कर पीएम के लिये भेजा गया है। पंजीकृत मुकदमें में दोनों आरोपियों पर 302 व 201 धाराएं बढ़ाकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### छात्र सुधाकर की मौत के बाद गांव में पसरा सन्नाटा

15 वर्षीय मृतक बेटे सुधाकर का छह दिन बाद शव मिलने से पीड़ित पिता सुनील कुमार, मां आशा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। मां-पिता बेटे का नाम लेकर बिलख-बिलख रो रहे थे। वहीं मृतक सुधाकर का 21 वर्षीय बड़ा भाई अनुज, बहन प्रियांशी व अनामिका भी भाई का शव देखकर बेसुध थे। 2015 से बच्चों की पढ़ाई के लिए महमूदाबाद में रह रहे सुधाकर ने यह सोचा भी नहीं होगा कि उनके साथ इतनी बड़ी अनहोनी हो जाएगी। सुधाकर की मौत के बाद से गांव में भी सन्नाटा पसरा है। शव का अंतिम संस्कार उसके पैतृक गांव रामपुर कलां थाना क्षेत्र के लखवापुर गांव में होगा।

## सार-संक्षेप

### सुनीता देवी से सीतापुर की बनी अलग पहचान : अचिन


पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते पूर्व जिलाध्यक्ष व मौजूद कार्यकर्ता।

**सीतापुर, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 110वें एपिसोड के तहत मन की बात कार्यक्रम को निवर्तमान बीजेपी जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर नगर 1 के शक्ति केंद्र प्रेमनगर की बूथ संख्या 227 पर सुना। मन की बात के कार्यक्रम को सुनने के पश्चात निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा की आज के मन की बात के ड्रोन से किसानों को फायदा हो रहा है। नारी शक्ति हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। नारी शक्ति किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाएं प्राकृतिक खेती को विस्तार दे रही हैं। आज नारी सशक्तिकरण का उदाहरण देते हुए यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी ने सीतापुर की महिला सुनीता देवी जी का जो जिक्र किया वह हम सब सीतापुर जनपद वासियों के लिए सौभाग्य का विषय है और सुनीता देवी जी का प्रयास हम सबको प्रेरणा देने का काम करता है। उन्होंने कहा कि जल समितियां का नेतृत्व महिलाओं के पास है। देश में बकरी पालन को बढ़ावा मिल रहा है।पशुपालन में बकरी अहम पशुधन है। इस कार्यक्रम के दौरान वार्ड अध्यक्ष अमित वाडवानी, मण्डल महामंत्री विक्रम सिंह, विकास वाधवानी, बूथ अध्यक्ष संगत राम, वीके सिंह, छत्रपाल बघेल, शिवम अवस्थी, गौतम शुक्ला सहित अन्य बूथ पदाधिकारी उपस्थित रहे। मन की बात कार्यक्रम के बाद नि. वर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा की अध्यक्षता में बूथ समिति की बैठक की एवं आज से प्रारंभ हो रहे लाभार्थी संपर्क अभियान के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचाने की अपील की गई।

### घर में आग लगने से लाखों का नुकसान, महिला झुलसी


घर के जले सामान को देखता पीड़ित परिवार।

**सिधौली।** तहसील इलाके के गांव में अज्ञात कारणों के चलते रविवार को अचानक एक घर में आग लग गई। भीषण आग की चपेट में आकर बाइक नगदी व जेवरात सहित लाखों का माल जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के ग्राम चांदपुर निवासी चंद्रिका रावत पुत्र रेवती जो अपने खेतों में काम कर रही थे। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर करीब दो बजे अचानक उनके घर में आग लग गई। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते और तब आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आने से घर में खड़ी एक बाइक व 20 हजार रुपये की नगदी, जेवरात, झुमकी, सोने का माला, पायजेब, पायल सहित वैवाहिक कार्यक्रम का सारा सामान जल कर खाक हो गया। पीड़ित के मुताबिक आग से करीब चार लाख का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने बताया कि आगामी दो मार्च को भतीजे की शादी थी उसी को लेकर घर में तैयारियां चल रही थी। आग से अब सारा सामान जलकर खाक हो गया। वहीं ग्रहस्वामिनी महिला शिवरानी आग बुझाने में झुलस गई। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने क्षेत्रीय लेखपाल को आग से नुकसान की सूचना दी। लेखपाल अनिल ने बताया कि नुकसान का आंकलन कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जायेगी। दैवीय आपदा के तहत पीड़ित परिवार को आर्थिक अनुदान की मदद मिलेगी।

### युवा साथी मिलकर बनायें भाजपा की सरकार : वासुदेव

**भदफर।** जिला अध्यक्ष सचिन मिश्रा के मार्गदर्शन में रविवार को शाहपुर मंडल के विभिन्न ग्रामों में युवा चैपाल का आयोजन किया गया। प्रवासी के रूप में प्रतीक पांडे ने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए अबकी बार 400 पार की बात को दोहराया। मंडल अध्यक्ष डॉ वासुदेव पांडे के नेतृत्व में ग्राम पंचायत चंदेसुआ और बहरामपुर में नमो युवा चौपाल का आयोजन हुआ जिसमें चंदेसुआ कार्यक्रम संयोजक रिंकू वर्मा एवं बहरामपुर के संयोजक राम जी शुक्ला ने अपने-अपने वक्तव्य युवाओं के सामने रखे। मंडल अध्यक्ष वासुदेव पांडे ने कहा कि हम सब 2024 में पुन: भाजपा सरकार बनाने जा रहे हैं। आप सभी युवा साथी मिलकर भाजपा की सरकार एवं प्रधानमंत्री के विजन को सफल बनाएंगे। इस मौके पर महामंत्री अनुज वर्मा, उपाध्यक्ष अमित त्रिवेदी, मंत्री आलोक पांडे, राहुल यादव, कोषाध्यक्ष अंकित शुक्ला, जीत त्रिवेदी, सत्यम मिश्रा, राघवेंद्र अवस्थी, मीन भार्गव, सुनील निषाद, विकेश मिश्रा, सचिन मिश्रा सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल की कार्यकारिणी टीम एवं युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# सरकार की नीतियों से लोग परेशान : आरके चौधरी


सपा प्रत्याशी आरके चौधरी का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** मोहनलालगंज लोकसभा सीट के समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार आरके चौधरी के प्रथम आगमन पर सिधौली सपा कार्यालय पर नई ऊर्जा के साथ कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक डॉ. हरगोविंद भार्गव की अगुवाई में समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद व मुलायम सिंह यादव अमर रहे के नारों के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

आरके चौधरी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान, व्यापारी व छात्र परेशान हैं। किसान खेतों में रात गुजारने को मजबूर हैं। आवारा पशु गौशालाओं में न होकर सड़कों पर घूम रहे हैं जिसके कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं। भाजपा सरकार पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली है। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. हरगोविंद भार्गव, सीएल वर्मा, लखनऊ जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष संदीप कश्यप, मीडिया प्रभारी शिवपूजन यादव, बीएल भार्गव, अनिल कुमार, दिवाकर प्रजापति, अंकित कुमार यादव, जगमोहन लाल यादव, रंजीत यादव सभासद, सुमित अवस्थी, संग्राम यादव, जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र रावत, विनोद कुमार शुक्ल, अशोक यादव, आरके यादव आदि उपस्थित रहे।

# जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर को श्रद्धा सुमन अर्पित

**सीतापुर।** राजनांदगाव जिले के डोंगरगढ़ में विश्व प्रसिद्ध जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने 18 फरवरी को रात ढाई बजे अंतिम सांस ली थी। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। लगभग छह महीने से डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी में रुके हुए थे। तीन दिन तक उपवास करने के बाद उन्होंने अपना शरीर त्याग दिया था।

आचार्य श्री के प्रति अपने भाव सुमन अर्पित करने हेतु विनयांजलि सभा रविवार को सीतापुर के सकल जैन समाज ने प्रेम नगर में स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के हाल में अपराहन 1:30 बजे से आयोजित की गई। उसके बाद आरती की गई। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज ने छत्तीसगढ़ की धरा पर अपने सारगर्भित जीवन से मृत्यु को महोत्सव बनाने का उत्कृष्ट संदेश देते हुए, रत्नत्रय का पालन करते हुए, यम संलेखना समतापूर्वक धारण की और तीन दिनों के उपवास उपरांत अरिहंत भगवान का स्मरण करते हुए ओम शब्द के उच्चारण के साथ ब्रह्मलीन हुए। आचार्य श्री ने समस्त मानव समाज के लिए धर्म प्रभावना की वहीं राष्ट्र हित में इंडिया नहीं भारत बोलो का नारा भी बुलंद किया जायेगा। उन्होंने प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ की स्थापना की तो देश को आत्मनिर्भर और अहिंसक रोजगार की दिशा में पहल करने के लिए चल चरखा के माध्यम से कई हथकरघा का आशीर्वाद भी दिया।

# बिजली के तार की चपेट में आया बालक, मौत


मृतक के घर के बाहर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**तम्बौर, अमृत विचार।** तंबौर थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर उसिया निवासी रामचंद्र का इकलौता बेटा आदर्श 11 वर्ष रविवार सुबह नौ बजे 11 हजार केवी लाइन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। जिस पर थानाध्यक्ष बिजयेंद्र सिंह ने तुरंत फोर्स भेज कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। इस मामले में बात करने पर थाना प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग की बहुत बड़ी लापरवाही है। समय रहते लाइन सही करा दिया गया होता तो आज इतना बड़ा हादसा नहीं होता।

मृतक के पिता रामचन्द्र का कहना है कि विद्युत विभाग के पावर हाउस जाकर कई बार लिखित शिकायत भी दिया। अनेकों प्रार्थना पत्र दिये कि बिजली के तार सही करा दो, जोकि बहुत ही नीचे थे। एक अनहोनी की आशंका की वजह से विभाग से गुहार लगा रहे थे, लेकिन विद्युत विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही कार्य के प्रति उदासीनता एक परिवार के दुख का कारण बन गई।

# आपसी मतभेद छोड़कर साथ रहने को राजी हुए 5 जोड़े

**सीतापुर, अमृत विचार।** रविवार को परिवार परामर्श केंद्र में पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र एवं काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान 05 जोड़े मुमताज जहां पत्नी जावेद खां नि.मल्लाहपुर थाना हरगांव, सोनाली पत्नी सतीश नि.कामापुर बहतालिया थाना तालगांव, मिथलेश कुमार पत्नी विकास नि. जयसिटी कालोनी थाना पारा जनपद लखनऊ, यासमीन बानो पत्नी मो.फहीम नि.तुर्कपट्टी, खैराबाद, दीपा पत्नी संदीप नि.गोवर्धनपुर थाना मानपुर ने आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए। आपसी जोड़ों को राजी कर परिवार परामर्श केंद्र द्वारा जोड़ों को खुशीपूर्वक विदाई कराई गई। काउंसलिंग के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उनि मधु यादव, काउंसलर विकास वर्मा, शशिकला मिश्रा, मांडवी मिश्रा, शांता, मआ गीता, मआ कल्पना, आरक्षी जावेद आदि मौजूद रहे।

## आयोजन

### राष्ट्रीय ध्वज हमारे गौरव का प्रतीक : राजेश वर्मा

# 100 फिट ऊंचाई पर लहराया तिरंगा, सांसद ने किया लोकार्पण



राष्ट्रीय ध्वज का शिलान्यास करते सांसद राजेश वर्मा व पालिकाध्यक्ष हाजी जावेद। अमृत विचार

**लहरपुर, अमृत विचार।** नगर के बिसवां तिराहे पर स्थित लहरपुर गेट पर भाजपा सांसद राजेश वर्मा ने रविवार को 100 फिट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का किया लोकार्पण।

रविवार को लहरपुर के मुख्य द्वार पर भाजपा सांसद राजेश वर्मा ने 100 फिट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण कर उसका लोकार्पण किया एवं राष्ट्रगान गाकर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारे गौरव का प्रतीक है, हम सभी राष्ट्रवादी देश के नागरिक हैं, हमारा राष्ट्र सुरक्षित है, तो हम सभी सुरक्षित हैं, यह संदेश हम देश के नागरिकों को देना चाहते हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक सुनील वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार पटेल ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान और शान का प्रतीक है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला मंत्री उदित बाजपेई, बीरेंद्र पुरी, भाजपा नगर अध्यक्ष रामे बाजपेई, मनोज गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र अवस्थी, प्रधान विवेक शुक्ला, सभासद मनीष शुक्ला, राजू तिवारी, संजीत अवस्थी, उस्मान, मनमोहन गुप्ता, उमंग मेहरोत्रा, मयंक टंडन, योगेश मिश्रा, प्रखर रस्तोगी, समीर राइन, संतोष कश्यप सहित नगर पालिका कर्मी एवं भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकली कलश यात्रा


ब्लाक कसमण्डा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पताराकंला के प्राचीन गणेश जी मन्दिर पर श्री गणेश महायज्ञ एवं वार्षिकोत्सव की विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों की परिक्रमा करते हुए पीरनगर संगम तट पहुंची। यज्ञाचार्य रमापति पाठक शास्त्री ने यजमान अमित कुमार शुक्ल को विधि-विधान से पूजन करवाकर संगम से कलश में जल भरवाकर यज्ञशाला में स्थापित करवाकर रामकथा शुरू कराया। इसके उपरान्त विद्या प्रकाश शुक्ल भुसुण्डी जी महराज द्वारा रामकथा का शुभारंभ किया गया। यह जानकारी यज्ञ संचालन समिति के संगठन मंत्री कृपा शंकर पाल ने दी। अमृत विचार

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : ॥

बिना बुलाए ही किसी भी स्थान पर चले जाना और बिना कुछ पूछें बोलना, जिन पर विश्वास नहीं किया जा सकता, ऐसे लोगो पर विश्वास करना यह सभी मूर्ख और बुरे लोगों के लक्षण हैं।

## संपादकीय

# एआई की नैतिकता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ही नहीं बल्कि किसी भी तकनीकी का इस्तेमाल विकास या विनाश फैलाने के लिए किया जा सकता है। एआई अक्सर विवाद का शिकार बनती है। प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के बारे में दुनिया भर में कई बातचीत हो रही हैं। प्रौद्योगिकी से किस तरह सार्वजनिक कल्याण में वृद्धि हो सकती है, वो भी महत्वपूर्ण मानवीय संपर्क को हटाए बिना, जो कि सरकारों व नागरिकों के बीच संवाद के लिए बेहद अहम है। एआई, जलवायु परिवर्तन से निपटने और एसडीजी हासिल करने में योगदान दे सकती है। उदाहरण के लिए, एआई को किन भूमिकाओं में इंसानों की जगह लेनी चाहिए? व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और मानवाधिकारों के संभावित उल्लंघन के लिए क्या किया जा रहा है? उस डेटा का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना चाहिए? एआई टूल का उपयोग कैसे किया जा सकता है और कैसे किया जाना चाहिए, इसके लिए स्पष्ट और संक्षिप्त दिशानिर्देशों के बिना, दुरुपयोग और कानूनी परेशानी की संभावना है। हालांकि यूरोपीय संघ ने भी हाल ही में दुनिया का पहला व्यापक एआई कानून, एआई अधिनियम पारित करके एक मिसाल कायम की है। चीन ने एआई नियमों का अपना सेट विकसित किया है जो लगातार विकसित हो रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका अभी एआई विनियमन के शुरुआती चरण में है और पारित किए गए अधिकांश कानून केवल राज्य स्तर पर लागू होते हैं। एआई नैतिकता को अभी भी एक लंबी यात्रा तय करनी है कई विशेषज्ञों का तर्क है कि नैतिक एआई एक जिम्मेदार भविष्य के लिए आवश्यक है जहां हम सामाजिक भलाई, स्थिरता और समावेशन जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यूनेस्को ने पहली बार 2021 में, एआई की नैतिकता पर अपनी सिफारिशें पेश की थीं, जब दुनिया का अधिकांश हिस्सा एक और अन्तर्राष्ट्रीय संकट, कोविड-19 महामारी से घिरा था। एआई के दोहरे इस्तेमाल को लेकर असमंजस की स्थिति इसलिए भी है क्योंकि अभी तक कोई ये समझ नहीं पाया है कि आम जीवन में इसका क्या असर होगा, फिर भी सभी एआई क्षेत्र के लीडर बनने की दौड़ में हैं। एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में पिछले 4-5 साल में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि एआई पर अविश्वास करना एक अच्छा संकेत है। जिस तरह एआई टूल्स विकसित किए जाते हैं उसे देखते हुए इन पर पूरी तरह भरोसा करना ठीक नहीं है लेकिन साथ ही ये भी याद रखना जरूरी है कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में एआई का बेहतरीन इस्तेमाल हो सकता है। यूनेस्को की सिफारिशों ने वास्तव में हमें एआई और नियमों के बारे में आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद की है।

# खेती कागज पर नहीं भूमि पर होती है



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा।**

डॉ.एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने के बाद भी वे लोग इनके नाम से अपरिचित हैं जिनके जीवन काल में हरित क्रांति का दौर रहा था। ग्राम्यांचलों में रह कर खेती करने वाले अधिकतर ऐसे किसान अब 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। हरित क्रांति हुई तो मेरी उम्र भी करीब 13 वर्ष की थी। खेत कार्य कौन करता था, कैसे होता था और सरकारी मदद कितनी और कैसे मिलती थी, मुझे सब याद है। हमारे खेत में हरित क्रांति का दौर तो नहीं आया, लेकिन जमीन की कीलेबंदी (कंसोलिडेशन ऑफ़ लैंड होल्डिंग्स) सन 1964 तक हो चुकी थी। करीब आधी से अधिक हमारे खेती की जमीन में नहरी सिंचाई संभव थी। हरित क्रांति के शुरूआती दौर में भी हम पशुओं के गोबर और घरेलू कूड़ा-करकट से बनाई गई हरी खाद ही खेतों में डालते थे। ईख काटने के बाद गेहूं की फसल उन्हें कीलों में, अर्थात 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की क्यारियों में बोई जाती तो अच्छी हुआ करती। एक कीले में तीन साल में एक बार हरी खाद डाली जाती थी। घर में 30-35 पशु हुआ करते। फसल का बीज अपना खुद का होता था अर्थात 'फार्मर्स वैरायटी'। बीज को किसान लोग आपस में अदला-बदली किया करते थे।

हमारे खेत में उपज के बतौर 200 मण गेहूं और करीब 300 मण से ज्यादा चना पैदा हुआ करता था। घर में 10-12 बैल होते थे, चार हळ थे जिन्हें घर के ही चार जन जोतते थे। बहुत समय तक आधी जमीन में ही बुवाई हुआ करती क्योंकि बरसात न होने या साधन नहीं होने से यह छूट जाती थी। कुछेक बार खरीफ की फसल नहीं बोई जाती ताकि जमीन अपनी उपजाऊ शक्ति पुनर्प्राप्त कर ले। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक़ हमारे संयुक्त परिवार के पास खेती की जमीन 90 एकड़ के आसपास है। अब इसमें सिर्फ धान, गेहूं, बरसीम,ज्वार ही बोई जाती है। संयुक्त परिवार टूट जाने से अब ईख नहीं बोई जाती क्योंकि यह आदमी से काफी मेहनत करवाती है। इसके लिए मानव श्रम की बहुत जरूरत होती है जो एकल-परिवार जुटा नहीं पाते। पहले 'बाड़ी' भी बोई जाया करती। इसके मेच्योर पौधे से कपास प्राप्त होती है। पहले देसी या काली बाड़ी बोई जाती थी। आजकल हमारे इलाके में न चना होता है न बाड़ी क्योंकि यह 'उगल' जाते हैं अर्थात धरती में नमी की अधिकता के कारण या मिट्टी में कुछ पोषक तत्वों की कमी के कारण उगते ही नहीं। कभी-कभार मेथी भी बो ली जाती है। पहले बारानी खेती के बतौर आषाढ़ में खरीफ की फसल बोते समय बाजरा बोया जाता था। हमारे कुनबे के अब तो शायद 20 हिस्से हो चुके हैं। ग्यारह हिस्सों में से भी सिर्फ चार हिस्सों वाले खुदकाश्त हैं बाकी की जमीन परिवार में ही ये चार हिस्सों वाले बोते हैं और मालिक को रेंट देते हैं अर्थात सालाना कैश, जो कि प्रति एकड़ रु.25-30 हज़ार है। पूरे पश्चिमोत्तर भारत में जो किसानी और जो संयुक्त परवार सन 1960 तक थे, अब वे स्ट्रक्चरल तौर से वैसे नहीं रहे हैं। तहसील में जमीन को हस्तांतरित करवाने वालों की अब भीड़ लगी रहती है। लेकिन उस समय ऐसा नहीं था। खाता नंबर बदलवाने का जिक्र भी अगर अलग हुआ परिवार करता तो उसे बुरा-भला कहा जाता और उसे धमका कर कहा जाता कि यह बुजुर्गों के सम्मान के अनुकूल नहीं। लेकिन देखा गया कि इसका नतीजा बुरा हुआ। हमारा गांव और खेत हरित क्रांति के प्रभाव से अछूता ही रहा और किसानी करने वाले हम लोग भी। बाद में, शायद हरित क्रांति (सन 1967-1978) का दौर ख़त्म होने के बाद ही, हमारे खेतों में फसलों से अधिक उपज लेने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल होने लगा था। सन 1795 के बाद से फार्मर्स वेरायटीज ख़त्म हो गई और बीज लेने के लिए बीज वितरकों के यहां लाइन लगने लगी। ये बीज सरकार देती थी और वितरण या तो अनाज मंडी में दूकानदार लोग किया करते या सरकारी वितरण केंद्र से मिला करते। गांव में कोआपरेटिव सोसाइटी के दफ्तर से भी ये दोनों अर्थात बीज और रासायनिक उर्वरक मिलता था। परन्तु कोआपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों को ही। लेकिन अब कमी के चलते इसके लिए भी मार-काट मचती है। लेने के लिए या तो शहर आना होता है या फिर बोने के लिए कुछ नहीं होगा तो खेत खाली पड़ा रहेगा। इनके वितरण में कुप्रबंधन हावी है। गांव में हल की खेती बिलकुल ख़त्म हो चुकी है। कभी 300 से अधिक हल होते थे अब करीब सौ की संख्या में ट्रेक्टर हैं। गांव की खेती की जमीन 28 हजार बीघा है यानी कि करीब 4000 हेक्टेयर। आबादी है 12 हज़ार। गांव के 30 प्रतिशत लोग नौकरी पेशा है और गांव के जो लोग बाहर चले गए हैं और अभी नाता रखे हैं उनकी संख्या भी 3 हजार से कम न होगी। गांव के लोग अपने ही घर के नौकरी पेशा लोगों को पसंद नहीं करते, क्योंकि खेती की जितनी जमीन का टाइटल इनके नाम है और इसे सगे-संबंधी बोते हैं वे इन्हें मन से उपज का पूरा हिस्सा या किराया नहीं देना चाहते, लेकिन कानूनी रूप से बाध्य हैं। कारण यह कि खेती बहुत हाड़-तोड़ काम है और बचत शायद 5 प्रतिशत भी नहीं जबकि हिस्सा करीब 40-50 प्रतिशत तो देना ही होता है।

> हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है।

ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा। सन 1900 के अंग्रेजों ने उत्तर प्रदेश और पंजाब में नहरों का जाल बिछा दिया और सिंचाई में बेशक हिन्दुस्तानी लोग काम करते रहे, लेकिन अंग्रेज़ अफसरों की तीखी निगाह इनके काम काज पर रहती थे। इरीगेशन चैनल्स की निगरानी खुद करने के लिए इन्होंनें नहरों के किनारे और हेड-वर्क्स पर शानदार इंस्पेक्शन बंगलों का निर्माण किया। नहरों के किनारे कैनाल इंस्पेक्शन रोड्स बनवाए जिनकी देखभाल सन 1960 तक भी शानदार तरीके से हुई। अब सब चौपट है। मौसम की मार और अब की मंहगाई ने खेती को भी चौपट कर दिया है। जिस घर में नौकरी और खेती दोनों हैं, तब यह मान कर चलें कि खेत की कमाई तो खेत में ही खप जाती है और नौकरी से मिलने वाले वेतन से घर चलाया जाता है। जिनके यहां पक्की या कच्ची नौकरी भी नहीं है, वे पशु का दूध बेचकर गुज़ारा करते हैं। मुझे पक्का विश्वास है कि एमएसपी से खेती को सस्टेन करना मुश्किल हो रहा है। यह अलग बात है कि आदतन एक किसान अपने खेत को खाली नहीं छोड़ता और अपने अलावा दूसरों के लिए भी अन्न उगाता है। अपने लिए जो पशु दूध के लिए रखे हैं उनके दूध को भी दूसरों से शेयर करता है।

मेरा दावा है कि एमएसपी पर बात करने वाले लोग एक किसान के दो दुधारू पशुओं की देखभाल का पूरा काम खुद एक सप्ताह भी नहीं कर पाएंगे, खेती करना तो दूर रहा। आठवें दिन ये लोग एम्स में भर्ती होकर कराहते मिलेंगे। खेती में लगने वाली लागत का मूल्य तो एग्रीकल्चरल प्राइस कमेटी आंक लेती है लेकिन मनुष्यों का दुःख-दर्द, इनके अभाव, समय और खेत-कार्य का अलावा लगने वाला श्रम और तकलीफों का आकलन क्यों नहीं करती? मेरा मानना है है कि यह सब करने वाला सरकारी अमला अगर एक साल तक खुद खेती करके खुद तजुर्बा हासिल करे तो उसे मालूम हो जाएगा कि सब्सिडी और एमएसपी, जख्म पर मरहम मात्र लगाने वाला उपक्रम है। उन्हें मालूम हो जाएगा खेती कॉमर्स नहीं है बल्कि मुल्क के लोगों को जीवित और स्वस्थ रखने का एकमात्र उपाय है। खेती पर लिखने वाले इधर-उधर से लेकर या सरकारी वेबसाइट से डाटा लेकर लिख रहे हैं। इनके अपने वास्तविक अनुभव शून्य हैं। हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है। मेरे गांव के अधिकतर किसान क़र्ज़ के बोझ से दबे हुए हैं और इसे उतार पाएंगे, ऐसी उम्मीद भी नज़र नहीं आती।

## प्रसंगवश

# अपरिवर्तनीय सत्य



मोहन सिंह बिष्ट
पत्रकार

भारतीय हिंदू समाज में प्रचलित रूप चार वर्णों में विभाजित किया गया है जिसे मूलतः जन्म आधारित माना जाता है। सनातन संस्कृति के प्रारंभिक काल में ये वर्ण व्यवस्था जन्म आधारित न होकर कर्म आधारित थी।

वैश्विक रूप से जातियां एक समुदाय विशेष से ताल्लुक रखती हैं तथा उनका वर्ण विभाजन जन्म आधारित नहीं होता। उनके उद्गम में एक क्षेत्र विशेष आता है। वह विश्व का कोई कोना गांव का नाम अथवा किसी वरिष्ठ पारिवारिक सदस्य का नाम उसको प्राप्त सम्मान या उपाधि हो सकता है। इसके अलावा विभिन्न जातियों का स्रोत उनका पारंपरिक पेशा इत्यादि भी होता है।

भारतीय सनातन संस्कृति को मानने वाले अथवा हिंदू समुदाय के लोगों की जाति और उपनाम में एक बड़ा और अंतर है वे उपनाम या सरनेम तो बदल सकते हैं परंतु अपना वर्ण नहीं बदल सकते। दूसरी ओर धर्म आधारित व्यवस्था के मूल में प्रत्येक व्यक्ति की आस्था होती है जोकि स्वभाव से देश काल परिस्थिति के अनुसार परिवर्तनशील हो सकती हैं व्यक्ति मूल रूप से चाहे जिस वर्ण, जाति,क्षेत्र अथवा पेशे से हो उसका धर्म उसकी स्वयं की आस्था से निर्धारित होता है। इसका कारण कुछ भी हो सकता है।

आस्था में परिवर्तन कर दूसरे धर्म में आस्थावान हो सकता है अर्थात कोई भी व्यक्ति कभी भी कहीं भी अपनी धार्मिक आस्था में परिवर्तन कर सकता है। परंतु उसके बाद भी अपनी मूल जाति या उद्गम के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता। अपनी संस्कृति में परिवर्तन नहीं कर सकता धर्म और जाति में इस बड़े भेद को समझने से काफी हद तक वर्तमान में आपसी वैमनस्यता,धर्म संप्रदाय और जातिगत शत्रुता समाप्त हो सकती है कि वास्तव में धर्म और जाति के नाम पर मनुष्य और मनुष्यता में भेद करना मात्र आधुनिक समाज की अज्ञानता है। आज विज्ञान कहता है, प्राणी मात्र का उदगम एक है तो मात्र आस्था परिवर्तन तथा वर्ण अथवा जाति विभाजन से हम अलग कैसे हो सकते हैं। यही वास्तविक सत्य है और इसी सत्य को सनातन संस्कृति कहती है। मानव जाति एक ही है यह सत्य अपरिवर्तनीय हैं।

# मौसम मस्त चुनाव का : नेताओं के रंग



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

> चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है।

अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है मगर समय नजदीक आते ही वातावरण में नर्मी गर्मी की शुरुआत हो गई है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है। इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले; चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। मौसम मस्त चुनाव का, नेताओं के रंग !/ भौंचक होकर देखती,जनता भी हुड़दंग !!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और नहीं समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है?

नेताजी की जन विश्वास यात्रा शुरू हो गई है। 5 सालों तक गायब रहने वाले अब हाथ जोड़कर उन्माद मचाते हुए जनता के बीच में दांत निपोड़ रहे हैं। अपनी-अपनी बिरादरी के लोगों के बीच नेताओं ने आना-जाना शुरू कर दिया है। जातीयता का नशा भी कैसा अनोखा होता है कि वह सबसे ज्यादा अपना ही अहित करता है। किसी भी नशे का चरित्र और प्रभाव यही तो है कि वह उसके सेवन करने वाले को ही नष्ट करता है। जातीय उन्माद सबसे पहले उसी जाति का विनाश करता है जो इसमें सम्मिलित हैं, फिर वह समाज को तोड़ता है। ऐसे में तय है कि देश कमजोर होगा ही। चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है ठीक वैसे ही जैसे जनता नेता की जीत के बाद धूल चाटती रहती है। नेता भी पूरे जोशो-खरोश में अपने भड़ास, उबाल और छल-फरेब को जनता की भावना भांप कर निकालते रहते हैं। हर दल ने अपनी जन विश्वास यात्रा निकालनी शुरू कर दी है। किसी ने भारत जोड़ो, तो किसी ने सुशासन संवाद, तो किसी ने जन विश्वास, तो किसी ने दुआ-सलाम, तो किसी ने कुछ और और नाम भले ही रख दिया है लेकिन काम और उद्देश्य सबके एक ही हैं कि आसन्न चुनाव में जनता कैसे उनके पक्ष में आ जाए। बड़े ऊंचे ऊंचे बोल, झूठ फरेब, नारे-वादे, घोषणा, आश्वासन और भाषण का दौर शुरू है। जनता भी पहली बार इस तरह के आचरण और व्यवहार को नहीं देखेगी, वह भी अभ्यस्त हो चुकी है।

विचित्र होता है चुनावी मौसम भी, और यह मौसम पूरे वातावरण में ऐसा नशा घोल देता है कि अच्छे-अच्छे लोग भी उन्माद में आ जाते हैं। सबके बोल बिगड़ जाते हैं। चौक-चौराहों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ता ही क्या आम-आवाम भी चुनावी हिसाब किताब और गणित में लग जाता है। ऐसे में दलों और नेताओं की आवाजाही तेज हो जाती है। वे आग बुझाने नहीं बल्कि उसमें घी डालकर उसे और तेज करने तथा अपनी रोटी सेंकने के लिए आते हैं।

चुनावी उन्माद का दौर शुरू है। रंग-बिरंगी पगड़ी बांधे, रंग जमाते शहर, गांव, कस्बों और गली-गली में फैल रहे हैं राजनीति के नए पुराने शोहदे। तमाम प्राणियों के गुण और आचरण को ओढ़कर आ रहे हैं ये। ऑक्टोपस की तरह अपने पंजे की गिरफ्त में लेते चले जा रहे हैं भोले-भाले लोगों को। अब तो चुनावी अभियान में भाषा का भदेस रूप स्थानीय गालियों के साथ प्रस्तुत हो रहा है। जाने किस-किस तरह का गठबंधन बनेगा। इंडिया बना तो उसका हाल बेहाल है, क्योंकि उससे प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाले जदयू सुप्रीमो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाहर हो गए हैं। उन्होंने पाला बदल दिया और फिर ऊंट पहाड़ के नीचे आ गया है। नरेंद्र मोदी से खार खाए हुए नीतीश कुमार बार-बार उन्हीं की शरण में आ रहे हैं। बड़ी विवशता और छटपटाहट में हैं नीतीश जी।

बसपा सुप्रीमो मायावती जाने कहां हैं?और ठीक-ठाक पता नहीं कि सपा नेता अखिलेश यादव की साइकिल की स्थिति क्या है? कांग्रेस के राजकुमार राहुल गांधी की देश-नापो चहलकदमी और मटरगश्ती का हाल क्या है? तृणमूल की आंधी ममता दीदी की नई पैंतरेबाजी कैसी है? बहुत सारी बातें हैं! उत्तर और दक्षिण भारत के अलग-अलग प्रांतों के स्थानीय क्षत्रपों का भी हाल बेहाल है। वे डांवाडोल हैं। इधर जाएं या उधर जाएं - बात नेताजी की समझ में नहीं आ रही है।

## सोशल फोरम

# स्मार्टनेस पर जोर

> इसी कारण देखिए ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978– 79 में ही खोल दी।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

अब हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे है जहां स्मार्टनेस पर जोर है । हर चीज दुबली पतली छरहरी। मोटे का ज़माना गया। आदमी भी स्मार्ट, मोबाइल भी स्मार्ट। आ गया माइक्रो चिप्स का ज़माना। ट्रांजिस्टर का उपयोग करके, हमने रेडियो को छोटा बना दिया है। बाल-पतली फाइबर-ऑप्टिक केबल ने भारी तांबे के तार की जगह ले ली है। माइक्रोचिप्सों ने तो कमाल कर दिया, पता नहीं क्या-क्या अप्रचलित कर दिया ।

एक और डाटा आ रहा है कि खुली अर्थव्यवस्थाएं बंद अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रति वर्ष 1.2 प्रतिशत अंक तेजी से बढ़ीं, क्योंकि आप जितने अधिक खुले होंगे, आप विचारों, बाजारों, प्रौद्योगिकियों और प्रबंधन नवाचारों के आज के विश्व नेटवर्क में उतने ही अधिक एकीकृत होंगे , समय के साथ दौड़ सकते हैं ।

इसी कारण देखिये ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978- 79 में ही खोल दी। अपने ही देश में 1991 में विदेशी मुद्रा के लिए चंद्रशेखर सरकार ने सोना गिरवी रखा और उसके बाद आयी नरसिम्ह राव सरकार / मनमोहन सिंह को अर्थव्यवस्था खोलने पर मजबूर होना पड़ा ।

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के धुर विरोधी मार्क्स महान वैज्ञानिक चिंतक थे, साम्यवाद के प्रवर्तक थे, विज्ञान की तरह बताया कि यह होगा फिर यह होगा और फिर क्रांति होगी, कहीं-कहीं हुई भी पर आज यहां तो सब उलट हो रहा है। हमारे देश के मार्क्सवादियों ने अपने देश से लिहाज़ से सिद्धांत खोजे नहीं, वे आज हर सवाल के जवाब के लिए मार्क्स को ताक रहे हैं और मार्क्स कब्र में हैं , निकलने को तैयार नही। समय और देश की मांग के मद्देनज़र उन्हें नए सिद्धांत गढ़ने होंगे, धुर वाम से केंद्र की तरफ़ चलकर अपनी नई जगह बनानी और उसे मज़बूत करनी होगी।

**-फेसबुक वॉल से**

# जान है तो जहान है



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन न परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर , डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा ,पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं ।

## स्वास्थ्य सुभाषित

जान है तो जहान है अर्थात जान बची रहेगी तो बाद में संसार का सारा आनन्द पुनः उठाया जा सकता है। मृत्यु के बाद सब कुछ व्यर्थ है। इसलिए जीवन सुरक्षित रखना सेहत दुरुस्त रखना हर व्यक्ति का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हर आदमी को अपना खानपान ,रहन-सहन ऐसा रखना चाहिए जिससे उसकी सेहत ठीक–ठाक रहे। सेहत अच्छी रहे ।

**दृष्टांत :** कोविड महामारी के समय अधिकांश लोगों ने अपनी समस्त सार्वजनिक गतिविधियों को सीमित कर, यहां तक कि घर के बाहर निकलना, भीड़ भाड़ से बचना, स्वच्छता के नियमों का सख्ती से पालन करना, मास्क लगाना, परस्पर दूरी बनाए रखना आदि नियमों का पालन किया और उस संकट को पार किया। अपने को कोविड संक्रमण से बचाए रखने का पूरा प्रयास किया। टीका लगवाया। इन सबका प्रतिफल यह हुआ कि हमारे देश में कोविड की भयानकता अन्य देशों की अपेक्षा कम रही। कितने लोगों की जान बच गई।

इस संदर्भ में एक दूसरा अच्छा उदाहरण है उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग दुर्घटना में फंसे 41 खनन मजदूरों का अपने जीवन को बचाने का सामूहिक प्रयास। उन सभी मजदूरों ने पत्थर की शिलाओं से रिसते जल से अपनी प्यास बुझाई, चिवड़े से भूख मिटाई तथा योगाभ्यास किया । यह सब तब तक करते रहे जब तक राहत प्रयास उन्हें बाहर निकालने में सफल हों सके। अपना जीवन बचाने का ऐसा साहसपूर्ण प्रयास विश्व इतिहास में एक कीर्तिमान स्तंभ है और ' जान है तो जहान है' का ज्वलंत उदाहरण है। जंक जहर है, जिगर कहर है। न खाये इसे/ न आएगी नैश की नौबत,न होगी हृदयाघात की आफत।

**व्याख्या :** नैश (NASH) अल्कोहल के अतिरिक्त जैसे जंक भोज्य पदार्थों के कारण जिगर में होने वाली सूजन / प्रदाह जो आगे चलकर भविष्य में सिरोसिस या यकृत कैंसर का रूप ले सकता है। जंक पदार्थों का दिल के ऊपर भी बुरा असर पड़ सकता है। आजकल युवकों में पाया जाने वाला दिल के दौरे का यह भी एक प्रमुख कारण है ।

**मांसाहार अनेक दोष / हृदय कैंसर जैव कुदोष।**

**व्याख्या:** मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना, बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है । स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है ।

**मोबाईल न असन, दिल घातक कुव्यसन**

(संकेत-असन-भोजन/खाना, दिलघातक- दिल को चोट पहुंचाने वाला/दिल को बीमार बनाने वाला, कुव्यसन- बुरी लत )

**व्याख्या :** मोबाईल को भोजन न समझे। उससे दिन -रात लिपटे न रहे। उसकी लत न लगाएं। लत की हद तक मोबाईल का प्रयोग आंखों की रोशनी पर असर डालेगा। गर्दन और कमर की हड्डियां झुक जाएंगी। सैर , व्यायाम या योग के लिए समय नहीं निकाल पाएंगें। इन सबका सम्मिलित कुफल यह होगा आपका पेट निकल आएगा। वजन बढ़ जाएगा। दिल पर बहुत बुरा असर पड़ेगा और कम उम्र में हृदयाघात (दिल के दौरे) की संभावना बढ़ जाएगी। किशोर-बच्चों को मोबाईल, लैपटॉप या टीवी सब मिलाकर दिन में दो घंटे से अधिक नहीं देखना चाहिए।

**साक्ष्य :** एसजीपीजीआई लखनऊ में किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग दिन भर में 3 घंटे से अधिक मोबाईल का उपयोग करते हे उन्हें तोंद, बीपी, तथा शुगर की समस्या कम उम्र में सता सकती है।

**प्रकृतिस्थता:** क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। आजकल संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर,डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा, पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं उसके पीछे प्रकृतिस्थता का अभाव ही प्रमुख कारण है। जिसने अपने अंदर प्रकृतिस्थता का गुण विकसित कर लिया उसने इन तमाम बीमारियों पर सहज ही नियंत्रण प्राप्त कर लिया। इस संदर्भ में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन का एक प्रसंग बहुत ही अनुकरणीय है जिसकी चर्चा महाकवि तुलसी इस श्लोक में बहुत सुंदर तरीके से करते हैं: प्रसन्नतां या न गताभिषेकस्तथा/ न मम्ले वनवास दुःखतः। मुखाम्बुज श्रीरघुनंदनस्य में,सदास्तुसा मंजुल मंगलप्रदा।। (अयोध्याकांड श्लोक-२,श्रीरामचरितमानस) श्रीराम जनकपुर में विवाह के पश्चात अयोध्या लौट आते हैं और महाराज दशरथ गुरु वशिष्ठ से मंत्रणा के बाद उन्हें राज्याधिकार देने का सुनिश्चय करते हैं। राज्याभिषेक के तिथि की घोषणा हो जाती है। दूसरे दिन सवेरा होते-होते महारानी कैकेयी की कुमति और दुराग्रह के चलते उन्हे चौदह वर्ष वनवास की आज्ञा होती है जिसे राम 'कानन राजू ' समझ कर सहर्ष स्वीकार करते हैं। उनके चेहरे पर विषाद की एक रेखा भी नहीं उभरती। प्रस्तावित राज्याभिषेक के ठीक पहले वह हर्षोन्मत्त भी नहीं थे। ऐसा अद्भुत मानसिक संयम और संतुलन ही व्यक्ति को स्वस्थ और दीर्घायु दे सकता है। इसके विपरीति आजकल का धमाचौकड़ी पूर्ण जीवन केवल असंतोष और तनाव देता है जो अनेक असंक्रामक रोगों का सहज कारण बंनता है ।

**अभिवादनशीलता:** 'अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः। चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्।। ' स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना करने वाले हर व्यक्ति को अपने से आयु में श्रेष्ठ हर प्राणी का उचित अभिवादन, उसका यथा संभव सेवा -सत्कार अवश्य करना चाहिए। ऐसे अभिवादनशील व्यक्ति की आयु, विद्या, कीर्ति और बल इन चारों में वृद्धि होती है। स्वस्थ और सफल जीवन जीने वाले अनेक लोगों का जीवन हमें हमेशा अभिवादनशील बने रहने की शिक्षा देता है ।

**हम दो हमारे दो :** 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।'मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने त्रेता युग के उस काल में सीमित परिवार– 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।' का ऐसा आदर्श रखा जो अब संपूर्ण विश्व को जनसंख्या विस्फोट से बचाने के लिए एक अनुकरणीय अपरिहार्यता बन गई है। ध्यातव्य है कि भारत सरकार ने बहुत वर्षों पहले अपरिमित बढ़ती हुई आबादी पर नियंत्रण पाने के लिए इस नारे की बहुत जोर शोर के साथ घोषणा की थी- 'हम दो हमारे दो' । पर हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम तो इस बात का जीवंत उदाहरण हमारे सामने हजारों वर्ष पूर्व रख दिया था। स्वस्थ सामाजिक संरचना के लिए ऐसी संतति – संकल्पना शायद ही किसी अन्य ने प्रस्तुत किया हो।

# रामराज्य के रूप में पारित होंगी सभी योजनाएं : विजय

## विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले -बैठक में धर्मांतरण व लव जिहाद पर अंकुश लगाने पर हुआ मंथन

अयोध्या कार्यालय



कारसेवकपुरम में आयोजित बैठक में मंचासीन विहिप के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की तीन दिवसीय बैठक रविवार को कारसेवकपुर में शुरू हुई। बैठक में धर्मांतरण व लव जिहाद पर अंकुश लगाने को लेकर मंथन किया गया। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश रामराज्य की दिशा में किस तरह आगे बढ़े, इसको लेकर भी चर्चा हुई।

विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय शंकर तिवारी ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद देश में एक माहौल बना है। रामराज्य के रूप में सभी कार्य योजना पारित होगी। कहा कि चुनाव हमारा विषय नहीं लेकिन मतदान शत-प्रतिशत हो इसका आग्रह हम हिंदू समाज से हर बार करते हैं, इस बार भी करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रन्यासी मंडल की बैठक हर वर्ष होती है। जिसमें संगठन की योजना संगठन की रचना, काम का विस्तार योजना का विस्तार इन सब विषयों पर चर्चा होती है। सभी कार्यकर्ता योजना को लेकर अपने क्षेत्र में जाते हैं और क्षेत्र में सारी योजना लागू की जाती है। इस दृष्टि से आगे कार्य योजना बनती है और कार्य होता है।बैठक में विहिप के पालक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैया जी जोशी, विहिप संरक्षक दिनेश चंद्र, अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह, कार्याध्यक्ष आलोक कुमार, उपाध्यक्ष चंपत राय, धर्मनारायण शर्मा, जीवेश्वर मिश्र, संगठन महामंत्री विनायक राव देश पांडेय, महामंत्री मिलिंद परांडे, संयुक्त महामंत्री कोटेश्वर शर्मा, डॉ.सुरेंद्र जैन, अंबरीश सिंह, गजेंद्र सिंह समेत विश्व भर से आए करीब 400 पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

▶▶ कारसेवकपुर में शुरू हुई विहिप की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की तीन दिवसीय बैठक

बैठक में मौजूद देशभर से आए विहिप पदाधिकारी, कार्यकर्ता व प्रन्यासी। अमृत विचार



### केंद्र व राज्य में राष्ट्रवादी सरकार विहिप के संघर्ष का परिणाम : महंत डॉ. रामानंद

अध्यक्षता कर रहे महंत डॉ.रामानंद दास ने कहा कि विहिप के संघर्ष का परिणाम है कि केंद्र व राज्य में राष्ट्रवादी सरकार हैं । राष्ट्रवाद का जो बीज अंकुरित होकर वृक्ष के रूप में प्रकट हुआ है, उसकी जड़ों को और मजबूत करने की आवश्यकता है। हमें राष्ट्रवाद की अलख जगाए रखनी होगी। ऐसा रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हम अखंड भारत को प्राप्त कर लेंगे।

### देशभर में लगाए जाएंगे 500 शिविर : मिलिंद

विहिप के महामंत्री मिलिंद परांडे ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद और उसके सहयोगी संगठनों बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी और मातृ-शक्ति के प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। शिविर में देश के हजारों हिंदू युवा भाग लेंगे और राष्ट्र के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होंगे। देश भर में 500 से अधिक कैंप लगाए जाएंगे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, एक युवक की मौत


घटना के बाद सीएचसी में मौजूद परिजन व भीड़। अमृत विचार

लहरपुर/सीतापुर

**अमृत विचार :** कोतवाली इलाके में ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार,क्षेत्र के मोहल्ला बसैहिया टोला निवासी निहाल (18) पुत्र जमील अहमद अपने साथी सुहेल पुत्र गुलाम निवासी खालेपुरवा थाना हरगांव से लहरपुर इलाके में जलसा देखने के लिए रविवार रात करीब 10 बजे जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में ट्रैक्टर ट्रॉली से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक अनियंत्रित होकर पलटने से दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलो को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने इस दौरान निहाल को मृत घोषित कर दिया जबकि सुहेल को गंभीर चोटें देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश ने बताया कि हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली मौके से फरार हो गई है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जल्द ही ट्रैक्टर और चालक की तलाश कर आवश्यक विधिक कार्यवाई की जाएगी।


ट्रस्ट की ओर से जारी की गई रामलला की तस्वीर।

### रामलला को लगा 56 व्यंजनों का भोग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से आयोजित मुरारी बापू की कथा में शामिल हुए रामभक्तों ने श्रीराम जन्मभूमि में विराजमान रामलला को 56 व्यंजनों का भोग प्रसाद को अर्पित किया। शनिवार शाम विश्व हिंदू परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक कुमार, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी, महामंत्री चंपत राय, सदस्य कामेश्वर चौपाल, सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य की उपस्थिति में राम कथा आयोजन के मुख्य यजमान ने विशेष भोग को अर्पित किया। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मुरारी बापू के अनुयायियों की ओर से रविवार को रामलला को छप्पन भोग लगाया गया। उसके बाद इसका प्रसाद भी लोगों में वितरित किया गया।

# हाइटेंशन लाइन का पोल टूटा

**झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार:** विद्युत उपकेंद्र नैपालापुर के अंतर्गत आने वाले टेड़वा चैराहे पर हाइटेंशन लाइन का पोल नीचे से जर्जर होकर टूट गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इसकी कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन पोल ठीक नहीं किया गया। ग्रामीण आलोक शर्मा, अवधेश कटियार, पुनीत, रामू, अखलेश्वर, सोनेलाल आदि का कहना है कि पोल नीचे से टूट चुका है। टेड़वा चैराहे पर भीड़भाड़ भी बनी रहती है। शिकायत करने के बाद भी कोई अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। एसडीओ खैराबाद आईजी मौर्या ने बताया कि अवर अभियंता से कहकर जल्द ही जर्जर पोल सही करवा दिया जाएगा।

# श्री शतचंडी महायज्ञ व संत सम्मेलन संपन्न

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** श्री 1008 ब्रह्मलीन श्यामानंद फलाहारी बाबा की पुण्य स्मृति में श्री दुर्गा धाम राही में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन की पूर्णाहुति विधि विधान से हवन पूजन एवं कन्या भोज व विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। जगद्गुरु स्वामी शंकराचार्य महाराज काशी सुमेर पीठाधीश्वर, बजरंग मुनि, यज्ञ आचार्य पंडित अर्जुन तिवारी, रोहित कृष्ण शास्त्री, मीनाक्षी तिवारी मानस मर्मज्ञ, हिंदू हृदय सम्राट पवनेश महाराज, मानस प्रवक्ता भूशुडीं जी महाराज, भयंकराचार्य महाराज, चंदन शास्त्री भागवत आचार्य, रजनीश व्यास आल्हा सम्राट, मानस प्रवक्ता ने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्री राम कथा की महिमा का वर्णन करते हुए श्री राम कथा रसपान कराया। राजेश वर्मा सांसद, सुनील वर्मा पूर्व विधायक, राजेश शुक्ला जिला अध्यक्ष भाजपा, राकेश त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, अचिन मेहरोत्रा आदि रहे।

# एक रात में पलट गया था राम जन्मभूमि का इतिहास

अयोध्या कार्यालय


रामकथा कहते कथावाचक मोरारी बापू।

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के संयोजन में तीर्थ क्षेत्र पुरम बाग बिजेसी में आयोजित रामकथा में रविवार को दूसरे दिन कथावाचक मोरारी बापू ने कहा कि माता कैकई ने जब प्रभु राम के लिए वनवास मांगा तो माता कौशल्या ने कहा कि भरत को राजगद्दी तो राम को 14 वर्ष का वनवास क्यों? एक रात में बाजी पलट जाती है। ऐसी ही एक घटना अयोध्या में भी हुई थी जब प्रभु राम की जन्मभूमि पर रामलला का प्रकट हुआ था। और वहां का इतिहास बदल गया था। कहा कि अयोध्या का राममंदिर राष्ट्र का मंदिर है। उन्होंने कहा कि मैं अयोध्या में प्रभु श्रीराम को रामकथा सुनाने आया हूं।

मोरारी बापू ने कहा कि अयोध्या का मंदिर भव्य बन रहा है। नियम के अनुरूप बन रहा है। मंदिर निर्माण में सभी की आहुतियां लगी होंगी, लेकिन यह प्रयत्नशील लोग हैं, जिन्होंने कम समय में मंदिर निर्माण कर दिया। हनुमान चाहिए तो राम को पकड़ो। शुद्ध रहना है तो राम को पकड़ो। पतित, वंचित, तिरस्कृत सबको राम ने सम्मान दिलाया। कलियुग में केवल एक ही नाम है वह है राम का नाम। भाव में जपो या अभाव में जपो, चाहे जैसे जपो...राम बेड़ा पार कर ही देते हैं। कथा के दौरान मुरारी बापू ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को क्रोध नहीं करना चाहिए। कथा अवसर पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि समेत अन्य मौजूद रहे।

### रामलला को समर्पित किया 13.5 किलो चांदी से बना दीपक

**अयोध्या कार्यालय।** राम मंदिर में विराजमान रामलला के गर्भगृह में अखंड ज्योति के लिए मुंबई के उद्योगपति नागेंद्र आचार्य और अरुणा आचार्य ने चांदी से बने दो विशाल दीपक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया है। 13 .50 किलो वजनी दीपक की ऊंचाई 3 .30 फीट है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से 48 दिवसीय मंडपोत्सव के अनुष्ठान में रविवार को मुंबई से आए उद्योगपति नागेंद्र आचार्य पत्नी समेत शामिल हुए इस दौरान रामलला के समक्ष पूजन अर्चन करने के बाद राम लाल की समक्ष अखंड ज्योति जलाए जाने की इच्छा प्रकट करते हुए जो विशाल दीपक ट्रस्ट के सदस्य विश्व प्रसन्न तीर्थ के मौजूदगी अर्पित किया।


चांदी से बने दीपक के साथ मुबई के उद्योगपति दंपति।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा भरतकुंड रेलवे स्टेशन

अयोध्या कार्यालय

▶▶ अमृत भारत योजना के तहत आज पीएम मोदी करेंगे वर्चुअली शिलान्यास

▶▶ 17.4 करोड़ की लागत से होगा पुनर्निमाण, यात्री सुविधा केंद्र और पार्किंग के रहेंगे इंतजाम

**अमृत विचार :** रामनगरी के बाद अब महाराज भरत की तपोस्थली भरतकुंड रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होने जा रहा है। भरतकुंड स्टेशन को भी राम मंदिर मॉडल की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। लगभग 15 बीघे में तैयार होने वाला स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह सीसीटीवी भी लगाए जाएंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअली शिलान्यास के बाद रेलवे स्टेशन पर युद्ध स्तर से कार्य शुरू हो जाएगा।

रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। अमूमन श्रद्धालुओं का आगमन रेलवे मार्ग से ही हो रहा है। अयोध्या आने वाला हर एक श्रद्धालु श्रीराम जन्मभूमि से तकरीबन 20 किमी दूर प्रयागराज मार्ग स्थित भरतकुंड भी पहुंचता है। भरतकुंड के महत्व को देखते हुए केंद्र सरकार अमृत भारत योजना के तहत भरतकुंड रेलवे स्टेशन को निखारने जा रही है। तकरीबन 17.4 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। स्टेशन का नया भवन राम मंदिर के तर्ज पर बनाया जाएगा। स्टेशन भवन के विकास के साथ नए स्टेशन भवन का निर्माणं व पोर्टिको का प्रावधान किया गया है। सरकुलेटिंग एरिया का भी निर्माण होगा। सोमवार को शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह होंगे। बीकापुर के विधायक डॉक्टर अमित सिंह चौहान की मौजूदगी के साथ रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।



भरतकुंड रेलवे स्टेशन।

### यात्रियों के लिए बनेगा फूड प्लाजा, मिलेंगी कई सुविधाएं

स्टेशन भवन में यात्रियों के लिए फूड प्लाजा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, आधुनिक प्रतीक्षालय, कैफेटेरिया व रिटेल सुविधाएं, आरामदायक, टिकाऊ व आधुनिक फर्नीचर, एक स्टेशन एक उत्पाद के कम से कम दो स्टॉल, एग्जीक्यूटिव लाउंज व टॉयलेट ब्लाक का निर्माण होगा। सरकुलेटिंग एरिया में यात्रियों के आगमन व प्रस्थान के लिए चौड़ी सड़कों का प्रावधान, सुनियोजित पार्किंग क्षेत्र, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्थानीय शिल्पकला व संस्कृति के समावेशन से सौंदर्यीकरण व हरित पट्टी का विकास, यात्रियों की सुगमता एवं मार्ग दर्शन हेतु अच्छी दृश्यता एवं सौंदर्ययुक्त साइनेज व सेरेमोनियल फ्लैग का प्रावधान, जल निकासी की समुचित व्यवस्था होगी। दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। उच्चस्तरीय प्लेटफार्म और यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त शेड व आधुनिक सुविधाओं से युक्त यात्री प्रसाधन भी रहेगा। एलईडी आधारित स्टेशन नेम बोर्ड, आधुनिक कोच गाइडेंस व ट्रेन इंडीकेशन बोर्ड सुरक्षा एवं संरक्षा के लिए लगाए जाएंगे। स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरा, फ्री वाई-फाई की सुविधा, स्वचालित यात्री उद्घोषणा का प्रावधान रहेगा।

### स्टेशन पर रुकती है अभी एक ट्रेन

भरतकुण्ड रेलवे स्टेशन के अधीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि करीब 15 बीघे में निर्माण कार्य होगा। एक प्लेटफॉर्म है और उसी का निर्माण होगा। अभी सिर्फ प्रयाग-अयोध्या-प्रयाग ट्रेन ही यहां रुकती है।

### ढेढ़ी बाजार रेलवे ब्रिज का लोकार्पण आज

**अयोध्या।** अयोध्या धाम में टेढ़ी बाजार रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी 111-बी) का सोमवार को लोकार्पण किया जाएगा। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर साढ़े 12 बजे के वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। इस दौरान स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधि व रेलवे के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

> भरतकुंड स्टेशन पर आधुनिक सुविधाएं बढ़ने से भरत जी की तपोस्थली पर पर्यटकों व श्रद्धालुओं के आवागमन में सुविधा होगी। पर्यटन बढ़ने के साथ ही रोजगार में भी इजाफा होगा। – **लल्लू सिंह, सांसद**

### एक नजर

#### दो डेंटल सर्जनों को मिला नियुक्ति पत्र

**अयोध्या, अमृत विचार :** सीएमओ ऑफिस के सभागार में रविवार को दो डेंटल सर्जन डॉ. सबा आफरीन व डॉ. विमलेश कुमार को सदर विधायक ने नियुक्ति पत्र सौंपा। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने चिकित्सकों से दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों के काल चक्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लाखों शिक्षित युवक व युवतियों को निष्पक्ष व पूर्ण पारदर्शिता के साथ बिना किसी प्रकार के भेद-भाव व जाति-पात के रोजगार एवं नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। एडी हेल्थ डॉ. पवन कुमार अरुण, सीएमओ डॉ. संजय जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### पहले ही दिन ईसीजी मशीन ने बचा ली जान

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ईसीजी मशीन लगने के आठ घंटे बाद ही पहला गंभीर रोगी पहुंचा। रात में 12 :30 बजे पहुंचे मरीज की ईसीजी से जांच करने के बाद ईएमओ डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने उन्हें 30 मिनट तक इमरजेंसी में ही भर्ती किए रखा। डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि शनिवार देर रात उसरू के कृष्ण कुमार श्रीवास्तव (68) को जिला अस्पताल लाया गया। मरीज को हार्ट की परेशानी के साथ ही शुगर और हाई ब्लडप्रेशर की भी शिकायत थी।

# देश को ऊंचे शिखर तक पहुंचा सकती है बहुजन विचारधारा



बहुजन भाईचारा सम्मेलन में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वाधान में रविवार को शहर बाजार बस स्टेशन मैदान पर बहुजन भाईचारा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक डॉ. कुलदीप भार्गव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन विचारधारा ही देश को ऊंचे शिखर तक पहुंचा सकती है, हमारे पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समाज के लोग मिलकर ही इस देश से भाजपा सरकार को हटा सकते हैं, उन्होंने मौजूदा सरकार को कलम का कसाई बताते हुए कहा कि, पढ़े लिखे लोगों को नौकरी न देकर उनकी कलम की ताकत को खत्म करने का काम कर रही है, लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी समाप्त करने का काम करेगी। इस मौके पर जिला संयोजक भीम आर्मी राकेश राजवंशी ने सभी बहुजन समाज के लोगों को एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि, आने वाला समय भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी का है। इस अवसर पर शब्बीर खान जिला महासचिव भीम आर्मी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के सैकड़ो लोगों ने भीम आर्मी का दामन थामा। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील संयोजक अश्विनी शर्मा ने की। इस मौके पर प्रमुख रूप से सर्वेश गौतम, सचिन चैधरी, आर के चैधरी, रजनी गौतम, मुकेश वर्मा, डॉक्टर कीर्ति वान चैधरी, अंकित भार्गव, कमाल खान, डॉक्टर आफताब आदि रहे।

# रविदास जयंती पर बांटे गए वस्त्र

सीतापुर


जयंती के अवसर पर बच्चो व बुजुर्गों को उपहार देते नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता

**अमृत विचार :** खैराबाद इलाके में शनिवार की देर शाम माखुपुर नगर मे संत शिरोमणि रविदास महाराज की 647वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। मोहल्ला माखूपुर स्थित संत रविदास महाराज के मंदिर पर पूजा अर्चना कर चल समारोह निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुवाणी करते हुए भाग लिया। छोटे छोटे बच्चों ने महात्मा बुद्ध, डॉ बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर व अन्य महापुरुषों की झांकी प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि पूज्य संत रविदास जी द्वारा समाज में किए गए जन जागरण के कार्य आज भी हम सबके जहन में है। इसके साथ ही उनके द्वारा जातिभेद को समाप्त कर शिक्षा के प्रसार में उनकी विशेष भूमिका पर भी अभिषेक गुप्ता ने विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि संत रविदास सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। उन्होंने पूरे विश्व में सामाजिक समरसता का संदेश प्रसारित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभिषेक गुप्ता ने संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आरती की। इसके साथ ही छोटे छोटे बच्चों को उपहार देखर प्रोत्साहित किया। इस दौरान पुनीत सिंह, सभासद उमेश जायसवाल,संदीप मिश्र,संदीप गुप्ता,भाजपा युवा मंडल के अंशू मिश्र,शैलेन्द्र मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

### सार-संक्षेप

#### अब लखनऊ पढ़ने नहीं जाते कस्बे के बच्चे: मनीष रावत


दीप प्रज्जवलित करते विधायक मनीष रावत व मौजूद एसडीएम, वाइस प्रेसीडेंट।

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार :** बच्चों का परफारमेंस बता रहा है कि यहां की पढ़ाई का स्तर कैसा है। पहले यहां के बच्चे लखनऊ पढ़ने जाते थे, लेकिन अब यहां पर काफी अच्छे-अच्छे विद्यालय खुल गये हैं। लोग सीएमएस जैसी पढ़ाई अब अपने कस्बे में ले रहे है। यह बात शनिवार को सेंठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल सिधौली सीतापुर मे वार्षिकोत्सव आरोहण को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत ने कहीं। एसडीएम अनिल रस्तोगी, वाइस प्रेसिडेंट अनिर्बन भट्टाचार्य, मैनेजर रोबिन सिंह, सत्यनारायण अग्रवाल, आशीष अग्रवाल और विद्यालय की प्रधानाचार्या कंचन लता तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिकोत्सव का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। जिससे पूरा वातावरण भक्ति-भावना से ओत-प्रोत हो गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। बेटी बचाओ, सेना के शौर्य और, त्याग, साम्प्रदायिक सौहार्द पर तान्या प्रिया सूष्टि अक्षत, कर्तव्य और अर्णव की प्रस्तुतियों ने लोगों को अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर बच्चों को एसडीएम ने कुछ टिप्स दिये। आये हुए आगन्तुकों का विद्यालय परिवार ने स्वागत किया। इस मौके पर बच्चों को शाइनिंग स्टार आफ जयपुरिया, शत प्रतिशत अटेंडेंस अवार्ड, हिंदी राइटिंग, इंग्लिश राइटिंग दिए गये। साथ ही वर्ष भर विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में अपना सहयोग देने के लिए अभिभावकों को भी सपोर्टिव पेरेंट्स के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव में भारी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

#### विद्यार्थियों ने प्रधान पद के चुनाव के लिए किया नामांकन


कार्यक्रम में चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थी

**सिधौली ,सीतापुर, अमृत विचार :** यस फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे पहल कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को सिधौली में विद्यार्थियों ने मतदान की प्रक्रिया समझी। वरिष्ठ पत्रकार राजन भार्गव ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया द्वारा चुनाव संपन्न करवाकर बच्चों को खेल-खेल में पूरी जानकारी दी गई। चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए छात्र (उम्मीदवारों) ने नामांकन दाखिल किया। प्रधान पद के लिए चुनाव लड़ा, जिसमें अंकित गौतम को मटका, निधि यादव को किताब, प्रियंका गौतम को गुलाब का फूल व दिनेश कुमार को साइकिल का चुनाव चिन्ह दिया गया। सभी बच्चों ने अपने अपने उम्मीदवार का प्रचार-प्रसार कर मतदान किया गया। जिसमें सौ वोट डाले गए। जिसमें अंकित गौतम प्रथम व निधि यादव दूसरे नंबर पर रहे। चुनाव प्रक्रिया में पोलिंग पार्टी में यस फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद जीशान व मोहम्मद मेराज ने सक्रिय भूमिका निभाई। बच्चों को पोलिग पार्टी के बारे में बताया कि किस प्रकार चुनाव संपन्न कराते हैं। बच्चों को पूरी प्रक्रिया समझा कर चुनाव संपन्न कराए गए। बच्चों को लोकतंत्र में मतदान की गोपनीयता के बारे में भी बताया गया कि किस प्रकार मतदान गुप्त रूप से किया जाता है इस प्रकार बच्चों ने पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए अपने-अपने उम्मीदवारों को मतदान गोपनीय तरीके से किया और चुनाव प्रक्रिया को बारीकी से समझा। बच्चों को ईवीएम व वीवीपैट के बारे में भी जानकारी दी गई। बच्चों ने अपने-अपने उम्मीदवार के नाम व चुनाव चिन्ह के सामने बेल्ट पेपर पर मोहर लगाकर अपने-अपने मत मतपेटी में डाले। चुनाव प्रक्रिया के समापन के बाद पीठासीन अधिकारी ने पोलिंग पार्टी के सदस्यों व उम्मीदवारों के सामने ही मतगणना की।

#### विधायक व चेयरमैन ने चलाया स्वच्छता अभियान

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** सिद्धपीठ मां कामख्या धाम मंदिर के निकट स्थित गोमती के घाट पर विधायक रामचंद्र यादव और नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल ने स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान संत निरंकारी संस्था के तत्वाधान में चला। विधायक ने कहा कि मां कामाख्या धाम में रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, ऐसे में यहां साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने चेयरमैन से कहा कि विशेष सफाई नायकों की यहां सफाई के ड्यूटी लगवाएं। इस मौके पर संस्था के मुखी रामचंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्री ने जन चौपाल में सुनीं लोगों की समस्याएं

## सांसद ने विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के दिए निर्देश

फुरसतगंज, अमेठी


चौपाल में समस्याएं सुनती केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जन संवाद विकास यात्रा के अंतर्गत गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के लिए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी रविवार को ग्राम पंचायत निगोहां में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का काफिला दोपहर एक बजकर 40 मिनट पर ग्राम पंचायत निगोहां ग्राम सभा पहुंचा। जहां बड़ी संख्या में पहले से मौजूद ग्रामीण स्थानीय सांसद से मिलने के लिए उत्सुक दिखे। सांसद के हाथों में प्रार्थना पत्र देकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आवास, पेंशन एवं पीएम किसान निधि स्वंय सेवी महिला समूह, ड्राई राशन वितरण, समय से मानदेय न दिये जाने के कारण समूह महिलाओं ने ज्ञापन दिया। अन्य समस्याओं पर कई लोगों ने प्रार्थना पत्र दिया। वहीं, अमेठी सांसद ने विभागीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर निस्तारण के लिये कहा।

निगोहां निवासी दिव्यांग ब्रजेश मौर्या ने स्मृति ईरानी को ज्ञापन देकर इलैक्ट्रिक ट्राई साइकिल की मांग की। निगोहां के निवासी सचिन तिवारी प्रार्थना पत्र देकर ग्राम सभा निगोहा में विकास कार्यों की जांच की मांग। कार्यक्रम के बाद निगोहा के निवासी प्रेम शंकर तिवारी के आवास जाकर परिजनों मुलाकात की और परिजन स्मृति ईरानी को बुकें देकर उनका स्वागत किया। परिजन की महिलाओं ने उनके साथ फोटो भी खिचवाईं। उसके बाद जल पान कर उनका काफिला फुरसतगंज कस्बे में पहुंचते ही भाजपा के जिला मंत्री के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों के साथ ढोल नगाडों से मल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया, और लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या बताई उसके बाद उनका काफिला किशुनपुर केवई पहुंचा। जहां लोगों की समस्या सुनीं और भाजपा के नेता अनिल श्रीवास्तव ने राम मंदिर प्रतीक चिह देकर सम्मानित किया। सांसद को पूरे राजा, पूरे इंदल, झझरी गाव की महिलाओ ने अडर पास पुल बनवाने की मांग की। दर्जनों महिलाओं ने आवास व पेंशन, राशन कार्ड में नाम बढ़ाने व कोटेदार की शिकायत करते हुए कहा कि राशन एक यूनिट काम देते है। उसके बाद उनका काफिला रायबरेली के लिये रवाना हुआ इस मौके पर राहुल शर्मा, नीलम भारती, अनिल श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, मायाकात तिवारी हिमाशु द्विवेदी, मोहित द्विवेदी, रजत जायसवाल आदि सैकडों कार्यकता मौजूद रहे।

## भारतीय संविधान के मूल्यों की रक्षा को जीवन भर समर्पित रहे चौधरी छोटेलाल

▶▶ **श्रदांजलि सभा में बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर हुआ संवाद**

**भेंटुआ, अमेठी।** निर्वाण प्राप्त समाजकर्मी छोटे लाल चौधरी की स्मृति में रविवार को रामदयपुर में श्रदांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में निर्वाण प्राप्त छोटे लाल के जीवन दर्शन के साथ बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर विस्तार से संवाद हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बौद्ध परंपरा के अनुरूप त्रिसरण पंचशील के साथ हुई। बड़ी संख्या में लोगों ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर, भगवान बुद्ध की प्रतिमा और निर्वाण प्राप्त छोटे लाल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। सिरमौर बौद्ध विहार सोइया के सचिव रामफल फौजी ने कहा कि निर्वाण प्राप्त छोटे लाल जीवन पर्यन्त बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के सपनों का समाज बनाने को समर्पित रहे। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने निर्वाण प्राप्त छोटे लाल के जीवन दर्शन और अम्बेडकर मिशन की मजबूती के लिए किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि रामदयपुर में सिद्धार्थ बौद्ध विहार के निर्माण में उन्होंने सबसे बड़ा योगदान किया है। भारतीय संविधान के मूल्यों की रक्षा को जीवन भर समर्पित रहे। बसपा के जिला प्रभारी संजय कुमार कोरी ने कहा कि बौद्ध धम्म के प्रचार प्रसार में चौधरी छोटेलाल जीवन भर आगे रहे। कार्यक्रम का संचालन बौद्धाचार्य घीसनराम और राम प्रताप ने किया। शिक्षक राम चंद्र, राजेश अकेला, पलटूराम, रामदेव, ललित कुमार, जगन्नाथ, अरविंद कुमार, कालिका प्रसाद, संतोष कुमार, अमित कुमार चौहान, जगदीश प्रभाकर, संजीव कुमार, रामफेर आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं ने चलाया साफ-सफाई अभियान

▶▶ **'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना का दूसरा दिन संपन्न**

**अमेठी, अमृत विचार।** प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन रविवार को प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक मां कालिकन धाम स्थित सगरा के किनारे निरंकारी श्रद्धालुओं द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत सगरा में पड़े पड़े कूड़े कचरे को साफ़ किया और सगरा को पालीथिन मुक्त कर "स्वच्छ जल स्वच्छ मन" का संदेश देते हुए जल संचय के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।

संत निरंकारी मण्डल के जनपद अमेठी के संयोजक श्री राजेंद्र रावत ने बताया कि 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए यह परियोजना दिल्ली से सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन सानिध्य में यमुना छठ घाट से आई.टी.ओ. से समुदाय के समूचे भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना है ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अमेठी जनपद की निरंकारी मिशन की शाखा करौंदी, परसावा, शाहगढ़, एवं गौरीगंज के संत निरंकारी मिशन के सैंकड़ों निरंकारी सेवादल एवं श्रद्धालु भक्तों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणात्मक शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का आरम्भ वर्ष 2023 में किया था। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल निकायों का संरक्षण, उनकी स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच 'जागरूकता अभियान' के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस परियोजना के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न स्थानों के समुद्री तटों, नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं, झरनों इत्यादि जैसे जल निकायों की स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित किया गया और उन स्थलों की सफाई भी की गई।

## सार-संक्षेप

### पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त होने पर युवाओं ने मिठाई बांटी


एक दूसरे को मिठाई खिलाते आरक्षी परीक्षार्थी। अमृत विचार

**अमेठी।** बीते दिनों उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा सम्पन्न हुई थी। जिसमें अभ्यर्थियों ने प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा था। मुख्यमंत्री द्वारा भर्ती परीक्षा को रदद् करते हुए 6 माह के अंदर परीक्षा कराने के निर्देश बोर्ड को दिए गए हैं। स्टडी प्वाइंट डिजिटल लाइब्रेरी तथा अन्य जगहों पर युवाओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया। अधिवक्ता लवकुश यादव ने बताया कि जिस तरीके से बीते दिनों से अभ्यर्थियों में मायूसी थी। आज सभी के चेहरे पर मुस्कान आ गई है। उधर, ककवा रोड चौक चाणक्य पुरी में युवाओं ने पड़ा के फोड़कर खुशी मनाई है। दीपक यादव, अनिल मौर्य, आलोक यादव, अनूप सिंह, हरिश चंद, अनिल यादव, रिंकू यादव, मानसिंह, अजय , अंकुश, विवेक, लवकुश यादव सहित सैकड़ो की संख्या में अभ्यर्थी मौजूद रहे।

### इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय ने स्कूल में लगाया कैंप

**जगदीशपुर, अमेठी।** इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र मुंशीगंज के सौजन्य से अलनूर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मौलाना जुबेर अहमद के प्रयास से इस माह के अंतिम रविवार को एक दिवसीय नि :शुल्क नेत्र जांच प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन अलनूर पब्लिक स्कूल वादिए अशरफ़ सिंदुरवा रोड उतेलवा पर किया गया। कैम्प में 216 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया। जिसमें करीब 102 मरीजों को शल्य चिकित्सा के लिए डाक्टरों द्वारा चिन्हित किया गया और अन्य मरीजों को चश्मा प्रदान किया गया। भर्ती होने वाले मरीजों को नि :शुल्क आपरेशन के लिए मुंशीगंज हॉस्पिटल के लिए निश्चित तारीख को बुलाया गया। कैंप मैनेजर कल्पनाथ यादव द्वारा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रमन वर्मा ने आंख का परीक्षण किया गया तथा अंशू यादव, अंकिता यादव, सालिनी सिंह, सोनी, नीलम मौर्या, स्वाती, कहकशां बानों आदि ने कैंप में अपना योगदान दिया। कैंप का संचालन दिनेश यादव,हेमंत कुमार दुबे एवं खुशबू बानो ने किया।

### ग्रामीणों ने धूमधाम से निकाली कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** दादरा गांव में स्थित देवी हींगलाज मंदिर के प्रांगण में हो रहे देवी हींगलाज महायज्ञ एवं प्रवचन के पहले दिन रविवार को क्षेत्र के ग्रामीणों की ओर से भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। यात्रा क्षेत्र के विभिन्न गया। गांवों का भ्रमण करते हुए भद्दौर घाट पर पहुंची। वहां कलश लेकर पहुंचे भक्तों ने जल भरा और लौट कर यज्ञ स्थल पर पहुंचे यज्ञ आयोजन में संचालनकर्ता आचार्य संजय शास्त्री (बांदा) ने बताया कि प्रवचन का कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक व रात्रि 7 से 11 बजे रात्रि तक चलेगा। कथा वाचक आचार्य आशुतोष महाराज (श्री धाम अयोध्या), साध्वी प्रीती रामायणी (दिल्ली), कृष्णानन्द शास्त्री (वृन्दावन) कथा का रसास्वादन करायेंगे तथा यज्ञाचार्य आचार्य अशोक शास्त्री (वृन्दावन) के द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन कराया जायेगा। यह कार्यक्रम 3 मार्च तक चलेगा और 29 फरवरी को विशाल दुरदुरिया कार्यक्रम रखा गया है। 4 मार्च को पूर्णाहुति के साथ 6 मार्च दिन बुधवार को विशाल भण्डारे के साथ यज्ञ का समापन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व प्रधान दल डपट बहादुर सिंह, डाक्टर भानु प्रताप सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, अमरेश सिंह, फतेह बहादुर सिंह, अजीत सिंह, सुजीत सिंह,जीत बहादुर सिंह सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### राजा भैया का गौरीगंज में हुआ स्वागत

**अमेठी।** सदस्य विधान परिषद प्रतापगढ़ राजा जामों अक्षय प्रताप सिंह गोपाल के यहां आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वर वधुओं को आशीर्वाद देने कुन्डा प्रतापगढ़ से जामों जा रहे जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया का जिला मुख्यालय गौरीगंज के तिराहे पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने राजा भैया को फूल मालाओं से लाद दिया। राजनैतिक मुलाकातों और गठबंधन के संबंध में पत्रकारों के सवाल पर राजा भैया ने कहा कि गठबंधन पर कोई फैसला होने का सबसे पहले पता जामों और गौरीगंज के पत्रकार बंधुओं को मिल जाएगा। सपा और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष से विगत दिनों हुई मुलाक़ात और सपा के साथ संबंध में पूछे जाने पर कहा कि ये अच्छी बात है कि सभी के साथ अच्छे संबंध होने चाहिए। अभी किसी के साथ गठबंधन का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख चौधरी नफीस, शीतला मिश्रा, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, सभासद सुनील द्विवेदी, सन्नी अग्रहरि, आशीष त्रिपाठी, संतोष सिंह राघीपुर, ललित सिंह प्रधान बेहटा, तौफीक प्रधान रामपुर नौरंगाबाद, बेबी सिंह, सोनू सिंह रामगढ़ी, पप्पू श्रीवास्तव, आदित्य मिश्र, मेहंदी हसन, रमेश दुबे, दिनेश चौरसिया प्रधान राघीपुर, राजभवन यादव, पंकज सिंह, विक्की सिंह जिला पंचायत सदस्य, वीर सिंह सुबेहा, बृजेन्द्र सिंह रुद्रा ग्रुप, संतोष सिंह दुआरा, अभिषेक सिंह, राम दुलारे तिवारी आदि मौजूद रहे।

### अवधी साहित्य संस्थान द्वारा हुआ कवि गोष्ठी का आयोजन

**अमेठी।** रविवार को नगर स्थित डाक बंगला में अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से कवि गोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए अवधी साहित्य संस्थान अमेठी के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि हिन्दी साहित्य के सम्वर्द्धन में कवियों की भूमिका अहम है। महाकवि गोस्वामी का श्रीराम चरित मानस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है। कवि गोष्ठी की शुरुआत कवियत्री राजकुमारी संसृति की वाणी वन्दना से हुआ। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए राम वदन पथिक ने पढ़ा वतन को लूटने वाले नहीं दीपक जलाते हैं। कवि सुधीर कुमार रंजन ने पढ़ा जाति धरम सबसे बड़ा, मेरा भारत देश, तेजभान सिंह ने पढ़ा। बिछे हुए कांटों को देख मैंने खुद में जान लिया ।शव्वीर अहमद सूरी ने पढ़ा हुस्न वाले बड़े बेवफा हो गये। अवधी मधुरस ज्ञानेंद्र पाण्डेय ने पढ़ा झरि झरि नयना झरता हौ भीतरु भमकयइ आगि। चन्द्र प्रकाश पाण्डेय मंजुल ने पढ़ा ई कौनव महात्मा के रोसनी आटे। जगदम्बा तिवारी मधुर ने पढ़ा सुना सखी संइयां नीम को छंयियां। सुरेश शुक्ल नवीन ने पढ़ा कभी जब मौत हारेगी तो सांसें जीत जायेगी। अजय अनहद ने पढ़ा मुट्ठियां भरके वे नमक लाये घाव जिसको दिखाने वाले थे। दिवस प्रताप ने पढ़ा हर कोई दौलत का दम दिखा रहा है। राजेन्द्र शुक्ल अमरेश,सुधा अग्रहरि,हरिशंकर मिश्र, उदयराज वर्मा आदि कवियों ने अपनी कविताओं से सबका मन मोह लिया। इस गोष्ठी में कैलाश शर्मा , अनुभव मिश्र,एस एन पाल आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा

▶▶ **मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा किया गया निरीक्षण**

**अमेठी, अमृत विचार।** भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों की गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा हेतु अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा-6 में 140 छात्र, छात्राओं तथा कक्षा-9 में 140 छात्र, छात्राओं को प्रवेश दिया जाना है। अमेठी जनपद में प्रवेश परीक्षा में कक्षा 6 में 86 में से 73 बच्चे उपस्थित हुए एवं कक्षा 9 में 67 में से 53 छात्रों ने परीक्षा दी। इस प्रकार कुल 153 बच्चों में से 126 बच्चों ने अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। कक्षा-6 में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों से मानसिक क्षमता परीक्षण, अंकगणित परीक्षण तथा भाषा परीक्षण से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गए। इसी प्रकार कक्षा-9 में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों से अंग्रेजी, हिन्दी, गणित तथा विज्ञान से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गए। अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा दिनांक 25 फरवरी को परीक्षा का समय कक्षा 6 हेतु 11 से 1 बजे एवं कक्षा 9 हेतु 11 से साढ़े 1 बजे तक था। अयोध्या मंडल के सभी जिलों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई है इसमें बनी मेरिट के आधार पर बच्चों का चयन अटल आवासीय विद्यालय हेतु होगा। परीक्षा के दौरान उप जिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कनौजिया, जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी एवं श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे, पुलिस विभाग और मेडिकल की टीम भी परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रही। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा भी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया।

# ब्राम्हाण एक जाति नहीं बल्कि विचारधारा : दिनेश

▶▶ **राष्ट्रीय ब्राम्हाण एकता महासम्मेलन का हुआ आयोजन**

▶▶ **महासम्मेलन में संस्कारों को पुष्पित पल्लवित करने पर हुई चर्चा : पं. गिरीशपति त्रिपाठी**

अमेठी


ब्राम्हाण सम्मेलन में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को अमेठी के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अयोध्या नगर निगम के महापौर पंडित गिरीशपति त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती व भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया।

ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के द्वारा प्रमुख रूप से दहेज प्रथा का समापन, नशामुक्त समाज का निर्माण, ब्राह्मण एकता, सनातन धर्म का उत्थान, ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करते हुए राष्ट्रभक्ति का संचार करने का प्रयास संगठन द्वारा किया जा रहा है। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने सरकार से मांग किया है कि भगवान परशुराम जयंती के दिन सार्वजनिक अवकाश होना चाहिए। कार्यक्रम को पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी ने संबोधित करते हुए कहा की सुदामा के रूप में ब्राम्हाण स्वाभिमान एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने आज सबको यहां एक संकल्प के साथ बुलाया है। उन्होंने कहा कि ब्राम्हण एक जाति नही बल्कि विचारधारा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या के महापौर पंडित गिरीशपति त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर पूरे देश को मिल गया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व जिला जज रामनरेश मिश्रा ने कार्यक्रम में सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी, उमाशंकर मिश्र , धर्मेंद्र शुक्ला, उत्तराखंड से आए विशाल शर्मा, इंदु प्रकाश पाठक, वीके मिश्रा, अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के संरक्षक कृपा निधान तिवारी, आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ केसरी शुक्ला और ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिरुद्ध मिश्रा ने किया। इस दौरान ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच के सभी पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यक्रम में लोग उपस्थित रहे।

# सबका साथ-सबका विकास का मंत्र हो रहा साकार : मेनका

जिला संवाददाता, सुलतानपुर


लोगों की समस्याएं सुनतीं सांसद मेनका गांधी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व जिले की सांसद मेनका संजय गांधी ने दौरे के दूसरे दिन रविवार को मोतिगरपुर मंडल के पहाड़पुर फतुहा एवं लपटा में पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत दीवार पर कमल का फूल बनाया और एक बार फिर से मोदी सरकार का स्लोगन लिखा। कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को सरकार कर रही है। सरकार की योजना का लाभ हर तबके तक पहुंचा है।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री की 125 से ज्यादा ऐसी स्कीम है जिसका टारगेट गांव, गरीब व किसान का विकास हैं। मोतिगरपुर विकासखंड के पहाड़पुर सरायभीखम गांव में ब्लॉक प्रमुख चन्दर प्रताप सिंह सिंह, डीडीओ अजय कुमार पांडेय, एसडीएम अरविंद कुमार, सीओ प्रशांत सिंह एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में ब्लॉक स्तरीय चौपाल लगाकर 144 फरियादियों की समस्याओं को सुना। 15 दिन में शिकायतों को निस्तारित करने के लिए प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया। सांसद से पहाड़पुर सरायभीखम की कलावती व तारा देवी सोनी की तीन महीने से पुष्टाहार नहीं मिलने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीपीओ से फोन पर वार्ता कर तथा वहां मौजूद सीडीपीओ को फटकार लगाते हुए डीडीओ अजय कुमार पांडेय को जांच के निर्देश दिए। सांसद ने अखंडनगर थाना अन्तर्गत दसऊपुर गांव जाकर स्व. इंद्रसेन एवं स्व. सूर्य प्रताप की दुखद मृत्यु एवं कादीपुर खुर्द गांव के स्व. हेमंत मिश्रा की हर्ष फायरिंग से निधन होने पर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रमों में सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य नन्दन चतुर्वेदी, प्रधान रणजीत वर्मा आदि रहे।

## सड़क दुघर्टना में सास-बहू की मौत

**अयोध्या कार्यालय।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे माइल स्टोन 89 पर रविवार को एक एक्सयूवी टायर फटने से अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। हादसे में सास-बहू की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल परिवार के दो सदस्यों को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कुमारगंज (अयोध्या)और बल्दीराय (सुल्तानपुर) के प्रतिनिधि के अनुसार वसुंधरा एन्क्लेव दिल्ली निवासी नरेंद्र अरोड़ा परिवार के साथ पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते महिंद्रा एक्सयूवी 700 पंजीकरण नंबर सीएच 01 सीएल 1830 से काशी विश्वनाथ दर्शन तथा एक शादी समारोह में शामिल होने रविवार को वाराणसी जा रहे थे। अचानक टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से और फिर आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई। जिसमें कई लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारी प्रेमपाल सिंह ने यूपीडा की एंबुलेंस से घायलों को कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित 100 बेड के अस्पताल भिजवाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. अनमोल पाठक व सहायक विकास यादव ने शारदा अरोड़ा (60) पत्नी नरेंद्र अरोड़ा को मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज के ट्रामा प्रभारी डॉ. विनोद आर्य ने बताया कि परीक्षण के बाद नुपुर पत्नी मुकुल को भी मृत घोषित कर दिया गया। हादसे में सास शारदा और बहू नुपुर की मौत हुई है।

# टॉस जीतकर अमेठी टीम रही विजयी



खेल कूद प्रतियोगिता में सम्मानित खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** जिला क्रिकेट संघ अमेठी द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय स्वामी परमहंस जी महाराज स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को पांचवा दिन है। मैच में अतिथि के रूप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख पिंटू सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश सिंह, कवियत्री प्रधानाचार्य जीजीआईसी अमेठी डॉ फूलकली गुप्ता, कांग्रेस नेता धर्मेंद्र शुक्ला, रीडर डीएम पुनीत द्विवेदी, सोनू कशौधन, प्रधान शोले सिंह, पूर्व प्रधान ननके सिंह, शिशु तिवारी, राहुल, आदित्य सिंह, अमेठी रेड बनाम अमेठी क्रिकेट एसोसिएशन का मैच रहा। जिसमें अमेठी क्रिकेट एसोसिशन ने टॉस जीत कर पहले बल्ले बाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 160 रन बनाए, जिसमे टीम के लिए सर्वाधिक रन मोहम्मद 54 रन बनाए, जवाब में उतरी अमेठी रेड ने निर्धारित 20 ओवर में 112 रन ही बना सकी। जिसमें एसोसिएशन की टीम के गेंदबाज आर्यन सिंह 4 विवेक लिए इस मैच के मन ऑफ द मैच शिवा शुक्ला, बेस्ट बोलर आर्यन सिंह, फाइटर ऑफ़ द मैच शिवांश, सर्वाधिक छक्का शरद, बेस्ट बैट्समैन मोहम्मद रहे। दूसरा मैच समयाभाव की वजह से निरस्त रहा। उक्त अवसर पर निदेशक प्रांजल तिवारी उपाध्यक्ष मुकेश यादव गोविंद मौर्य नरसिंह यादव, अवधि कलाकार रंजीत यादव, मुख्य फिजियो डॉ आलोक श्रीवास्तव के साथ सभी पधाधिकारी मौजूद रहे। यह जानकारी संघ निदेशक प्रांजल तिवारी ने प्रदान की है।

लापरवाही | 5 सेक्टर सुपरवाइजर की जगह पर मात्र दो कार्यरत

# सीडीपीओ के सहारे बाल विकास परियोजना कार्यालय

▶▶ **तत्कालीन सीडीपीओ 31 जनवरी सेवानिवृत्ति के बाद से ही सीडीपीओ का पद है रिक्त**

बाजारशुक्ल,अमेठी

**अमृत विचार।** शासन स्तर से कुपोषण मुक्त समाज बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रमों के संचालन के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को प्रमुख रूप से जिम्मेदारी दी गई है। बाजार शुकुल ब्लाक का बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय करीब बीस दिन से प्रभारी के सहारे चल रहा है।

बाजार शुकुल ब्लाक स्थित सीडीपीओ कार्यालय जिस भवन में संचालित है। वो भवन भी जर्जर है। विभागीय सूत्रों के माने तो बाल विकास परियोजना कार्यालय का खुद का निजी भवन नहीं है। गौरतलब हो कि 31 जनवरी को यहां तैनात सीडीपीओ अनूप श्रीवास्तव सेवानिवृत्त हो गये। इसके बाद से सुपरवाइजर उजव्वल को प्रभारी सीडीपीओ बनाया गया है। ब्लॉक में कुल 202 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। परंतु यहां 188 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। सीडीपीओ व तीन सुपरवाइजर का पद रिक्त है। आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन एवं इसे व्यवस्थित ढंग से संचालित करने की जिम्मेदारी पांच सुपरवाइजर को दी गई है। परंतु यहां पर मात्र दो ही सुपरवाइजर हैं जो की 5 सेक्टर का कार्य देख रहे हैं। जिससे कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

सुपरवाइजर उज्ज्वल लाल के जिम्मे सीडीपीओ का प्रभार होने से वह अक्सर जनपद मुख्यालय आने-जाने में लगी रहती हैं। दूसरी सुपरवाइजर लखखी देवी हैं। इनके जिम्मे आंगनबाड़ी केंद्रों के भ्रमण का कार्य है। नाम ना छपाने की शर्त पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बताया कि सुपरवाइजर की कमी से समय पर पोषाहार मिलने में भी समस्या हो रही है।

संचालित कार्यालय के भवन का हाल भी बद से बदतर है। कर्मियों की कमी से कार्यालय के खुलने और बंद होने की जानकारी भी नहीं मिल पाती है। सुबह से शाम तक एक प्राइवेट सहायिका कार्यालय की देखरेख करती है। क्षेत्रीय निवासी बाबूलाल, गोपाल रामकुमार, इरशाद, जहीर आदि ने जिला प्रशासन से कार्यालय भवन के मरम्मत के साथ ही सीडीपीओ की तैनाती किए जाने की मांग की। प्रभारी सीडीपीओ उज्ज्वल लाल ने बताया कि स्टाफ की कमी तथा कार्यालय के जर्जर होने के बावत लिखित पत्र विभाग के उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव का कहना है कि जगदीशपुर की सीडीपीओ को बाजार शुकुल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जल्द ही कार्यभार ग्रहण करेंगी। स्टॉप की कमी भवन जर्जर होने की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। जल्द ही स्थाई सीडीपीओ की भी तैनाती होगी।

# गायत्री साधना से जुड़कर जीवन को बनाएं धन्य

अमेठी


गायत्री परिवार के यज्ञ में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ के 73वें चरण में ग्राम सभा टिकरी के 22 यजमान सम्मिलित हुए। गायत्री परिवार का यज्ञीय अभियान निरन्तर जारी है। अमेठी को युग निर्माणी जिला बनाने के संकल्प के साथ गायत्री परिवार घर-घर पहुँच रहा है, और देव स्थापना के साथ लोगों को गायत्री साधना से जुड़कर अपने जीवन को धन्य बनाने की प्रेरणा दे रहा है।

रविवार को आयोजित गायत्री महायज्ञ में भेंटुआ ब्लॉक के टिकरी ग्रामसभा के यजमान अनिल दूबे, शिव कुमार दूबे, कुसुम पांडेय, रेखा दूबे, कृष्ण चंद्र दूबे, केदार नाथ यादव, जग बहादुर यादव, संत राम मौर्य, विजय पाल यादव, अमित यादव, वासुदेव, बकुट पाल, राम शंकर, डॉ श्याम पाल, राम खेलावन, शिव प्रसाद, संत राम, बद्री विशाल, राम पियारे यादव, अम्बिका, दयाराम, राजकुमार ने अपने अपने पुरवों में आयोजित यज्ञ में परिवार सहित प्रतिभाग किया। यज्ञाचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार, गिरजा शंकर, सुशील, कुलदीप, पवन कुमार ने विधि-विधान के साथ यज्ञ कर्म संपन्न कराते हुए लोगों को एक बुराई का त्याग कर एक अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में साधू सिंह, हरिकेश सिंह, लाल अशोक सिंह, अवधेश बहादुर सिंह, डॉ. दयानंद सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### प्री पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा में दो शिक्षक अव्वल



शिक्षकों का मुंह मीठा कराते प्राचार्य प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव।

**प्रतापगढ़। अमृत विचार** : प्रो. राजेंद्र सिंह ( रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज प्री पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा में पीबीपीजी कालेज के दो शिक्षक विश्वविद्यालय स्तर पर अव्वल रहे। प्राचीन इतिहास विषय में नीरज पांडेय एवं राजनीति विज्ञान में राकेश सिंह परीक्षा में अव्वल आये। प्राचार्य प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव,प्रो .बृजभानु सिंह, प्रो. ब्रम्हानंद प्रताप सिंह,प्रो .उपेंद्र सिंह ने बधाई देते हुए दोनों शिक्षकों का मुंह मीठा कराया। इस दौरान डा .चेत प्रकाश पांडेय, डा .शिव प्रताप सिंह, डा .देवेश सिंह,डा. अखिलेश मोदनवाल,डा. जितेंद्र सैनी,अजय कुमार सिंह,रवि प्रकाश सिंह,बालेंदु सिंह,प्रशांत शुक्ल,आशुतोष नागर,संकल्प सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्मार्टफोन पाकर खुशी से चहकीं छात्राएं



**प्रतापगढ़। अमृत विचार** : धनराज कुंवर गर्ल्स डिग्री कालेज सराय भूपति कटरा गुलाब सिंह में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजनांतर्गत छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन पाकर छात्राएं खुशी से चहक उठीं। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार यादव मुन्ना व प्रबन्धक विनोद सिंह ने कालेज की छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं से स्मार्टफोन के सकारात्मक उपयोग की बात कहते हुए सरकार के पहल की सराहना की। प्राचार्य अनिल कुमार तिवारी,रावेंद्र प्रताप सिंह, अनिल कुमार पांडेय,रणविजय सिंह,विजय पटेल,आशुतोष श्रीवास्तव,रमेश कुमार यादव, दिलीप यादव,उदय प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रयागराज मंडल में चयनित 91 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र




**प्रयागराज। अमृत विचार** : प्रदेश के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोक भवन में यूपी लोक सेवा आयोग, यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और विद्युत सेवा आयोग द्वारा चयनित 1784 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें मेहनत और ईमानदारी से अपने कर्तव्य पालन की नसीहत दी। इस कार्यक्रम को लेकर संगम नगरी प्रयागराज में भी मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रो प्रीतम दास प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सूबे के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के मुताबिक प्रयागराज मंडल में विभिन्न पदों पर चयनित 91 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा है कि भाजपा सरकार में प्रतिभा के दम पर नौकरी मिली है और अभ्यर्थी छाती ठोक कर कहता है कि उसे एक रुपए रिश्वत नहीं देनी पड़ी है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी सरकार में बगैर जाति धर्म के भेदभाव के नौकरियां दी जा रही हैं। क्योंकि बीजेपी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है।

### अवसान माता पूजन में आएंगे सिक्किम के राज्यपाल

**प्रतापगढ़। अमृत विचार** : संडवा चंद्रिका क्षेत्र के तेजगढ़ में भाजपा महिला मोर्चा की काशी प्रांत की कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह के संयोजन में 29 फरवरी को छठवें अवसान माता देवी पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया है। महोत्सव में सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य शामिल होंगे। इसकी तैयारियां जोरों से चल रही है। आयोजक भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह ने बताया है कि महोत्सव में भाजपा काशी प्रांत के अध्यक्ष अमरपाल मौर्य, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य,सांसद संगमलाल गुप्ता, प्रदेश व जनपद के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक महिलाएं एक साथ अवसान माता का पूजन करेंगी।

# देश की बेटियां गढ़ रही नित नए कीर्तिमान : नितिन अग्रवाल

## प्रभारी मंत्री बोले- बेटियों के जन्म, शिक्षा-दीक्षा से लेकर विवाह का ध्यान रख रही सरकार

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार** : प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल सांसद महिला खेल स्पर्धा के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। स्पोर्ट्स स्टेडियम में उन्होंने कहा कि देश की बेटियां अब कमजोर नहीं हैं। बेटों से कम नहीं हैं,वह बेटों से भी आगे निकल रही हैं। खेल के मैदान में भी वह अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से मेडल अर्जित कर देश का नाम रोशन कर रही हैं। शिक्षा, खेल, राजनीति एवं सामाजिक क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर नित नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने खेल को बढ़ावा दिया है। विभिन्न योजनाओं के जरिए क्रीड़ा के क्षेत्र में संसाधन एवं सुविधाओं को सशक्त बनाया है। एक समय वह भी था, जब कामनवेल्थ गेम्स में देश को सिर्फ दो चार मेडल से ही संतोष करना पड़ता था, मगर अब देश के होनहार खिलाड़ी एक, दो, चार नहीं बल्कि 100 मेडल जीत रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेल को बढ़ावा देने के साथ ही मजबूत दिशा प्रदान की है। बेटियां लक्ष्मी का रूप होती हैं। प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि देश सशक्त और मजबूत तभी हो सकता है, जब हर क्षेत्र में मातृ शक्तियों की अहम भूमिका होगी। इसके बाद उन्होंने विजेता एवं उप विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री भाजयुमो वरुण प्रताप सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन विवेक उपाध्याय ने किया। जिलाधिकारी संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल, बीएसए भूपेंद्र सिंह, क्रीड़ाधिकारी पूनमलता राज,जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, समाजसेवी रोशलाल उमरवैश्य, दिनेश, डॉ. धीरेंद्र प्रताप, अभिषेक, विनोद आदि मौजूद रहे।




सांसद महिला खेल स्पर्धा में प्रभारी मंत्री का स्वागत करते सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, वरुण प्रताप सिंह व दिनेश गुप्ता। अमृत विचार

▸▸ स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन दिवसीय सांसद महिला खेल स्पर्धा का समापन

# श्रृंगवेरपुर में निषाद राज पार्क का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



उद्घाटन से पहले पार्क का निरीक्षण करते प्रशासनिक अधिकारी।

संवाददाता, थरवई, प्रयागराज

**अमृत विचार**: श्रृंगवेरपुर धाम में निषाद राज पार्क का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किए जाने को लेकर रविवार को मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने प्रसिद्ध पौराणिक ऐतिहासिक पर्यटक तीर्थस्थली श्री सीताराम केवट मिलन स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया।

निषाद राज की राजधानी श्रृंगवेरपुर धाम में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा निर्माणाधीन उत्तर प्रदेश सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना निषाद राज पार्क का लोकार्पण प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया जाना है। मंडल आयुक्त विजय विश्वास पंत व जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक राजेश शर्मा को शीघ्र कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय रामायण मेला के महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी ने बताया कि आगामी दो मार्च 2024 को प्रधानमंत्री मोदी का आगमन तीर्थराज प्रयाग में संभावित है इसी को दृष्टिगत रखते हुए निषाद राज पार्क के उद्घाटन की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी गणेश कनौजिया के साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छात्रा से छेड़छाड़ कर शोहदे ने दी तेजाब फेंकने की धमकी

**कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार** : इलाके के ग्रामीण क्षेत्र की एक छात्रा कुण्डा नगर के एक महाविद्यालय में परास्नातक की छात्रा है। वह नियमित कॉलेज आती जाती है। कॉलेज आने जाने के दौरान गांव का ही एक शोहदा छात्रा के साथ छेड़खानी व अश्लील हरकत करता है। जबरन शादी का दबाव बना रहा है बीते चार माह से छात्रा के घर वालों का जीना मुश्किल कर दिया है। परिजनों ने विरोध किया तो उक्त शोहदे ने दबंगई करते हुए 23 फरवरी को सुबह करीब नौ बजे छात्रा के घर पहुंचकर जबरन शादी करने धमकी देते हुए कहा कि तुम अपनी लडकी की शादी मुझसे करा दो नहीं तो उसे भगाकर ले जाऊंगा। अगर मेरी बात नहीं मानी तो तुम्हे और तुम्हारी लड़की पर तेजाब फेंककर जलाकर मारा डालूंगा। वह दरवाजे पर खड़ी छात्रा के साथ छेड़खानी करने लगा। इसके बाद परिजनों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख आरोपी युवक मौके से भाग निकला । मामले में पुलिस ने पीड़ित छात्रा की मां की तहरीर पर इरफान अहमद पुत्र निशार अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कुंडा कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# केंद्र व्यवस्थापक समेत पांच के खिलाफ एफआईआर

संवाददाता, प्रतापगढ़

**संस्कृत बोर्ड परीक्षा**

▸▸ जिलाधिकारी के निर्देश पर डीआईओएस ने एफआईआर दर्ज कराकर गठित की तीन सदस्यीय टीम

**अमृत विचार** : संस्कृत बोर्ड परीक्षा में जिम्मेदार कक्ष निरीक्षक ही धड़ल्ले से नकल करा रहे हैं। सीरीज, गाइड और मोबाइल लेकर परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा की निगरानी के नाम पर सिर्फ कोरम पूरा किया जा रहा है। इस बात की जानकारी डीएम को हुई। जानकारी होने पर डीएम के निर्देश पर डीआईओएस ने केंद्र व्यवस्थापक समेत पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की है।

जनपद में दस केंद्रों पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू है। पूर्व मध्यमा और उत्तर मध्यमा कक्षा की परीक्षाएं कराई जा रही हैं। शहर के राजकीय इंटर कॉलेज को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शनिवार को जीआईसी में खुलेआम हो रही नकल का मामला प्रकाश में आया। प्रथम पाली में परीक्षा दे रहे परीक्षार्थी बिना डर के सीरीज, गाइड और मोबाइल लेकर नकल करते पाए गए। चंद कदम की दूरी पर स्थित डीआईओएस कार्यालय को इसकी भनक तक नहीं लगी। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी परीक्षा कक्ष में जाना उचित नहीं समझे। हालांकि डीआईओएस सरदार सिंह परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज का तीन बार निरीक्षण कर चुके हैं। इसके बावजूद भी उनको खामियां नहीं दिखी। राजकीय इंटर कालेज में शनिवार को संस्कृत बोर्ड की परीक्षाओं में नकल का मामला सामने आने पर डीएम संजीव रंजन ने डीआईओएस को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। डीएम के निर्देश पर डीआईओएस सरदार सिंह ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। डीआईओएस सरदार सिंह ने संज्ञान में आए नकल प्रकरण में रविवार को वित्त एवं लेखाधिकारी, जीआईसी शेखूपुर के प्रधानाचार्य और पंडित दीनदयाल राजकीय मॉडल इंटर कालेज महुली के प्रधानाचार्य को जांच की जिम्मेदारी दी है। केंद्र व्यवस्थापक को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त करते हुए रंजन प्रताप प्रवक्ता जीआईसी पूरब गांव को नया केंद्र व्यवस्थापक बनाया है। डीआईओएस सरदार सिंह ने बताया कि परीक्षा के दौरान केंद्र व्यवस्थापक रहे संतोष कुमार शुक्ल, कक्ष निरीक्षक आलोक कुमार पांडेय, नीलम त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी एवं ज्योति दुबे के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराई गई है,जांच चल रही है।

> परीक्षा में किसी तरह की लापरवाही व छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जीआईसी में संस्कृत बोर्ड की परीक्षा में नकल की जानकारी होने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस तरह की लापरवाही अक्षम्य है।
> – संजीव रंजन, जिलाधिकारी प्रतापगढ़




### संगमनगरी मे सैलानियों ने बोला बॉय - बॉय

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार** : संगम की धरती पर माघ मास महीने के सभी स्नान पर्व सबसे महत्वपूर्ण व पुण्यदाई होते हैं। देश के कोने कोने से भारी संख्या में जनसमूह संगम में कल्पवास व स्नान करने के लिए आते हैं। मेला क्षेत्र में कल्पवासियों, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियो व विदेशी पर्यटको की सुरक्षा के लिए पुलिस की विशेष व्यवस्था की जाती है। जिससे उन्हें यहां किसी भी प्रकार की परेशानियां न हो। संगम की धरती पर देश तो क्या विदेशों से भी सैलानी आते हैं। प्रयागराज माघ मेला की व्यापक व्यवस्था का लुफ्त उठाते हैं। रविवार को भ्रमण के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ. राजीव नारायण मिश्र आईपीएस की मुलाकात विदेशी सैलानियों से हुई। स्पेन से आये विदेशी सैलानियों के द्वारा द्विभाषिए के माध्यम से डॉ. मिश्र से संवाद किया गया। विदेशी सैलानियों द्वारा बताया गया की ऐसी व्यवस्थाएं केवल भारत में देखने को मिलती हैं। जहां लोग अपनी आस्था से इतने जुड़े हुए हैं। विदेशी सैलानियों के द्वारा पुलिस के व्यवहार एवं बंदोबस्त की सराहना की गई। कुल्हड़ कॉफी के लिए धन्यवाद कहते हुये सभी विदेशी अतिथियों ने मुस्कराते हुए बोला 'बाय बाय – पुलिस'।

## वर्ग पहेली-354

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।
4. बीज के लेन–देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।
5. 1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।
6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।
9. 1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा–सुनी या विवाद, झंझट–बखेड़ा 3. सुख–भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।
2. 1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।
3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।
7. 1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।
8. 1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।



### वर्ग पहेली - 353 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | ■ | 2 अ | यो | 3 नि |
| हृ | ■ | ■ | खं | ■ | छो |
| ■ | 4 को | ■ | ड | ■ | ह |
| ■ | 5 हि | म | पा | त | ■ |
| ■ | नू | ■ | ठ | ■ | 6 मुँ |
| 7 भे | र | वी | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | 8 खि | ल | ना |

# समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने में करेंगे सहयोग

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर पीडीए गठबंधन के तहत कांग्रेस से समाजवादी पार्टी के गठबंधन को लेकर सपा नेताओं ने जहां अखिलेश यादव व राहुल गांधी के बीच सीट बंटवारे पर उत्साह दिखाया वहीं सभी वक्ताओं ने एक सुर में गठबंधन धर्म का अनुपालन करने में कहीं से भी कोताही न बरतने की बात कही। महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन की अध्यक्षता व महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि के संचालन में चौक महानगर कार्यालय पर जुटे सभी पदाधिकारियों ने कहा कांग्रेस के साथ अब दिल से गठबन्धन साबित करने को हम सब तय्यार हैं। इफ्तेखार हुसैन ने कहा हम चाय पर चर्चा नहीं करेंगे पर चाह पर चर्चा ज़रुर करेंगे। कहा इलाहाबाद संसदीय सीट कांग्रेस के खाते में गई है लेकिन हम कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ समन्वय स्थापित कर चुनावी जीत की रणनीति पर कार्य करेंगे और यही उम्मीद कांग्रेस पार्टी के नेताओं से रखते हैं कि वह फूलपुर संसदीय सीट समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने में सहयोग करेंगे। रवीन्द्र यादव रवि ने संचालन करते हुए विधानसभा व बूथ के कार्यकर्ताओं से कांग्रेस पार्टी के नेताओं के साथ गोपनीय बैठक कर रणनीति बना कर एक एक घर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के विचारों व नीतियों को बताने मे जुट जाने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा छोड़ सपा में शामिल हुए गुलशन कुरैशी का नगर कार्यालय पर फूल माला पहना कर स्वागत किया गया वहीं नवनियुक्त पदाधिकारियों में श्रम प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव मयंक श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य घोषित हुए शिक्षक ऐरम रब्बानी, छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद सैफ का भी नगर कमेटी की ओर से फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। बैठक में सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, रवीन्द्र यादव रवि, राजेश गुप्ता, मोहम्मद ग़ौस, सैय्यद मोहम्मद हामिद, हरी ओम साहू, महेंद्र निषाद, ऐरम रब्बानी, मयंक श्रीवास्तव, महेश निषाद आदि शामिल रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में वृद्ध की मौत

**लालगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार** : उदयपुर थाना क्षेत्र के अठेहा निवासी राम अंजोर सरोज (64) शनिवार शाम पत्नी नोहरा देवी (60) को बाइक से अठेहा दवा दिलाने गया था। लौटते समय जोधेपुर बाजार के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारकर बाइक सवार भाग निकला। घायल वृद्ध दम्पत्ति को सीएचसी सांगीपुर ले जाया गया। सीएचसी में राम अंजोर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पत्नी नोहरा देवी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वृद्ध की मौत से परिजन बिलखने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक के छोटे बेटे महेश की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## सुडोकू-71

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 6 | | | 8 |
| | | 9 | 5 | | | | 1 | |
| | 2 | | | 1 | | 6 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| | | 5 | | | | 1 | | 9 |
| | | | | 9 | | 2 | | 7 |
| | | 3 | | 2 | | | 4 | |
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | 1 | | 9 | 5 | | 8 | | |

### सुडोकू - 70 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 फरवरी, सोमवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–फाल्गुन, पक्ष–कृष्ण पक्ष,तिथि–द्वितीया 23 .15 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल– पूर्व। ऋतु–वसंत।
चन्द्रबल–मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–उत्तरा फाल्गुनी 27 फरवरी 04 .31 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष**: आज किसी काम को लेकर उलझन की स्थिति है तो उसमें परिवार का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में मजबूती आएगी और आप खुलकर अपनी बात रख पाएंगे। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। संतान पक्ष की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है

**वृष**: आज व्यापारी वर्ग को विशेष लाभ मिलेगा। कहीं से अच्छे समझौतों पर हस्ताक्षर भी हो सकते हैं जो भविष्य की दृष्टि से लाभान्वित रहेंगे। आपकी नए कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी या खुद की अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन**: आज के दिन काम का बोझ ज्यादा होगा तो वहीं घर से भी बहुत काम मिलेगा। आपको संयम बनाकर चलना होगा तभी सभी काम निपटा पाएंगे। स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। वैवाहिक जीवन में भी कुछ हद तक अशांति बनी रहेगी।

**कर्क**: आज पेट दर्द की समस्या रह सकती है। मानसिक तनाव भी हो सकता है। किसी से मिलने का मन नहीं करेगा और पूरे दिन सुस्ती छाई रहेगी। आत्मविश्वास की कमी बनेगी। आपके प्रेम संबंधों में कसा–कसी बनी रहेगी।

**सिंह**: आज पिता या भाई में से किसी एक के साथ अवरोध उत्पन्न होगा। मन में किसी बात को लेकर आशंका रहेगी जिसका निवारण जल्दी नहीं होगा। आत आप समय को बर्बाद न करें। आपको केवल अपनी समस्याओं पर ही ध्यान देना होगा, दूसरों की समस्याओं में पड़ने से हानि हो सकती है।

**कन्या**: आज जमीन या शेयर में निवेश करने का विचार कर सकते हैं। पैसा पहले से कहीं इन्वेस्ट किया हुआ है तो उसमें लाभ मिलने के संकेत हैं। वैवाहिक और प्रेम संबंधों के लिए समय मिश्रित है। विद्यार्थी समय का सदुपयोग करने में सफल रहेंगे।

**तुला**: आज ज्यादा उत्साह में रहने से बचें क्योंकि आज के दिन उसके कारण परेशानी खड़ी हो सकती है। घर में किसी बात को लेकर मंथन होगा। अटकलें पर ध्यान और जोखिम भरे कार्य न करें। आप आलोचना और अपने शुभचिंतकों के विरोध का सामना कर सकते हैं।

**वृश्चिक**: आज प्रेम में किसी प्रकार का धोखा मिल सकता है या किसी तीसरे व्यक्ति के द्वारा तनाव पैदा किया जा सकता है। छात्रों को अपने खर्चों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। नए कार्य मिलने की संभावना। कार्य के पूर्ण होने में देरी महसूस होगी।

**धनु**: आज के दिन अपनी शिक्षा से संबंधित कोई गंभीर निर्णय ना लें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा। मां बाप के परामर्श को ध्यान से सुने। आपका स्वास्थ्य थोड़ा प्रतिकूल हो सकता है। संपत्ति, गृह, पारिवारिक मामलों में नई शुरुआत कर सकते हैं।

**मकर**: आज किसी प्रकार की पुरानी बीमारी से परेशान हैं तो दिन उससे आराम मिलेगा। शरीर पहले से ज्यादा तरोताजा रहेगा और स्फूर्ति बनी रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन हो सकेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपकी मुलाकात होगी।

**कुंभ**: आज व्यापार में वृद्धि होगी और नई शाखाएं खुलेगी। कहीं जॉब करते हैं तो उसमें भी बॉस आपसे खुश होंगे और इसका ईनाम भी मिल सकता है। जीवन के लिए अपने दृष्टिकोण में व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है।

**मीन**: आज के दिन भगवान हनुमान का ध्यान अवश्य लगाएं क्योंकि मंगल भारी है। घर में ही तीन बार हनुमान चालीसा पढ़ लेंगे तो संकट टल जाएगा। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है। बुद्धिमानी से अपने पैसे का उपयोग करें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- पृथ्वी — सुबह : 11 .49
- चाल बाज — शाम : 06 .11

Sony Max
- तारा वर्सेस बिलाल — सुबह : 09 .00
- लगे रहो मुन्ना भाई — रात : 09 .00

Utsav Gold
- कोई आप सा — सुबह : 09 .45
- धूम 3 — शाम : 04 .00

Zee Cinema
- मेरा धर्म — सुबह : 10 .30
- लूटेरे — रात : 07 .00

Colors Cineplex
- ओके जानु — सुबह : 10 .01
- तनु वेड्स मनु — शाम : 06 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम–06 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।
मिंटू– भाई, बुरा तो लग रहा होगा।
चिंटू– हां यार, तकलीफ तो हो रही है।
मिंटू– जाएगा?
चिंटू–जाऊंगा जरूर ...
मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।

गप्पू ने बड़े प्यार से शादीशुदा आदमी से पूछा –
रात को ऑनलाइन कब आते हो?
दर्द की दीवारें हिल गईं जब उसने कहा –
बर्तन धोने के बाद ।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज प्रति कुन्तल** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देसी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग साबूत | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| **किराना** | |
| हल्दी | 135-175 |
| लाल मिर्च | 270-325 |
| काली मिर्च | 660-880 |
| धनिया | 90-125 |
| सुपाड़ी | 525-550 |
| जीरा | 650-660 |
| सौफ | 180-300। |

# अंगूठा लगाने पर मिलेंगे अनुदानित बीज

## उर्वरक की तर्ज पर पीओएस से होगी बिक्री, अनुदान काटकर सिर्फ लिया जाएगा कृषक अंश

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- चल रहा परीक्षण, खरीफ 2024-25 में लागू करने की तैयारी



**अमृत विचार :** प्रदेश में उर्वरकों की तरह अनुदानित बीजों की बिक्री बायोमैट्रिक प्वांइट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन से की जाएगी। साथ ही बीज खरीदने पर किसानों को पहले से अधिक रुपये नहीं देने पड़ेंगे, जो सरकार बाद में डीबीटी यानी अनुदान के तौर पर उनके खातों में भेजती है।

नई व्यवस्था में अनुदान काटकर सिर्फ कृष अंश ही लिया जाएगा। इससे किसानों को और राहत मिलेगी। बायोमैट्रिक आधार बेस्ड प्रणाली में अंगूठा लगाने पर किसान की पहचान होगी और उनका पूरा विवरण पीओएस मशीन पर दर्शाएगा। इसमें खतौनी, आधार व बैंक खाता विवरण आदि नहीं देना पड़ेगा। जो मैनुअली व्यवस्था में किसान देते आ रहे हैं। सरकार का पीओएस लागू करने का मकसद यह भी है कि इसमें बीजों की खरीद में फर्जीवाड़ा नहीं हो पाएगा। पीओएस का कृषि विभाग एक एजेंसी के साथ मलिहाबाद में परीक्षण कर रहा है। इसे मार्च तक पूरा कर खरीफ 2024-25 में पीओएस मशीन लागू करने की तैयारी है।

### किसानों की नहीं करनी पड़ेगी खोज, खत्म होगा झंझट

बायोमैट्रिक व्यवस्था में किसानों का पंजीयन, रसीद, टोकन, फीडिंग, बैंक विवरण, डीबीटी भेजना आदि कार्य नहीं होंगे। बीज खरीदने वाले किसानों की तलाश और सत्यापन का भी झंझट खत्म होगा। इन सब प्रक्रिया में विभाग के साथ किसानों का समय बचेगा और फौरन लाभ मिलेगा। वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा और इनकी पहचान आसान होगी।

### मिनी किट बांटने में मिली थी सफलता

प्रदेश सरकार ने खरीफ और रबी में बीजों की मिनी किट पीओएस मशीन से बांटे थे। इस प्रक्रिया में काफी आसानी हुई और किसानों को भागदौड़ नहीं करनी पड़ी और न ही किसी तरह के अभिलेख देने पड़े। ठीक इसी तर्ज पर धान, गेहूं, मक्का, दलहन, तिलहन, श्री अन्न डेंचा आदि के अनुदानित बीज पीओएस से बिक्री किए जाएंगे।

> पीओएस से अनुदानित बीजों की बिक्री का परीक्षण चल रहा है। इसमें किसानों के साथ विभाग का काम आसान होगा। पारदर्शिता आएगी और सत्यापन आसान होगा। पहले से अधिक रुपये भी नहीं देने होंगे।
>
> -बलराम वर्मा, उपनिदेशक कृषि, लखनऊ

## दस वर्षों में 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं

**नई दिल्ली।** मृदा स्वास्थ्य में सुधार और खेती में किसानों की लागत को कम करने के लिए 2014-15 से देश भर में लगभग 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, सरकार ने किसानों को 23.58 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी मुफ्त वितरित किए हैं। इस कदम का उद्देश्य उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देना, लागत में कटौती करना और फसल उत्पादकता को बढ़ावा देना है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि किसानों के कल्याण के मूल में मृदा स्वास्थ्य है। सरकार वर्ष 2014-15 से मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता पर राष्ट्रीय परियोजना के तहत मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनाएं लागू कर रही है।

# एफपीआई ने बॉन्ड में किया 18,500 करोड़ रु. का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये से अधिक किए थे निवेश

भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन सूचकांक में शामिल करने के फैसले की वजह से देश के ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का रुझान मजबूत बना हुआ है। इस महीने अबतक एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में 18,500 करोड़ रुपये डाले हैं।

इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये से अधिक डाले थे। यह पिछले छह साल में किसी एक माह में उनके निवेश का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इससे पहले जून 2017 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये का निवेश किया था।फिडेलफोलियो के संस्थापक एवं स्मॉलकेस प्रबंधक किस्लय उपाध्याय ने कहा, 'इस वर्ष वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में भारत के प्रवेश के साथ आगे चलकर भारतीय ऋण बाजार में प्रवाह स्थिर रहेगा। इसके अलावा इस वर्ष जून में जेपी मॉर्गन सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड के शामिल होने से पहले भी गतिविधियों में तेजी देखने को मिल सकती हैं।'

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस महीने अबतक एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 424 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,500 |
| चांदी तैयार | 72,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 714 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

# देश में विलय-अधिग्रहण सौदों की संख्या में 10% की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या



भारत में 2023 के दौरान विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों की संख्या सालाना आधार पर 10 प्रतिशत गिरकर 793 रह गई। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में एमएंडए के लिए कुल घोषित सौदे के मूल्य में 38 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पीई (प्राइवेट इक्विटी) निवेश कुल 36 अरब अमेरिकी डॉलर था। यह राशि 2022 के मुकाबले 36 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाती है। इस गिरावट के बावजूद प्रति सौदा औसत निवेश 2022 में 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 4.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। पीडब्ल्यूसी इंडिया के पार्टनर दिनेश अरोड़ा ने कहा पूरे साल सीमित सौदों के बावजूद आखिरी तिमाही में कुछ गतिविधियां हुईं, जिससे हमें 2024 में तेजी की उम्मीद है।

## आईओसी, ओएनजीसी व गेल पर लगातार तीसरी तिमाही जुर्माना लगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज तेल और गैस कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), ओएनजीसी और गेल (इंडिया) पर उनके निदेशक मंडल में निदेशकों की अनिवार्य संख्या रखने के मानदंड को पूरा नहीं करने के चलते लगातार तीसरी तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। शेयर बाजार पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आईओसी, ओएनजीसी और ओआईएल, गेल व तेल रिफाइनरी एचपीसीएल एवं मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) पर कुल 32.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# एक दशक में दोगुना हुआ परिवारों का मासिक खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय के ताजा अध्ययन में खुलासा



देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन से यह जानकारी मिली है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे (एचसीईएस) आयोजित किया।

इस सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के लिए घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) और इसके वितरण का अलग-अलग अनुमान तैयार करना है। सर्वेक्षण के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से 2022-23 में दोगुना से अधिक होकर 6,459 रुपये हो गया है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 3,773 रुपये हो गया है। अध्ययन के अनुसार, 2011-12 की कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 3,510 रुपये हो गया है।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 2,008 रुपये हो गया है। इससे पता चला कि शहरी क्षेत्रों में मौजूदा कीमतों पर औसत एमपीसीई (वैकल्पिक आंकड़ों के साथ) भी 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 6,521 रुपये हो गया है।



# भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में छू रहीं नई ऊंचाइयां

## रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 110वीं और अपने मौजूदा काल की आखिरी कड़ी में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'नारी शक्ति' की प्रशंसा की और कहा कि वे हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 110वीं कड़ी में कहा कि आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है।

मोदी ने कहा, 'आज देश में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक अन्य क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है, वह प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता है।' उन्होंने कहा कि देश की 'मातृशक्ति' धरती मां को बचाने में बड़ी भूमिका निभा रही है, जो रसायनों के कारण पीड़ा और कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को देश के हर कोने में पहुंचा रही हैं। आज अगर जल जीवन मिशन के तहत देश में इतना काम हो रहा है तो उसमें जल समितियों की बड़ी भूमिका रही है। इन जल समितियों का नेतृत्व केवल महिलाओं के पास है।'

### 'तीन माह बाद 111वीं कड़ी में नई ऊर्जा के साथ मिलूंगा'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 'मन की बात' का प्रसारण अगले तीन महीने नहीं होगा और इसके बाद आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी में वह नई ऊर्जा के साथ लोगों से मिलेंगे। इस कार्यक्रम की 110वीं कड़ी में मोदी ने मार्च के महीने में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना जताई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 'मन की बात' की बहुत बड़ी सफलता है कि इसकी पिछली 110 कड़ियों को 'सरकार की परछाई से भी दूर' रखा गया है।

**सीतापुर की ड्रोन दीदी से की बात:** प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा होगा कि भारत में भी गांवों में रहने वाली महिलाएं ड्रोन उड़ाएंगी। उन्होंने कहा, 'लेकिन आज यह संभव हो रहा है। आज हर गांव में ड्रोन दीदी की कितनी चर्चा है। 'नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी' हर किसी की जुबान पर है।' प्रधानमंत्री ने यूपी के सीतापुर की 'ड्रोन दीदी' सुनीता से भी बात की। सुनीता ने अपने ड्रोन प्रशिक्षण के बारे में बात की और बताया कि यह खेती में कैसे मदद करता है।

उन्होंने कहा, 'महान कवि भरतियार जी ने कहा है कि दुनिया तभी समृद्ध होगी, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। बहनें-बेटियां जल संरक्षण के लिए भरसक प्रयास कर रही हैं।' मोदी ने महाराष्ट्र की कल्याणी प्रफुल्ल पाटिल से भी बात की और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए उनके काम की सराहना की। उन्होंने कहा, 'चाहे सुनीता जी हों या कल्याणी जी, विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति की सफलता बहुत प्रेरणादायक है। मैं एक बार फिर हमारी नारी शक्ति की इस भावना की हृदय से सराहना करता हूं।'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'मोबाइल फोन और डिजिटल गैजेट्स हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। डिजिटल गैजेट्स की मदद से अब हमें जंगली जानवरों के साथ संतुलन बनाने में मदद मिल रही है।'

# संविधान बदलने के किए जा रहे प्रयास

बेंगलुरु, एजेंसी

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने लगाए आरोप



'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन' में खरगे, येचुरी व अन्य नेता।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को दावा किया कि संविधान को बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को चेताया कि अगर वे आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती से और एकजुट होकर खड़े नहीं हुए तो भारत में निश्चित रूप से तानाशाही होगी। वह यहां 'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन-2024' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

खरगे ने दावा किया, 'कई लोग संविधान को मिटाने या बदलने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप आगामी चुनाव में मजबूत और एकजुट नहीं होते हैं और यदि संविधान प्रभावित होता है, तो यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में इस देश में तानाशाही होगी। क्या आप तानाशाही चाहते हैं या न्याय के साथ जीवन जीना चाहते हैं, यह (तय करना) महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि अगर संविधान बचेगा, तो इस देश की एकता बचेगी। अगर लोकतंत्र बचा रहेगा, तो हर कोई समृद्धि के साथ रह सकता है, लेकिन आज केंद्र में ऐसी सरकार नहीं है, जो या तो संविधान की रक्षा करती हो या संविधान को ध्यान में रखकर काम करती हो। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इसीलिए संविधान की रक्षा करना और उसका पालन करना सबसे महत्वपूर्ण है। खरगे ने नागरिकों से एक निश्चित विचारधारा थोपने की कोशिश करके उन्हें गुमराह करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा संविधान को हटाकर नया संविधान बनाने की साजिश की जा रही है।

## एक नजर

### संघ कार्यालय के खाली मैदान में मिला हथगोला

**भिंड।** शहर में स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय परिसर के खाली मैदान में एक निष्क्रिय हथगोला मिला है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह 30 से 35 साल पुराना है। पुलिस अधीक्षक असित यादव ने कहा कि हथगोला संभवत: पास के इलाके से संघ कार्यालय परिसर में पहुंचा, जहां पहले डीडी गांव में पुलिस फायरिंग रेंज थी। उन्होंने बताया कि खोजी कुत्तों के साथ एक बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया और पाया गया कि हथगोला निष्क्रिय था।

### कांग्रेस विधायक वेंकटप्पा नाइक का निधन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के शोरापुर से कांग्रेस विधायक राजा वेंकटप्पा नाइक का रविवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ। वेंकटप्पा नाइक के निधन की पुष्टि 'मणिपाल अस्पताल' ने अपराह्न 1 बजकर करीब 50 मिनट पर की। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि उनके परिवार ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। चार बार के विधायक को हाल ही में कर्नाटक राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

## वायुसेना विमान से लाया गया लिवर, पूर्व सैनिक की जान बची

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सेना के एक अस्पताल से चिकित्सकों के एक दल को लिवर लाने के लिए पुणे ले जाने के वास्ते बहुत कम समय में भारतीय वायुसेना के डोर्नियर विमान को तैनात किया गया, जिससे यहां एक पूर्व सैन्य कर्मी की जान बचाई गई। वायुसेना ने रविवार को विमान और चिकित्सकों के दल की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा कीं।

## बीजापुर में आईईडी विस्फोट में जवान शहीद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक 'प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) में रविवार को विस्फोट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मिरतुर थाना क्षेत्र के बेचापाल पदमपारा गांव के पास अपराह्न करीब 3.30 बजे घटी। सीएएफ का एक दल इलाके में नियंत्रण हासिल करने के अभियान पर निकला हुआ था। उन्होंने कहा कि बेचापाल पुलिस शिविर से कुतुलपारा गांव की तरफ यह अभियान शुरू किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जब यह दल शिविर के पास पहुंचा, तो सीएएफ की 19वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल राम आशीष यादव का पैर गलती से प्रेशर आईईडी पर पड़ गया और विस्फोट होने से उनकी मृत्यु हो गई।

## अरुणाचल में कांग्रेस-एनपीपी के दो-दो विधायक भाजपा में शामिल

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में चुनाव से पहले कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो-दो विधायक सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री निनोंग ईरिंग (पासीघाट पश्चिम सीट) और वांगलिन लोवांगडांग (बोरदुरिया-बोगापानी निर्वाचन क्षेत्र) और एनपीपी के मुच्चू मीठी (रोइंग विधानसभा) और गोकर बसर (बसर विधानसभा) यहां स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में एक समारोह के दौरान पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए।

## इनेलो नेता की झज्जर में गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** हरियाणा के झज्जर जिले में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की अज्ञात हमलावरों ने रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी।

पूर्व विधायक राठी एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में जा रहे थे। इसी दौरान झज्जर के बहादुरगढ़ शहर में कार सवार हमलावरों ने उन पर हमला किया। इनेलो नेता अभय चौटाला ने को बताया कि राठी की झज्जर जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने सरकार पर राठी की जान को खतरा होने के बावजूद सुरक्षा मुहैया कराने में विफल रहने का आरोप लगाया और राज्य के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# बिहार के कैमूर में भीषण सड़क हादसा, नौ की मौत

पटना, एजेंसी

- दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर लगा लंबा जाम



बिहार के कैमूर जिले में रविवार देर शाम एनएच-2 पर भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना मोहनिया थाना क्षेत्र में देवकली के समीप हुई। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो सवार सासाराम की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रहा है। वाहन जैसे ही देवकली गांव के समीप पहुंचा, एक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ चला गया, जहां सामने से आ रहे कंटेनर में टकरा गया। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार, बाइक चालक सहित कुल नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद एनएच-2 पर गाड़ियों का लंबा जाम लग गया, जहां सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

## दो दशक से फरार सिमी का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के 47 वर्षीय एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। सिमी के सदस्य ने कई भोले-भाले युवाओं को गुमराह करने के अलावा प्रतिबंधित संगठन की एक पत्रिका का संपादन भी किया था। पुलिस के मुताबिक, हनीफ शेख पिछले 22 साल से फरार था। अधिकारियों ने बताया कि उसे 22 फरवरी को महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से पकड़ा गया, जहां वह अपनी पहचान बदलकर एक उर्दू स्कूल में शिक्षक था। वर्ष 2001 में राष्ट्रीय राजधानी के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाने में उसके खिलाफ राजद्रोह और यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# कस्टडी में रेप के 275 मामले हुए दर्ज, सर्वाधिक यूपी में

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीआरबी ने वर्ष 2017 से 2022 तक के आंकड़े किए जारी, दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश



राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार 2017 से 2022 तक हिरासत में बलात्कार के 270 से अधिक मामले दर्ज किए गए। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य और जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, 2017 में 89 में मामले दर्ज किए गए थे, जो 2018 में घटकर 60, वर्ष 2019 में 47, वर्ष 2020 में 29, वर्ष 2021 में 26 और 2022 में 24 रह गए। इससे पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसे मामलों में धीरे-धीरे कमी आई है। हिरासत में बलात्कार के मामले भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) के तहत दर्ज किए जाते हैं। वर्ष 2017 के बाद से हिरासत में बलात्कार के दर्ज किए गए 275 मामलों में से, सबसे अधिक 92 मामले यूपी में दर्ज किए गए। इसके बाद 43 मामलों के साथ मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा।

'पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया' की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "हिरासत व्यवस्था दुर्व्यवहार के लिए ऐसे अवसर प्रदान करती है, जहां सरकारी कर्मचारी अक्सर अपनी शक्ति का इस्तेमाल यौन इच्छा पूरी करने के लिए करते हैं।"

पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां महिलाओं को उनके संरक्षण या उनकी कमजोर स्थिति, जैसे तस्करी या घरेलू हिंसा के कारण हिरासत में लिया गया और उनके साथ यौन हिंसा की गई, जो प्रशासनिक संरक्षण की आड़ में शक्ति के दुरुपयोग को दर्शाता है।"

**यह लोग होते हैं अपराधी:** एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य के अलावा जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी भी शामिल हैं। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 27 रन से हराया



**ऑकलैंड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 27 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने अपने 100वें टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में बारिश को देखते हुए टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में बारिश ने 3 बार व्यवधान डाला और अंततः 10 .4 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन के स्कोर पर उसकी पारी को खत्म करना पड़ा। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रन का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में स्पेंसर जॉनसन (दो ओवर में 10 रन पर 1 विकेट), एडम जंपा (दो ओवर में 20 रन पर 1 विकेट), नाथन एलिस (दो ओवर में 11 रन) और मिशेल स्टार्क (दो ओवर में 15 रन) की गेंदबाजी के सामने 10 ओवर में 3 विकेट पर 98 रन ही बना सकी।

### हारिस राऊफ कंधे की चोट से पीएसएल से बाहर

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ कंधे में चोट से पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने वाले इस तेज गेंदबाज को शुक्रवार रात कराची किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लग गई थी और वह बाहर चले गए थे। फिटनेस हासिल करने के लिए उन्हें चार से छह सप्ताह का समय लगेगा। लाहौर कलंदर्स के प्रवक्ता ने कहा कि एमआरआई स्कैन और अन्य परीक्षणों से पता चला है कि उनके कंधे में चोट है जिसे ठीक होने में समय लगेगा इसलिए वह पीएसएल से बाहर हो गए हैं।

### थोनाकल ने एलीट पुरुषों की स्पर्धा जीती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व एशियाई चैंपियन गोपी थोनाकल ने रविवार को नई दिल्ली मैराथन का खिताब जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग से चूक गए। एशियाई मैराथन 2017 का खिताब जीतने वाले गोपी ने पुरुष एलीट स्पर्धा में 42 .195 किमी दो घंटे 14 मिनट और 40 सेकेंड में पूरी की। वह दो घंटे 8 मिनट 10 सेकेंड के पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्तर से पीछे रहे। 2017 में भी गोपी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी पीछे रहे। 2021 में खिताब जीतने वाले श्रीनू बुगाथा दूसरे स्थान पर जबकि अक्षय सैनी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# अश्विन-कुलदीप ने इंग्लैंड को 145 रन पर समेटा

## चौथे टेस्ट के तीसरे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की अच्छी शुरुआत

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

रांची, एजेंसी



ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के 9 विकेट से चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को इंग्लैंड की दूसरी पारी को 145 रन पर समेट दिया, जिसके बाद भारत ने 192 रन का पीछा करते हुए बिना विकेट खोए 40 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा 24 जबकि यशस्वी जायसवाल 16 रन पर खेल रहे थे। भारत को जीत के लिए 152 रन की दरकार है। रोहित ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में चार हजार रन पूरे किए। दूसरी पारी में अब तक हुए 8 ओवर में रोहित सकारात्मक नजर आए। वह अब तक 27 गेंद पर 4 चौके मारे चुके हैं। उन्हें जो रूट, टॉम हार्टले और शोएब बशीर का सामना करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अश्विन (51 रन पर 5 विकेट) ने इससे पहले 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाए जबकि कुलदीप (22 रन पर 4 विकेट) ने 4 बल्लेबाजों को आउट किया जिससे जैक क्राउली (91 गेंद में 60 रन, 7 चौके) की पारी के बावजूद इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में सुबह भारत अपनी पहली पारी में 307 रन पर सिमट गया और 46 रन से पिछड़ गया। ध्रुव जुरेल ने 90 रन की जुझारू पारी खेल टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। अश्विन ने रविंद्र जडेजा (56 रन पर 1 विकेट) के साथ दूसरी पारी में नई गेंद से शुरुआत की। उन्होंने पांचवें ओवर में बेन डकेट (15) और ओली पोप (00) को आउट किया। डकेट ने शॉर्ट लेग पर सरफराज खान को कैच थमाया जबकि पोप पगबाधा हुए। अश्विन ने अनिल कुंबले (350 विकेट) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। अश्विन ने जो रूट (11) को पगबाधा करके इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 65 रन किया। मैदानी अंपायर के आउट न देने पर डीआरएस का फैसला भारत के पक्ष में गया। क्राउली ने इस बीच कुछ शॉट खेलकर इंग्लैंड की बढ़त को 150 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने अश्विन और जडेजा के खिलाफ रन बटोरे। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो (30) के साथ 67 गेंद में 45 रन की साझेदारी की। पहली पारी में 12 ओवर फेंकने वाले कुलदीप ने तीसरे ओवर में क्राउली को बोल्ड कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुलदीप ने इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स (4) को भी बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर 5 विकेट पर 120 रन किया। जॉनी बेयरस्टो (30) ने जडेजा की गेंद पर शॉर्ट कवर पर रजत पाटीदार को आसान कैच थमाया। टॉम हार्टले (07) ने जडेजा के ओवर में छक्का जड़ा लेकिन कुलदीप की गेंद पर मिड ऑन पर सरफराज के हाथों लपके गए। इसी ओवर में कुलदीप ने ओली रॉबिन्सन (00) को भी पगबाधा किया। बेन फोक्स (17) और शोएब बशीर (नाबाद 1) ने 12 ओवर तक भारतीय गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा लेकिन अश्विन ने फोक्स को अपनी ही गेंद पर लपककर 12 रन की इस साझेदारी को तोड़ दिया। अश्विन ने दो गेंद बाद जेम्स एंडरसन (0) को भी जुरेल के हाथों कैच कराके इंग्लैंड की पारी का अंत किया और 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाने का कारनामा किया। इससे पहले जुरेल ने जुझारू अर्धशतक बनाया। जुरेल ने दबाव का सामना करते हुए 90 रन की पारी खेली। उन्होंने कुलदीप (28) के साथ आठवें विकेट के लिए 76 और आकाश दीप (9) के साथ नौवें विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 96 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के बाद बशीर (119 रन पर 5 विकेट) और टॉम हार्टले (68 रन पर 3 विकेट) की इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी के खिलाफ बड़े शॉट खेले। जुरेल ने हार्टले की गेंद पर एक रन के साथ अर्धशतक पूरा किया। उन्हें 59 रन के स्कोर पर ओली रॉबिन्सन ने जीवनदान दिया जिसके बाद उन्होंने बशीर को चौका और छक्का मारा। हार्टले ने हालांकि उन्हें बोल्ड करके शतक से वंचित किया। वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। इससे पहले बशीर ने आकाश को पगबाधा करके अपने दूसरे टेस्ट में पहली बार 5 विकेट चटकाए।



### सबसे ज्यादा विकेट लेकर अश्विन ने रचा इतिहास



भारत में विकेट 354

अनिल कुंबले ने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे

**रांची, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच जेएससीए क्रिकेट मैदान में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन आज आर . अश्विन ने सबसे अधिक विकेट लेने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अश्विन ने भारत में खेले अपने 59 टेस्ट मैच में 354 विकेट लेकर यह रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले भारत भूमि पर यह रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम था जिन्होंने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे। अश्विन ने आज 35वीं बार टेस्ट मैच की 1 पारी में 5 विकेट लेकर अनिल कुंबले के सबसे अधिक बार पांच विकेट लेने की बराबरी की। विश्व क्रिकेट में अब अश्विन से ज्यादा एक पारी में 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड रिचर्ड हैडली, शेन वॉर्न और मुथैया मुरलीधर के नाम है। हैडली ने 36 बार, शेन वॉर्न ने 37 बार और मुथैया मुरलीधरन ने 67 बार 1 पारी में 5 विकेट लिए थे। अनिल कुम्बले ने अपने 132 टेस्ट मैच में 619 विकेट लिए थे जबकि अश्विन ने 99 टेस्ट मैच में 507 विकेट हासिल कर चुके हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवा क्रिकेट टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा और यह अश्विन का 100वां टेस्ट मैच होगा।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड (पहली पारी-353) दूसरी पारी 145/10 (53.5 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली बो कुलदीप | 60 | 91 | 7/0 |
| बेन डकेट का सरफराज बो अश्विन | 15 | 15 | 2/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो अश्विन | 00 | 01 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो अश्विन | 11 | 34 | 0/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का पाटीदार बो जडेजा | 30 | 42 | 3/0 |
| बेन स्टोक्स बो कुलदीप | 04 | 13 | 0/0 |
| बेन फोक्स का एवं बो अश्विन | 17 | 76 | 0/0 |
| टॉम हार्टले का सरफराज बो कुलदीप | 07 | 25 | 0/1 |
| ओली रॉबिन्सन पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 03 | 0/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 01 | 20 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन का जुरेल बो अश्विन | 00 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 00, **विकेट पतन:** 1-19, 2-19, 3-65, 4-110, 5-120, 6-120, 7-133, 8-133, 9-145,10-145, **गेंदबाजी:** अश्विन 15 .5-0-51-5, जडेजा 20-5-56-1, सिराज 3-0-16-0, कुलदीप 15-2-22-4

**भारत (पहली पारी) 307/10 (10332 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो बशीर | 73 | 117 | 8/1 |
| रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन | 02 | 09 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर | 38 | 65 | 6/0 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर | 17 | 42 | 4/0 |
| रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर | 12 | 12 | 0/2 |
| सरफराज खान का रूट बो हार्टले | 14 | 53 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल बो हार्टले | 90 | 149 | 6/4 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबधा बो हार्टले | 01 | 13 | 0/0 |
| कुलदीप यादव बो एंडरसन | 28 | 131 | 2/0 |
| आकाश दीप पगबाधा बो बशी | 09 | 29 | 0/1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 06 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 23, **विकेट पतन:** 1-4, 2-86, 3-112 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, 8-253, 9-293,10-307, **गेंदबाजी:** एंडरसन 18-4-48-2, रॉबिन्सन 13-0-54-0, बशीर 44-8-119-5, हार्टले 27 .2-6-68-3, रूट 1-0-1-0

**भारत (दूसरी पारी) 40/0 (8 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल खेल रहे | 16 | 21 | 1/0 |
| रोहित शर्मा का खेल रहे | 24 | 27 | 4/0 |

**अतिरिक्त:** 0, **विकेट पतन:** 00, **गेंदबाजी:** बशीर 1-0-1-0, हार्टले 3-0-22-0, रूट 4-0-17-0

## रोज 140 ओवर बल्लेबाजी कर टेस्ट के लिए तैयार हुए जुरेल

नई दिल्ली, एजेंसी



इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में प्रभावित करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने रोजाना नेट सत्र में 4 घंटे स्पिन अलावा सैकड़ों थ्रोडाउन और 14 अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ खेलकर टेस्ट के लिए खुद को तैयार किया। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले जुरेल ने रविवार को चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 रन बनाए। आगरा के जुरेल ने 18 महीने मेहनत कर खुद को तैयार किया और 'महेंद्र सिंह धोनी जैसी खेल की समझ' के लिए सुनील गावस्कर भी उनकी सराहना कर चुके हैं। मुंबई के पूर्व बल्लेबाज और राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने बताया, जुरेल ने टेस्ट की शुरुआत से पहले तलेगांव में रॉयल्स की हाई परफॉर्मेंस अकादमी (एचपीसी) में कड़ी ट्रेनिंग की है।

## प्रदेश के दिव्यम और अर्श भारतीय टीम में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के समन्वय से बैडमिंटन अकादमी में शनिवार को भारतीय बैडमिंटन टीम का कैंप संपन्न हुआ।

रविवार को जूनियर टीम डच जूनियर इंटरनेशनल और जर्मन ओपन के लिए रवाना होगी। डच ओपन हार्निल (नीदरलैंड) में 28 फरवरी से 3 मार्च तक होगा। जर्मन ओपन 6 से 10 मार्च तक बर्लिन (जर्मनी) में होगा। चयनित जूनियर भारतीय टीम में यूपी के दिव्यम अरोड़ा और अर्श मोहम्मद बतौर युगल जोड़ी चयनित किए गए हैं। ये दोनों अंडर-19 टीम से डच और जर्मन ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे।



घोषित की गई भारतीय बैडमिंटन टीम।

**बालक अंडर-19 टीम:** ध्रुव नेगी (उत्तराखंड), गगन (हरियाणा), रौनक चौहान (छत्तीसगढ़), गिनीपॉल एस (दिल्ली)। **बालिका अंडर-19 टीम:** सूर्या तामिरी, नव्या (आन्ध्र प्रदेश), तन्वी रेड्डी (तेलंगाना), तन्वी पात्री (ओडिसा)। **बालक अंडर-19 युगल टीम:** भार्गव राम, विश्वतेज (आन्ध्र प्रदेश), दिव्यम अरोड़ा, अर्श मोहम्मद (यूपी)। **बालिका अंडर-19 युगल टीम:** श्रीनिधि एन (तमिलनाडु), मान्या (पंजाब), प्रगति, वंशिका टोप्पो (ओडिसा)। **मिश्रित युगल टीम:** दिव्यम अरोड़ा, वेन्नाला एके (तेलंगाना), भव्या छाबड़ा (दिल्ली), मान्या (पंजाब)।

## अमेलिया के प्रदर्शन से मुंबई ने गुजरात को हराया

### मुंबई ने पांच विकेट से मैच जीतकर लीग में लगातार दूसरी जीत दर्ज की

बेंगलुरु, एजेंसी




अमेलिया केर के ऑलराउंड प्रदर्शन और कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार बल्लेबाजी की मदद से मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को गुजरात जायंट्स को 5 विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

गुजरात ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 9 विकेट पर 126 रन बनाए। अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराने वाली मुंबई ने 18.1 ओवर में 5 विकेट पर 129 रन बनाकर अपना विजय अभियान जारी रखा। मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक समय उसका स्कोर 3 विकेट पर 49 रन था। हरमनप्रीत (41 गेंद पर नाबाद 46) और केर (25 गेंद पर 31 रन) ने यहीं से चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। इन दोनों के अलावा नेट साइवर ब्रंट ने 22 रन का योगदान दिया। हरमनप्रीत ने अपनी पारी में 5 चौकों के अलावा विजयी छक्का भी लगाया। इससे पहले अनुभवी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने गुजरात के शीर्ष क्रम को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने 18 रन देकर 3 विकेट लिए। लेग स्पिनर केर ने मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया तथा अपने कोटे के 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। गुजरात के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें नौवें नंबर की बल्लेबाज तनुजा कंवर ने सर्वाधिक 28 रन का योगदान दिया। उन्होंने कैथरीन ब्राइस (नाबाद 25) के साथ आठवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इन दोनों के अलावा कप्तान बेथ मूनी ने 24 और एश्ले गार्डनर ने 15 रन का योगदान दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद गुजरात का स्कोर 11 ओवर के बाद 5 विकेट पर 58 रन था।






## 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज




मुंबई, एजेंसी। नैचुरल स्टार नानी की एक्शन से भरपूर फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज हो गया है। विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित, फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा मुख्य शेड्यूल हाल ही में पूरा किया गया था और अब निर्माताओं ने 'सारिपोधा सनिवारम' की आधिकारिक टीज़र कर दिया गया है।मल्टिलिंगवल रिलीज, यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी। 'सारिपोधा सानिवारम' के टीजर में नेचुरल स्टार नानी को 'सूर्या' के रूप में पेश किया गया है, जो एक एक्शन स्टार के रूप में नजर आ रहे हैं।

### सिद्धार्थ की 'योद्धा' का गाना जिंदगी तेरे नाम जारी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है।'योद्धा' का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। जिंदगी तेरे नाम गाने में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को विशाल मिश्रा ने गाया और कंपोज भी किया है। लिरिक्स विशाल और कौशल किशोर ने लिखी है। 'ज़िंदगी तेरे नाम' गाना को लेकर सिद्धार्ध मल्होत्रा ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बहुत खास है। यह प्यार और समर्पण की भावना को दर्शाता है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना दर्शकों को पसंद आएगा और उनके दिलों को छू जाएगा।राशि खन्ना ने कहा कि ज़िंदगी तेरे नाम सिर्फ शब्द नहीं, एक एहसास है। प्यार में डूबे दिल की धड़कन से जुड़ा यह गाना "योद्धा" में प्यार की कहानी बयान करता है।

## करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' के टीजर में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन एयर होस्टेस बनकर फुल ऑन ड्रामा करती नजर आ रही हैं।फिल्म के टीजर की शुरुआत 'कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है' जैसे डायलॉग से होती है। टीजर में दिखाया गया है कि तब्बू, कृति सैनन और करीना कपूर अपनी एयर होस्टेस की नौकरी से बेहद परेशान हो चुकी हैं और इससे पीछा छुड़ाने के लिए कुछ भी करने लग जाती हैं। 'क्रू' के टीजर को कृति सैनन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है। टीजर में कपिल शर्मा भी दिखाई दे रहे हैं।इस फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### गोल्डी और निकिता का 'देवरा के रंग' जारी

**मुंबई।** गायिका गोल्डी यादव और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का होली सांग 'देवरा के रंग' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता,डिजाइनर बादशाह खान हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।



## विज्ञापनों से शाहिद ने की थी शुरुआत



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर आज 43 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1981 को दिल्ली में जन्में शाहिद कपूर को अभिनय की कला विरासत में मिली। शाहिद कपूर के पिता पंकज कपूर जाने-माने अभिनेता है। शाहिद ने कॅरियर की शुरुआत विज्ञापनों से की। बतौर अभिनेता शाहिद ने कॅरियर की शुरूआत 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्क विश्क से की। फिल्म को औसत सफलता मिली। इस फिल्म के लिए शाहिद फिल्म फेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के डेब्यू पुरस्कार से सम्मानित किए गए। इश्क विश्क के बाद शाहिद ने फिदा, दिल मांगे मोर, दीवाने हुए पागल, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, 36 चाइना टाउन, चुप चुप के जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन सभी फिल्में टिकट खिड़की पर ढेर हो गई। 2006 में शाहिद को सूरज बड़जात्या की फिल्म विवाह में काम का अवसर मिला। शाहिद ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म सुपरहिट साबित हुई। इसके साथ शाहिद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गए। 2007 में प्रदर्शित फिल्म जब वी मेट शाहिद के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शुमार की जाती है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहिद और करीना की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

### सेना में काम करना चाहते थे डैनी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता डैनी 76 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1948 को जन्में डैनी बचपन के दिनों में सेना में काम करना चाहते थे। डैनी ने पश्चिम बंगाल से सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार जीता और गणतंत्र दिवस के मौके पर परेड में भाग भी लिया। बाद में देश के प्रतिष्ठित आर्म फोर्सेज मेडिकल कॉलेज पुणे में उनका चयन भी हो गया लेकिन उन दिनों उनका मन चिकित्सक बनने की बजाय किसी अभिनेता बनने की ओर हो गया और उन्होने पुणे फिल्म इंस्टीच्यूट में अभिनय के प्रशिक्षण के लिये दाखिला ले लिया।अभिनय का प्रशिक्षण लेने के बाद डैनी ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत नेपाली फिल्म सलिनो से की जो टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। इस बीच उन्होंने नेपाली फिल्मों के लिए पाश्र्वगायन भी किया। सत्तर के दशक में अभिनेता बनने का सपना लिए डैनी मुंबई आ गए। अपने वजूद को तलाशते वह लगभग तीन वर्ष तक संघर्ष करते रहे।इस बीच उन्होंने रॉखी और हथकड़ी, मिलाप, जरूरत, नया नशा, नई दुनिया नए लोग, चालाक और खून-खून जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों में काम किया लेकिन ये सभी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### महाराष्ट्र राज्य परिवहन बस में लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार को राज्य परिवहन की एक बस में आग लगने से उसमें यात्रा कर रहे लगभग 45 यात्री बाल-बाल बच गए। यह घटना सुबह के 8:18 मिनट की है। यह घटना तब घटी जब बस 40-45 यात्रियों को लेकर पड़ोसी रायगढ़ जिले के खोपट बस डिपो से पाली की तरफ जा रही थी। बस में अचानक से आग लग गई। घटना की जानकारी पाकर पुलिस ने आपदा प्रबंधन सेल को इसकी सूचना दी। स्थानीय दमकल और आपदा प्रबंधन सेल के कर्मचारियों ने यात्रियों को बस से बाहर निकाला इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। आग लगने का कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।



**आगरा।** विश्व की धरोहर ताजमहल की साए में सालों पुरानी पुष्प प्रदर्शनी को अध्यात्म से सजाया गया है। इस बार प्रदर्शनी ताजमहल के पार्श्व में लगाई गई है। पर्यटक प्रदर्शनी में फूलों से बनाई हनुमान, सीता, जटायु और जामवंत की आकृति के साथ-साथ ताजमहल का भी दीदार कर सकेंगे।

### प्रख्यात फिल्मकार कुमार साहनी का बंगाल के अस्पताल में निधन

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के प्रख्यात फिल्म निर्माता कुमार साहनी का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



उन्होंने माया दर्पण, चार अध्याय और कस्बा जैसी फिल्मों का निर्देशन किया। साहनी की करीबी दोस्त और अभिनेत्री मीता वशिष्ठ ने बताया कि निर्देशक का शनिवार रात कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। कुमार के साथ काम कर चुकीं वशिष्ठ ने कहा, बीमारी के कारण उनका निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। अभिनेत्री ने कहा साहनी के परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं।

### इजराइल-हमास युद्धविराम के प्रयास में जुटे अमेरिका-अरब देश

**वाशिंगटन।** करीब पांच महीने से जारी गाजा युद्ध में दूसरी बार युद्धविराम की स्थितियां बन रही हैं। यह युद्धविराम भी सीमित समय के लिए होगा और इसका मुख्य उद्देश्य गाजा में बंधक बने करीब 130 इजराइली नागरिकों को मुक्त कराना होगा। इन हमलों के बीच इजराइली सेना ने विस्थापितों के बीच बचकर भाग रहे कई हमास लड़ाकों को पकड़ा है। अमेरिका और अरब देश में युद्धविराम का प्रयास कर रहे हैं। पेरिस में हुई बैठक से युद्ध समाधान होने की संभावना है।

# पाकिस्तान के पंजाब में सीएम का चुनाव आज, मरियम नवाज पर टिकी निगाहें

## नवाज शरीफ की पार्टी के पास पंजाब विधानसभा में है दो-तिहाई बहुमत

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनेंगी। आज मुख्यमंत्री के रूप में निर्वाचित होने जा रही हैं। शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पंजाब विधानसभा में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों पद हासिल कर लिए हैं।

पंजाब विधानसभा के सचिव आमेर हबीब ने कहा, 'पंजाब के मुख्यमंत्री का चुनाव सोमवार को होगा। उम्मीदवार रविवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

चूंकि, पाकिस्तान के इतिहास में पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम का पहली महिला मुख्यमंत्री बनना तय माना जा रहा है क्योंकि उनकी पार्टी के पास अब पंजाब विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत है। इसलिए पद को अपने नाम करने में कोई समस्या नहीं आएगी। बता दें, मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव पीएमएल-एन की मरियम नवाज और पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार राणा आफताब अहमद के बीच होगा। पंजाब विधानसभा के मैराथन सत्र में शनिवार को विधायकों ने गुप्त मतदान के जरिए पीएमएल-एन नेता मलिक अहमद खान को सदन का संरक्षक और जहीर इकबाल चन्नार को उपमुख्यमंत्री चुना। मलिक अहमद खान शरीफ के वफादार हैं, जिन्होंने पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार मलिक अहमद खान बछार को हराया था।

### खैबर पख्तूनख्वा में लगातार तीसरी बार बनेगी पीटीआई सरकार



पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) में सरकार बनाने को तैयार है। इसके लिए 28 फरवरी को विधानसभा सत्र बुलाया गया है। राज्यपाल के कार्यलय से जारी आदेश के अनुसार 'खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत के राज्यपाल हाजी गुलाम अली ने शनिवार को प्रांत के मुख्यमंत्री के चुनाव के लिए 28 फरवरी को प्रांतीय विधानसभा का सत्र बुलाया है। केपीके विधानसभा में आरक्षित सीटों पर निर्वाचित 10 महिलाओं और चार अल्पसंख्यकों सहित कुल 145 सदस्य हैं।

### 9 मार्च को होगा राष्ट्रपति चुनाव, आसिफ अली जरदारी रेस में आगे

पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इन आरोपों से बेखबर पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति चुनाव कराने की तैयारी कर ली है। चुनाव आयोग ने 9 मार्च को राष्ट्रपति चुनाव कराने का एलान कर दिया है। पाकिस्तान के उच्च सदन सीनेट से आधे सदस्य अपना छह साल का कार्यकाल पूरा कर जल्द ही रिटायर होने वाले हैं। ऐसे में सीनेटर्स के रिटायरमेंट से दो दिन पहले 9 मार्च को राष्ट्रपति पद का चुनाव कराया जाएगा। पाकिस्तान का राष्ट्रपति बनने की रेस में पीपीपी नेता आसिफ अली जरदारी सबसे आगे हैं। पीपीपी के एक नेता ने बताया कि मौजूदा सीनेटर्स राष्ट्रपति का चुनाव करेंगे। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व में छह पार्टियां आसिफ अली जरदारी को समर्थन दे रहे हैं।

## कुलगाम में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड चार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी चार आतंकियों को गिरफ्तार कर पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया है कि, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) यूए (पी) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले पर कार्रवाई करते हुए, 1 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और 18 बीएन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ कुलगाम में चार आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार कर, उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है।

आतंकवादी सहयोगियों की पहचान जहूर अहमद पंडित, बसीर हुसैन पंडित, इम्तियाज गुल और गुलजार अहमद खार के रूप में की गई है। सभी वानपोरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि उनके कब्जे से एक पिस्तौल, दो पिस्तौल मैगजीन, 20 पिस्तौल राउंड, चार यूबीजी और 24 इंसास राउंड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कहा- मामले की जांच जारी है।

# हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर अमेरिका-ब्रिटेन का हमला



रविवार को यमन में अमेरिका-ब्रिटेन के हवाई हमले के बाद ठिकानों से उठता धुआं।

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका और ब्रिटिश सेना द्वारा हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने ये कार्रवाई लाल लागर और अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर किए जा रहे हमले के जवाब में की है।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने शनिवार को यमन में एक दर्जन से अधिक हूती ठिकानों को तबाह किया है। अमेरिका ने यमन के सबसे अधिक आबादी वाले हिस्सों पर नियंत्रण रखने वाले हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि ये सैन्य कार्रवाई यमन में आठ स्थानों पर की गई है, जिसमें हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों को तबाह किया गया है।

इनमें भूमिगत हथियार और मिसाइल भंडारण सुविधाएं, वायु रक्षा प्रणाली, रडार और एक हेलीकॉप्टर शामिल थे। बता दें कि अमेरिका और ब्रिटिश सेना की इस कार्रवाई को ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड का समर्थन मिला है। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित समाचार एजेंसी अल मसीरा टीवी ने शनिवार को कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने राजधानी सना में सिलसिलेवार हमले किए हैं।

# मुझे मारना चाहते हैं फडणवीस मनोज जरांगे ने लगाया आरोप

**मुंबई, एजेंसी**



- कहा आंदोलन को कमजोर करने की साजिश की जा रही

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार पर सरकारी नौकरियों और शिक्षा में समुदाय के लिए आरक्षण के लिए चल रहे उनके आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा- आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश की जा रही है। मनोज जरांगे ने रविवार को एलान किया कि वह महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे। जालना के अंतरवाली सराटी में जरांगे ने करीब एक घंटे तक भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने फडणवीस के खिलाफ कई आरोप लगाए। जरांगे ने कहा, कुछ लोगों को मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए लालच दिया जा रहा है। उन पर दबाव डाला जा रहा है। इन साजिशों के पीछे फडणवीस का हाथ है। वह मुझे मारना चाहते हैं। मैं सागर बंगले (मुंबई के मालाबार हिल में फडणवीस का आधिकारिक आवास) तक मार्च करने के लिए तैयार हूं। इस एलान ने उनके समर्थकों को हैरान कर दिया।

इस एलान से सभा स्थल पर अफरातफरी मच गई। जरांगे के समर्थक बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे। उनमें से जब कुछ ने उनका माइक्रोफोन छीनने की कोशिश की तो जरांगे ने कहा कि वह अकेले मुंबई तक मार्च करेंगे।

## यूएई में नई भर्ती नीति से भारतीयों की नौकरी में कटौती की आशंका

**दुबई, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नौकरियों में नई नीति लागू करने से भारतीयों की नौकरियों पर व्यापक असर पड़ने की आशंका पैदा हो गई है। नई नीति के तहत प्रत्येक कंपनी को 20 फीसदी कर्मचारी विविध नागरिकता के रखने होंगे।

यूएई सरकार ने इसे कार्यबल में अधिक विविधता का नाम दिया है। यूएई की सरकार का कहना है कि इससे कार्यक्षेत्र में अलग-अलग देशों के लोगों की भागीदारी में वृद्धि होगी। संयुक्त अरब अमीरात में आम चलन है कि अभी जिस भी नागरिकता के कंपनी मालिक होते हैं उनका प्रयास होता है कि वे अपने देश के नागरिकों ही नौकरी पर रखें। कई भारतीय अथवा यूं कहें कि किसी भी अन्य नागरिकता के मालिक की कोशिश होती है कि अपने ही देश के लोगों को ही रखते हैं। नए नियम से भारतीय उद्यमियों को भी 20% जॉब्स अन्य देशों के लोगों को देने होंगे। यूएई में वर्तमान में 39 लाख भारतीयों में से 35 लाख वर्कफोर्स में हैं।

# बंगाल : लोस चुनाव से पहले तैनात होंगी केंद्रीय बलों की 150 कंपनियां

**कोलकाता, एजेंसी**

बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति और पूर्व में चुनावी हिंसा के इतिहास को देखते हुए केंद्रीय चुनाव आयोग ने एक अभूतपूर्व फैसले में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही राज्य में केंद्रीय बलों को भेजने का फैसला किया है।

केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि चुनाव की घोषणा से पहले मार्च के पहले सप्ताह में ही केंद्रीय बलों की 150 कंपनियां बंगाल पहुंच जाएगी। इनमें 100 कंपनी एक मार्च को जबकि बाकी 50 कंपनी सात मार्च को पहुंचेगी। चुनाव की तैयारियों के संबंध में स्थिति का जायजा लेने के लिए चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ तीन मार्च को बंगाल के दौरे पर आने वाली है, जो पांच मार्च तक यहां रहेगी। उससे पहले ही केंद्रीय बलों को भेजने का निर्णय लिया गया है। 10 मार्च के बाद देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का



अनुमान है। आयोग के अनुसार, शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने और मतदाताओं में विश्वास जगाने के लिए चुनाव से काफी पहले से ही राज्य के संवेदनशील हिस्सों में केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्णय लिया गया है।

बंगाल के चुनावी इतिहास में यह पहली बार है जब चुनाव की घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों की तैनाती होने जा रही है। राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा ने आयोग के इस फैसले का स्वागत किया है।

## आज केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** मानहानि मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा।

2018 में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ध्रुव राठी की ओर से जारी एक वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करने से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में जारी समन को हाईकोर्ट के आदेश में बरकरार रखा गया था। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ इस मामले पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है। पांच फरवरी को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि कथित अपमानजनक सामग्री को दोबारा पोस्ट करने पर मानहानि का कानून लागू होगा।

## किसानों का हंगामा...





**पेरिस:** फ्रांस में किसान आंदोलन तेज होता जा रहा है। किसान लालफीताशाही, खाद्य पदार्थों के आयात और यूरोपीय संघ की पर्यावरण नीतियों का विरोध कर रहे हैं। इस क्रम में कृषि मेले के अंदर किसानों ने हंगामा किया। उनका पुलिस से भी सामना हुआ। उन्होंने राष्ट्रपति मैक्रों के खिलाफ नारेबाजी कर इस्तीफे की मांग की। कई किसानों को गिरफ्तार भी किया गया है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने नेताओं के घर के बाहर दीवार बनाकर विरोध जताया। उनका कहना था कि वह भ्रष्ट नेताओं का रास्ता ही बंद कर देंगे। ● एजेंसी

# मणिपुर में छापेमारी के दौरान हथियार-विस्फोटक बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एक अन्य छापेमारी में पश्चिमी इंफाल जिले के कीसपंत से तीन लोगों को किया गिरफ्तार

मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर जिले के दो गांवों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने हाओलेनजांग गांव के बाहरी इलाके में चार आग्नेयास्त्र, एक मोर्टार और गोला-बारूद जब्त किया। एक अधिकारी ने बताया कि उनके पास से 120 रुपये के नकली नोट भी मिले।

वहीं एक अन्य छापेमारी में पश्चिमी इंफाल जिले के कीसपंत जंक्शन से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से दो एसएलआर राइफलें भी जब्त की गई है। एक अधिकारी ने बताया कि उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है। असम के कर्बी आंगलोंग जिले में तीन लोगों को भारी हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाया, जिसके तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद आरोपी पुलिस को उस स्थान पर ले गए, जहां उन्होंने हथियार छिपाकर रखा था। हथियार प्लास्टिक के पैकेट में लपेटकर रखा हुआ था। हथियार में एके श्रृंखला वाली राइफल्स और मैगजीन्स भी शामिल थी।

## महिलाओं के स्थायी कमीशन मामले में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) की महिला अधिकारी प्रियंका त्यागी की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने की मांग की गई है।

हालांकि, पहले की सुनवाई में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने से इन्कार करने के लिए केंद्र और भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि आईसीजी में महिलाओं के उत्थान के लिए ऐसी नीति बनानी चाहिए, जो महिलाओं के लिए ईमानदारी से काम करें। कोर्ट ने केंद्र से कहा- सेना और नौसेना महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन दे रही है, तो तटरक्षक बल को अछूता नहीं रखा जा सकता।

# भारत-जापान सैन्य अभ्यास शुरू दो सप्ताह तक दिखाएंगे ताकत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत और जापान ने रविवार को राजस्थान के 'महाजन फील्ड फायरिंग रेंज' में दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया। यह अभ्यास आम सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच अभ्यास 'धर्म गार्जियन' भारत-जापान सामरिक सहयोग के व्यापक ढांचे के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है और बारी-बारी से भारत व जापान में आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों की टुकड़ी में 40-40 जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जापानी दल का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट के जवान कर रहे हैं जबकि भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन कर रही है।

भारतीय सेना ने कहा कि अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग और संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए दोनों पक्षों की क्षमताओं को बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा कि इस दौरान अस्थायी ऑपरेटिंग बेस को तैयार करना, एक खुफिया-निगरानी और टोही ग्रिड बनाना जैसे अभ्यास किए जाएंगे।

# प्राइमरी चुनाव में ट्रंप की बड़ी जीत, निक्की को दी शिकस्त

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- साउथ कैरोलाइना जीत के बाद राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़े ट्रंप




अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी सफलता मिली है। डोनाल्ड ट्रंप ने साउथ कैरोलिना में हुए रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव जीत लिया है। उन्होंने निक्की हेली को उनके गृह राज्य में मात दी है।

मीडिया के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स और निक्की हेली के गृह राज्य साउथ कैरोलिना में जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही ट्रंप राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप से साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद निक्की हेली ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही यह साफ कर दिया है कि कैरोलिना में चाहे कुछ भी हो जाए, मैं राष्ट्रपति पद की रेस को आगे भी जारी रखूंगी। मैं अपने शब्दों पर कायम रहने वाली महिला हूं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की जीत से निक्की हेली पर दबाव बढ़ेगा, जो 2011 से 2017 तक साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर थीं। हालांकि, उन्होंने साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद 5 मार्च को होने वाले 'सुपर मंगलवार' के जरिये राष्ट्रपति पद की रेस में बने रहने का संकल्प लिया है। निक्की हेली ने हाल के दिनों में कहा था कि वह 5 मार्च को होने वाले रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव के लिए सीधे मिशिगन जाएंगी।

## राष्ट्रपति बाइडन ने शी जिनपिंग को बताया रूस का राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को उनकी कमजोर याददाश्त और बढ़ती उम्र के चलते कई बार आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा है।

- अमेरिकी राष्ट्रपति की याददाश्त पर फिर उठे गंभीर सवाल

अब एक बार फिर जो बाइडन गलती कर गए हैं। दरअसल एक कार्यक्रम में बोलते हुए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को जो बाइडन ने रूस का राष्ट्रपति बता दिया। बाइडन ने तुरंत ही उन्होंने खुद को सही किया और जिनपिंग को चीन का राष्ट्रपति बताया। बाइडन ने पुराना किस्सा बताते हुए कहा कि 'वह (बराक ओबामा) चाहते थे कि मैं शी जिनपिंग के बारे में जानकारी हासिल करूं क्योंकि ये साफ था कि वे (जिनपिंग) रूस के राष्ट्रपति बनने जा रहे थे, नहीं चीन के।

**आयोजन** मुकेश अंबानी के बेटे अनंत के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में एक हजार से ज्यादा वीआईपी मेहमानों को न्योता, बिल गेट्स, इवांका, जुकरबर्ग भी होंगे शामिल

# शाही जश्न... अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत, और एनकोर हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका जुलाई को मुंबई में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इससे पहले 1 से 3 मार्च तक गुजरात के जामनगर में प्री- वेडिंग सेलिब्रेशन होगा।

रिलायंस टाउनशिप में जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं। देश-दुनिया की दिग्गज हस्तियां इस सेलिब्रेशन में शामिल होंगी। सूत्रों के मुताबिक एक हजार मेहमानों को निमंत्रण भेजा गया है। शादी से पहले होने वाले समारोहों में बड़े उद्योगपतियों, फिल्मी सितारों से लेकर क्रिकेटरों को शामिल होने का न्योता दिया गया है। 1 मार्च को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुंबई और दिल्ली से विशेष चार्टर्ड विमान स उपलब्ध



रहेंगे, जो मेहमानों को जामनगर लेकर स पहुंचेंगे। उन्हें 3 घंटे के भीतर लॉन्ड्री सेवा मिल जाएगी। हर मेहमान के लिए अलग हेयर अ स्टाइलिस्ट, साड़ी ड्रेपर और मेकअप सर्विस उपलब्ध रहेगी। मेहमानों को मनपसंद खाने के ने साथ मेडिकल सुविधाएं भी दी जाएंगी। **तीनों दिन की अलग थीम, वैसा ही ड्रेस कोडः** पहले दिन की थीम 'इवनिंग इन एवरलैंड' रखी गई है, इसके लिए ड्रेस कोर्ड 'एलिगेंट कॉकटेल रहेगा।

अगले दिन की थीम 'ए वॉक ऑन द वाइल्डसाइड' है, इसमें ड्रेस कोड थीम जंगल फीवर रखा है। इसमें मेहमानों को सिंपल ड्रेस और आरामदेह फुटवियर पहनने का आग्रह किया जाएगा। इसके बाद मेला रूज इवेंट होगा। इसमें चमकदार भारतीय ड्रेसेस अहम रहेंगी। तीसरे दिन की थीम टस्कर टेल्स रखी गई है। इसमें ड्रेस कोड कैजुअल ठाठ रखा गया है। इस इवेंट में जामनगर की संस्कृति से प्रेरित पारंपरिक ड्रेसेस पर फोकस रहेगा। समापन इवेंट का शीर्षक हस्ताक्षर है। इसमें ड्रेस कोड हेरिटेज वियर रहेगा।







### विदेश के मेहमानों को भी मिला न्योता

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी इवांका, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग, माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स, अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण, वॉल्ट डिज्नी के सीईओ बॉब इगर, ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक, एडनोक के सीईओ सुल्तान अहमद अल जाबेर शामिल हैं। भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों गौतम अडाणी, टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला, गोदरेज परिवार, इन्फोसिस के प्रमुख नंदन नीलेकणि, आरपीएसजी समूह के प्रमुख संजीव गोयनका, विप्रो के ऋषद प्रेमजी, बैंकर उदय कोटक को भी इन समारोहों के लिए आमंत्रित किया गया है।

### बाहुबली की टीम सेट तैयार कर रही

प्री- वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए दो महीने से भव्य मुंब सेट का निर्माण चल रहा है। बाहुबली फिल्म ने में सेट डिजाइनर्स इसे तैयार कर रहे हैं। सेट बेट की डिजाइन शीश महल जैसी रखी गई है। इसके अलावा गुजरात की महिलाएं शादी के लिए बांधनी स्कार्फ तैयार कर रही हैं। रिलायंस फाउंडेशन ने इससे जुड़ा वीडियो शेयर किया, चेयरपर्सन नीता अंबानी भी इन महिलाओं के साथ नजर आ रहीं हैं।